बालाघाट
मंगलवार 26 नवम्बर 2024
मार्गशीर्ष कृष्ण 11 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 64
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक
E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### अंडमान के पास 6 हजार किलो ड्रग्स जब्त

नई दिल्ली। इंडियन कोस्ट गार्ड ने अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास से 6 हजार किलो की ड्रग्स जब्त की है। कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास एक नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे। सभी को हिरासत में लिया गया है। कोस्टगार्ड के अधिकारी ने बताया कि 24 नवंबर को कोस्टगार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पैट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी। ड्रग्स स्मगलिंग का शक होने पर पायलट ने बोट के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बोट की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगे। पायलट ने पोर्ट ब्लेयर पुलिस को सूचित किया। कुछ देर बाद पुलिस और कोस्टगार्ड ने मिलकर बोट को पकड़ लिया। जब बोट से तलाशी ली गई तो उसमें करोड़ों रुपए की ड्रग्स मिली। इसकी भारत में तस्करी होनी थी। यह अब तक की सबसे बड़ी खेप थी, जो कोस्टगार्ड ने पकड़ी हो।

### गूगल मैप के सहारे अधूरे फ्लाईओवर पर दौड़ा दी कार

बरेली। वर्तमान में यहां फिर कभी भी तकनीक पर विश्वास करना ठीक है, लेकिन अति विश्वास करना ठीक नहीं है। इसी अति विश्वास का शिकार बरेली में तीन लोग हो गए। दरअसल बरेली जिले में दुखद घटना घटी, जहां एक अधूरे फ्लाईओवर से एक कार गहरी खाई में गिर गई, इसमें तीन लोगों की मौत हुई। यह घटना शनिवार को हुई, जब दो व्यक्ति, विवेक और अमित और अन्य, गुरुग्राम से शादी के लिए बरेली जा रहे थे। वे दिशा-निर्देशों के लिए गूगल मैप्स का उपयोग कर रहे थे, जो अधूरे फ्लाईओवर से होकर दूरी तक पहुँचने का सबसे तेज मार्ग दिखा रहा था। पुलिस ने बताया कि बरेली जिले में तीन लोगों की मौत हुई, जब गूगल मैप पर उनकी कार गलत तरीके से निर्माणधीन पुल पर ले गई और कार नदी में गिर गई। पीड़ितों में से दो की पहचान विवेक और अमित के रूप में हुई, जिन्होंने गुरुग्राम से अपनी यात्रा शुरू की और एक शादी में शामिल होने के लिए बरेली जा रहे थे। वे लोग समारोह स्थल तक पहुँचने के लिए गूगल मैप्स पर निर्भर थे, तभी उनका जीपीएस उन्हें अधूरे फ्लाईओवर पर ले गया।

### अमित शाह से मुलाकात करने देवेंद्र फडणवीस पहुंचे दिल्ली

मुंबई। महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान 26 नवंबर तक हो सकता है। देवेंद्र फडणवीस गृह मंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंच चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, वह रात करीब 11 बजे अमित शाह से मिलेंगे। इसके बाद ही मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों का दावा है मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो चुका है। एक मुख्यमंत्री और 2 उपमुख्यमंत्री का फॉर्मूला नई सरकार पर भी लागू रहेगा। महायुति की पार्टियों में हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला भी तय हो चुका है। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिंदे गुट के10-12 और अजित गुट के 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। राज्य में 26 नवंबर तक सरकार का गठन होना है। इसकी वजह ये है कि विधानसभा का कार्यकाल इस दिन खत्म हो रहा है, सरकार गठित न होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा। दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री में हुई बैठक में आदित्य ठाकरे को विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों में पार्टी का संयुक्त नेता चुना गया है।

# संसद का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ा

## अब 27 नवंबर को होगी सदन की कार्यवाही

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हुआ, लेकिन कार्यवाही शुरू होते ही यह विपक्ष के हंगामें की भेंट चढ़ गई। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी समेत कई अन्य विपक्षी दलों ने संभल में मारे गए मुस्लिम उपद्रवियों के लिए कथित न्याय की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने तो अडानी को लेकर हंगामा खड़ा करने की कोशिशें की। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा को पहले एक घंटे और फिर 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

संसदीय प्रक्रिया को नजरअंदाज करते हुए विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर तत्काल चर्चा करने पर अड़ा हुआ था। हालांकि, स्पीकर ओम बिरला ने हंगामे के चलते सदन को ही स्थगित कर दिया।



**संसद का शीतकालीन सत्र-2024**

| 18वीं लोकसभा का तीसरा सत्र | 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक 19 बैठक | पेश होने वाले विधेयक 16 |
|---|---|---|

### शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने हैं 16 बिल

गौरतलब है कि 20 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र को 20 दिसंबर तक चलना है, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि बिलों को पास कराने में सरकार को खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। सरकार के पास 25 दिनों का समय शेष है और इतने ही दिनों में 16 विधेयकों को लोकसभा और राज्यसभा में पेश किया जाना है।

### टीएमसी सांसद बोले- वक्फ बोर्ड पर जल्दबाजी में रिपोर्ट नहीं दे सकते

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर ज्वाइंट सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, हमने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की है। टीएमसी अध्यक्ष हमारी बात नहीं सुन रहे हैं। जल्दबाजी में रिपोर्ट नहीं दी जा सकती। स्पीकर ने कहा कि वह हमारी भावनाओं का सम्मान करते हैं और वह कमेटी का कार्यकाल बढ़ाएंगे, सभी की बात सुनी जाएगी। ओम बिड़ला से विपक्ष के कई नेताओं ने मुलाकात की।

### जिन बिलों सदन में पेश किया जाना है उनमें

संसद के सत्र के दौरान 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, बिल ऑफ लैडिंग विधेयक, समुद्री मार्ग से माल ढुलाई विधेयक, रेलवे (संशोधन) विधेयक, बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक और तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, बॉयलर्स बिल, राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय बिल, पंजाब न्यायालय (संशोधन) बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, तटीय शिपिंग बिल और भारतीय बंदरगाह बिल सूची में शामिल हैं।

# अडानी मामले पर चर्चा कराने की मांग को लेकर

## राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

सोमवार से शुरु हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा की बैठक शुरु होने पर सदन ने दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि नियम 267 के तहत उन्हें कुल 13 नोटिस मिले हैं। इसके बाद



अडाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों के रिश्वतखोरी के आरोपों के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा कर दिया जिसके चलते सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, कांग्रेस के नीरज डांगी, प्रमोद तिवारी और अखिलेश प्रसाद सिंह और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह समेत अन्य सदस्यों ने अडाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों के रिश्वतखोरी के आरोपों पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर नोटिस दिए थे। आप के राघव चड्ढा समेत विपक्ष के कुछ अन्य सदस्यों ने मणिपुर हिंसा और यूपी के संभल में हुई हिंसा के मुद्दे पर नोटिस दिए थे। सभापति धनखड़ ने इन सभी नोटिस को अस्वीकार कर दिया और खड़गे को अपनी बात रखने का मौका दिया। खड़गे ने कहा कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर है। उन्होंने कहा कि यदि सूचीबद्ध कामकाज को निलंबित कर दिया जाता है तो विपक्षी सदस्य बता सकते हैं कि यह बहुत ही अहम मुद्दा है जो पूरे देश को कैसे प्रभावित कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक स्तर पर देश की छवि खराब हुई और फिर भी पीएम मोदी अडाणी का समर्थन कर रहे हैं।

## ना कटना ना बंटना, घर में जितने सदस्य उतने हथियार रखना

वाराणसी। काशी में पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा चल रही है। यहां कथा सुनने करीब तीन लाख लोग सुनने जा रहे हैं। पं. प्रदीप मिश्रा ने यूपी के सीएम योगी के बंटोगे तो कटोगे वाले नारे का समर्थन करते हुए कहा कि बंटना भी मत-कटना भी मत। राष्ट्र रक्षा के लिए घर में जितने सदस्य, उतने शस्त्र भी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा के लिए माला और भाला दोनों जरूरी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर कहा- जो सनातन का है, वो उसको ही मिलना चाहिए। हिंदू यात्रा को विभाजन की राजनीति बताने पर प्रदीप ने कहा कि ?सभी सनातनियों को एक होना ही चाहिए। यूपी में लगातार बढ़ रहे धार्मिक टूरिज्म पर कहा कि अब लोग गोवा और मुंबई घूमने नहीं जाते, मंदिर और तीर्थ जाते हैं। कम उम्र के लड़के टैटू में डिजाइन नहीं, श्लोक और मंत्र लिखवा रहे हैं। यही सनातन का बदलाव है।???? वहीं उन्होंने कहा कि मैं देश के लोगों से कहना चाहूंगा कि धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिए जब माला और भाला की जरूरत हो, तो दोनों उठाने पड़ते हैं। जैसा कि हमारे योगीजी ने कहा कि बंटोगे तो कटोगे। इसलिए निवेदन है कि बंटना भी मत और कटना भी मत। निवेदन है कि राष्ट्र रक्षा के लिए और सनातन की रक्षा के लिए घर में जितने सदस्य हैं, उतने शस्त्र होने जरूरी है। वहीं, देर रात जब कथा खत्म हुई तो वहां अफरातफरी मच गई। पुलिस फोर्स ने लोगों को संभाला।

# राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी वाला रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

## संभल हिंसा पर राहुल और प्रियंका गांधी ने बीजेपी सरकार को बताया जिम्मेदार

नई दिल्ली। यूपी के संभल में रविवार को शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूपी की बीजेपी सरकार पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- संभल, यूपी में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी वाला रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई



कार्रवाई ने माहौल बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना, जिसकी सीधी जिम्मेदार बीजेपी सरकार है। उन्होंने कहा की बीजेपी का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना ना प्रदेश के हित में है और ना ही देश हित में। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं।

राहुल गांधी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह तय करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े। इससे पहले प्रियंका गांधी ने संभल में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि संभल में अचानक उठे विवाद को लेकर बीजेपी सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने संवेदनशील मामले में बिना दूसरा पक्ष सुने, बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए जिस तरह हड़बड़ी के साथ कार्रवाई की, वह दिखाता है कि सरकार ने खुद माहौल बिगाड़ा है। प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया और कर्तव्य का पालन भी जरूरी नहीं समझा। सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। प्रदेश की जनता से मेरी अपील है कि वह शांति बनाए रखें।

## गृह मंत्रालय का आदेश, बिहार वापस लौटेंगे आईपीएस कुंदन कृष्णन



नई दिल्ली। बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी कुंदन कृष्णन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से गृह राज्य वापस लौटेंगे। इसे लेकर गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। कुंदन फिलहाल सीआईएसएफ के एडीजी पद पर हैं। सूत्रों के मुताबिक, बिहार लौटने के बाद उन्हें नीतीश सरकार अहम जिम्मेदारी दे सकती है। पटना जिले में एसपी रहने के दौरान अपराधियों और माफियाओं के बीच उनके नाम का खौफ था। 1994 बैच के आईपीएस कुंदन कृष्णन की छवि कड़क और तेजतर्रार अधिकारी की रही है। वे पटना के एसएसपी व जोनल आईजी भी रह चुके हैं। आईजी (ऑपरेशन) के रूप में नक्सलियों के नेटवर्क को तोड़ने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

### जग कुंदर एके 47 लेकर पहुंच गए जेल

कुंदन कृष्णन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा के रहने वाले हैं। कुंदन एजीडी हेडक्वार्टर में भी कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। कुंदन कृष्णन से जुड़ी 2002 की एक घटना काफी चर्चा में रही, जब वो छपरा में एसपी पद पर थे। उस समय 1200 कैदी जेल में नियमों और व्यवस्थाओं को लेकर आक्रोशित थे। कुंदन को जैसे ही इस बात की सूचना मिली, वो एके 47 लेकर खुद कैदियों का सामना करने पहुंच गए।

दिल्ली के प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# प्रदूषण कम होने तक लागू रहेगा ग्रैप-4...

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कहा कि प्रदूषण कम होने तक दिल्ली में ग्रैप-4 लागू रहेगा। उधर, स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2024 की रिपोर्ट बताती है कि वायु प्रदूषण तंबाकू से भी ज्यादा खतरनाक होता है। दुनिया में होने वाली हर आठ में से एक मौत का कारण वायु प्रदूषण होता है? रिपोर्ट बताती है कि 2021 में दुनियाभर में तंबाकू की वजह से अनुमानित 75 से 76 लाख मौतें हुई होंगी। जबकि, वायु प्रदूषण के कारण 81 लाख मौतें। यानी, दुनिया में 12 प्रतिशत मौतों का कारण जहरीली हवा है। वहीं, दुनियाभर में हर साल एक करोड़ से ज्यादा मौतें हाई ब्लडप्रेशर के कारण होती हैं।

ये बातें इसलिए चिंता बढ़ाती हैं, क्योंकि राजधानी दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर 500 के करीब पहुंच गया है। यानी अब यहां एक्यूआई गंभीर की श्रेणी में



आ गया है। जब ये गंभीर की श्रेणी में आ जाता है तो अच्छे-खासे तंदरुस्त लोग भी बीमार पड़ सकते हैं। ये रिपोर्ट बताती है कि सबसे बड़ा रिस्क पीएम 2.5 है। पीएम 2.5 का मतलब है 2.5 माइक्रोन का कण। ये बहुत ही महीन कण होता है। इसे ऐसे समझिए कि ये इंसान के बाल से भी 100 गुना ज्यादा पतला होता है। ये इतना छोटा है कि नाक और मुंह के जरिए हमारे शरीर में घुस जाता है। जैसे ही ये हमारे शरीर में आता है तो दिल और फेफड़ों को प्रभावित करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में पीएम 2.5 के कारण 78 लाख मौतें हुई थीं। यानी, वायु प्रदूषण के कारण जितनी मौतें हुई थीं, उनमें से 96 फीसदी से ज्यादा की वजह यही कण था। इतना ही नहीं, वायु प्रदूषण के कारण होने वाली 90 फीसदी से ज्यादा बीमारियों का कारण भी यही छोटा सा कण होता है।

### सबसे खतरनाक पीएम2.5

2024 की स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की रिपोर्ट बताती है कि 2021 में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण जहरीली हवा ही थी। सबसे ज्यादा खतरा साउथ एशियाई और अफ्रीकी देशों पर है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 81 लाख मौतों में से 58 फीसदी की वजह वातावरण में मौजूद प्रदूषण रहा। जबकि, 38 फीसदी मौतें घरों के अंदर मौजूद प्रदूषण की वजह से हुई थीं। चिंता बढ़ाने वाली बात ये है कि पांच साल से छोटे बच्चों की मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी वायु प्रदूषण ही है। इतने छोटे बच्चों की मौतों की सबसे बड़ी वजह है। जबकि, वायु प्रदूषण के कारण 2021 में पांच साल से छोटे 7 लाख से ज्यादा बच्चों की मौत हुई थी। इतना ही नहीं, साउथ एशिया और अफ्रीकी देशों में जन्म के बाद पहले महीने में होने वाली 30 फीसदी से ज्यादा मौतों का कारण भी जहरीली हवा ही है।

### भारत के लिए कितना बड़ा खतरा

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल तंबाकू की वजह से 10 लाख के आसपास लोग मारे जाते हैं। जबकि, वायु प्रदूषण के कारण 21 लाख लोग मारे गए थे। यानी, लगभग दोगुना। इस हिसाब से देखा जाए तो भारत में हर महीने औसतन 1.75 लाख और हर दिन 5,753 लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हो जाती है।

# संभल हिंसा की होगी मजिस्ट्रियल जांच

### सपा सांसद-विधायक समेत 2700 पर एफआईआर, 25 गिरफ्तार

संभल। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने सोमवार को कहा कि संभल हिंसा की मजिस्ट्रियल जांच होगी। मुरादाबाद कमिश्नर ने कहा कि संभल में हालात कंट्रोल में हैं। उस इलाके को छोड़कर जहां हिंसा हुई थी, अन्य इलाकों में दुकानें खुली हैं और स्थिति सामान्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के साक्ष्य मिल रहे हैं, दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और एनएसए लगाया जाएगा। इस बीच संभल में 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मामले में सरथल पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक राठी की ओर से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल समेत 800 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन पर भीड़ को भड़काने का आरोप है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर दीपक राठी पथराव और? हिंसा की घटना में घायल हो गए थे।

### संभल सीओ अनुज चौधरी के पैर में गोली लगी

सर्वे टीम में शामिल सीओ संभल अनुज चौधरी के द्वारा भीड़ को रोकने का प्रयास किया गया, तो उनकी तरफ से फायरिंग की गई। सीओ अनुज चौधरी के पैर में गोली लगी है। उन्होंने 700 से 800 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एकता चौकी प्रभारी संजीव कुमार के द्वारा मैगजीन और टियर गैस लूटने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। दूसरी जगह पर पथराव की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसएसपी पीआरओ पर भी फायर किया गया। उनके पैर में गोली लगी है। उनके द्वारा भी डेढ़ सौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। संभल कोतवाली से 22 और नखासा थाना से 3 लोगों सहित कुल 25 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# रेलवे को 617 पेड़ काटने पर लगाने होंगे 6170 पेड़

## राजस्थान हाईकोर्ट ने रेलवे के प्रोजेक्ट को शर्त के साथ दी मंजूरी

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए रेलवे के प्रोजेक्ट को एक अनोखी शर्त के साथ मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि मल्टी कार्गो टर्मिनल प्रोजेक्ट के तहत काटे जाने वाले 617 पेड़ों के बदले 10 गुना यानी 6170 पेड़ लगाए जाएं। यह आदेश जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की पीठ ने मेरिडियन फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि प्रशासन और संबंधित अधिकारियों ने पेड़ काटने की अनुमति देने से पहले ऐसे विकल्पों की जांच नहीं की, जिनसे कम से कम नुकसान हो। याचिका में एनओसी और पेड़ों की नीलामी के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि वन विभाग और राजस्व विभाग ने प्रोजेक्ट के लिए सभी जरुरी एनओसी जारी की है। साथ ही पांच गुना पेड़ लगाने की शर्त भी जोड़ी थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि कंपनी ने केवल 500 पेड़ लगाने की जानकारी दी, जो तय संख्या से काफी कम है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रोजेक्ट को मंजूरी देते हुए, फैसला सुनाया कि काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए रेलवे को 10 गुना पेड़ लगाने होंगे। बता दें रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत सांभर-फुलेरा तहसील में मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई जमीन पर 617 पेड़ हैं, जिनमें 565 खेजड़ी के पेड़ शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान का राज्य वृक्ष का दर्जा हासिल है और यह पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण भी है। यह फैसला पर्यावरण संरक्षण और विकास कार्यों के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे यह तय होगा कि विकास कार्यों के साथ-साथ प्रकृति की भी रक्षा की जा सके।

# संविधान की प्रस्तावना से नहीं हटेंगे धर्म निरपेक्ष और समाजवाद

नई दिल्ली। भारतीय संविधान की प्रस्तावना से धर्म निरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाने की मांग करने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन अमान्य नहीं हो सकता। 1976 में इमरजेंसी के दौरान संविधान संशोधन के जरिये प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़े गए थे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में दाखिल याचिका पर विस्तार से सुनवाई की कोई जरूरत नहीं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मामले को लार्जर बेंच रेफर करने से इनकार कर दिया था और मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। सीजेआई की बेंच ने कहा कि धर्म निरपेक्ष और समाजवाद शब्द संविधान में 1976 में किए गए संशोधन के तहत जोड़े गए थे और इसे 1949 से लागू कर दिया गया था, लेकिन इससे इसकी वैधता प्रभावित नहीं होती है। 1949 यानी पहले के प्रभाव से लागू होने से तथ्यों पर कोई असर नहीं पड़ता है। अदालत ने कहा कि संसद को संविधान की प्रस्तावना को संशोधित करने का अधिकार है और संशोधन की वैधता पर अब सवाल नहीं उठाए जा सकते। संसद को संविधान में संशोधन का जो अधिकार मिला हुआ है, वह प्रस्तावना पर भी लागू होता है। प्रस्तावना संविधान का हिस्सा है और इसे अलग नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय संदर्भ में सोशलिस्ट का



अर्थ वेलफेयर ऑफ स्टेट से है। भारत में समाजवाद का मतलब अलग संदर्भ में है। यह राज्य को लोगों के वेलफेयर और समान अवसर प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। सेक्युलर शब्द के बारे में उन्होंने कहा कि यह संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का भाग है। यह बात एसआर बोम्मी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि प्रस्तावना बेसिक स्ट्रक्चर का भाग है।

### आपातकाल में किया गया संशोधन वैध नहीं

मामले की सुनवाई के दौरान याचिकर्ताओं ने दलील दी कि यह संविधान संशोधन आपातकाल के दौरान हुआ था तब लोगों को इस मामले में पक्ष रखने का मौका नहीं मिला। साथ ही यह मूल ढांचा में बदलाव था। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि प्रस्तावना में संशोधन का अधिकार सिर्फ संविधान सभा को था। साथ ही इस संशोधन को राज्यों से मंजूरी भी नहीं ली गई थी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी में कहा था कि संशोधन प्रक्रिया पर आपातकाल की परिस्थितियों का असर नहीं पड़ता और जिस दौरान किए गए संसद के निर्णय को अमान्य नहीं किया जा सकता।

# महिला समूह के लिए आफत बने धान खरीदी के नए आदेश ?

## 10 लाख और प्रॉपर्टी के दस्तावेज जमा करो,तब महिला समूह को मिलेगा धान खरीदी का कार्य

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा करीब 3 वर्ष पूर्व महिला समूह के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य कराया गया था। इसका उद्देश्य यही था कि इससे महिलाओं को काम मिलेगा, उनकी आय बढ़ेगी और महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनेगी। जहां 2 वर्षों तक सरकार ने महिला स्वसहायता समूहों को उपार्जन का कार्य देकर समूह से जुड़ी महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। लेकिन इस 2024- 25 वर्ष में शायद ऐसा नही हो सकेगा।क्यो की इस वर्ष महिला स्वसहायता समूहों से उपार्जन का कार्य कराने के लिए शासन स्तर से कुछ मापदंड निर्धारित कर दिए गए है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण ये है कि यदि स्व सहायता समूह की महिलाएं समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य करना चहाती है तो उसे सर्वप्रथम 10 लाख रुपये की राशि जिला प्रबंधक कार्यालय में जमा करना पड़ेगा। जिसके बाद महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव के नाम से विक्रय योग्य कृषि भूमि के दस्तावेज वो भी मय शपथ पत्र जमा करना पड़ेगा। सरकार के इस आदेशों के चलते महिला स्व सहायता समूह इस वर्ष धान खरीदी के कार्य के लिए आगे नहीं आ रही है। शायद यही वजह है कि अब तक किसी भी महिला स्व सहायता समूह ने धान खरीदी के लिए अपना पंजीयन नहीं कराया है ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ऐसे में महिला आत्मनिर्भर कैसे बनेगी और महिला सशक्तिकरण कैसे होंगा।



### धान की उपज की शार्टेज होना भी मुख्य वजह

प्रदेश में प्रतिवर्ष होने वाली समर्थन मूल्य पर धान सहित अन्य उपज के खरीदी के कार्य में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने व खरीदी के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खरीदी का जिम्मा सौंपा गया था और कुछ साल तक महिलाओं के समूह ने आगे आकर खरीदी का कार्य भी किया, लेकिन कई समूह में खरीदी गई धान की उपज की शार्टेज हो जाने से न सिर्फ महिलाओं के समूहों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, बल्कि भुगतान न मिलने से वे कर्जदार भी हो गए है और अभी तक वे लोग सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे है।वहीं इस वर्ष सशर्त खरीदी का कार्य दिए जाने की बाध्यता के चलते एक भी समूह खरीदी के लिए अब तक सामने नहीं आया है जबकि खरीदी की पंजीयन, उपार्जन केंद्र सहित अन्य प्रक्रिया भी करीब-करीब पूर्ण हो चुकी हैं।

### जमा करना होगा 10 लाख नगद, बना दूरी का कारण

समर्थन मूल्य के कार्य के दौरान पिछले कुछ वर्षो में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा खरीदी का कार्य किए जाने पर हुई अनियमितता के चलते इस वर्ष उनके लिए कुछ मापदंड निर्धारित कर दिए गए है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण ये है कि यदि महिला समूह समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य करना चाहता है तो उसे सर्वप्रथम दस लाख रुपये की राशि जिला प्रबंधक कार्यालय में जमा करना पड़ेगा। जिसके बाद महिला स्वसहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव के नाम से विक्रय योग्य कृषि भूमि के दस्तावेज वो भी मय शपथ पत्र जमा करना पड़ेगा। शायद इसी कारण के चलते इस वर्ष बालाघाट जिले में अब तक किसी भी महिला स्व सहायता समूह ने समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य किए जाने के लिए अपना पंजीयन नहीं कराया हैं।

### 2022 व 2023 में 32 केंद्रों में महिलाओं ने किया खरीदी का कार्य

समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी के कार्य के दौरान 2022 व 2023 में 32 केंद्रों पर जिले की महिला स्व सहायता समूह ने समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य किया था। यहां खरीदी के बाद शार्टेज की समस्या उत्पन्न हो जाने से जहां समूह का लाखों का भुगतान नहीं हो पाने से उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। जिले के कई केंद्रों में तो अब खरीदी के कार्य के दौरान मजदूरों को दिए जाने वाला भुगतान तक नहीं दिया गया है। जिसके चलते ये कलेक्टर कार्यालय, खाद्य विभाग कार्यालय के चक्कर भी लगाते नजर आते हैं।

### कई महिला समूह को नही मिला पिछला भुगतान

बताया जा रहा है कि अब भी ऐसे कई महिला स्वसहायता समूह है। जिन्हें 2 वर्षो से उपार्जन कार्य का भुगतान नही किया गया है। और ना ही उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि वापस की जा रही है। ऐसे में जिले के विभिन्न केंद्रों पर समर्थन मूल्य में धान उपार्जन का कार्य करने वाली महिला समूहो को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और वे 2 वर्षो से बकाया उपार्जन कमीशन की राशि और शासन के पास जमा एफडी को वापस किए जाने की मांग कर रही है। लेकिन लाख जतन के बावजूद भी उन्हें ना तो उपार्जन का कमीशन मिल रहा है ना ही उनके द्वारा जमा कराई गई एफडी उन्हें वापस की जा रही है। उधर भुगतान ना होने के चलते समूह से जुड़ी महिलाओ का कमीशन, लेबर पेमेंट ,हैंडलिंग चार्ज, सहित अन्य कार्यों के भुगतान अटक गए है।वही इन स्वसहायता समूहों में काम करने वाले लोगो को भी भुगतान नही मिल पा रहा है। जिसको लेकर महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं काफी परेशान है जिसको लेकर वे आए दिनों शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। बावजूद इसके भी उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दो दिसंबर से शुरु हो जाएगी खरीदी

बता दें कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य दो दिसंबर से शुरु किया जा रहा है। इसके लिए बालाघाट जिले में अभी तक 01 लाख 30 हजार 810 किसानों का पंजीयन भी किया जा चुका है और 185 खरीदी भी बना दिए गए है। वहीं पिछले वर्ष 01 लाख 75 हजार 96 किसानों से खरीदी का कार्य किया गया था। 02 दिसंबर से शुरु हो रही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य 20 जनवरी तक किया जाएगा।

### जो दिशा निर्देश मिले है उसी के तहत कार्य कराया जाएगा-ज्योति बघेल

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल आर्य ने बताया कि एनआरएलम की महिला समूह को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य दिए जाने के लिए 18 नवंबर को शासन का पत्र आया है। उसमें गाइडलाइन तय की गई है और यह पत्र संबंधितों को भिजवा दिया गया है, लेकिन अभी तक पंजीयन के लिए कोई समूह नहीं आया है। पिछले बार समर्थन मूल्य पर समूह द्वारा किए गए खरीदी कार्य में शार्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई थी। हमे जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं उसी के अनुसार कार्य कराया जाएगा।

# समता भवन बालाघाट में बौद्ध सम्मेलन 8 दिसंबर को

## भारतीय संविधान दिवस की 75वीं हीरक जयंती व बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट का 50वां स्वर्ण जयंती समारोह होगा संपन्न

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में आगामी 17 नवंबर को समता भवन बूढ़ी बालाघाट में बौद्ध धम्म सम्मेलन आयोजित किया गया था, किंतु अपरिहार्य कारण उसे सामाजिक धार्मिक हितों को ध्यान में रख स्थगित किया गया था। अब ये कार्यक्रम आगामी 8 दिसंबर 2024 को समता भवन बालाघाट में दोपहर 11 बजे से आयोजित होगा। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के संस्थापक मुंशी एनएल खोबरागड़े के परिवार के सदस्य मिलिंद बौद्ध भोपाल (प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्किंग मप्र) के मुख्य अतिथि में, कार्यक्रम के उद्घाटक इंजीनियर आरसी तिरपुंडे वरिष्ठ सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता पूर्व अध्यक्ष जिला स्तरीय जयंती समारोह बालाघाट विशेष अथिति प्रसिद्ध अधिवक्ता लोक डोंगरे (भूतपूर्व जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) रविंद्र बांगरे (भूतपूर्व जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) एलडी मेश्राम (भूतपूर्व जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) इंजीनियर अजय रावतकर (भूतपूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालाघाट ) सहित अन्य अतिथि होंगे। आयोजको द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में बुद्ध अंबेडकर मिशन से संबंधित कार्यक्रम सदैव आयोजित होते रहते है। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के माध्यम से सामाजिक धार्मिक विवादों का निराकरण किया जाता रहा है। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट को विध्वंस करने वाले तथाकथित लोगों के द्वारा विगत वर्ष को रमा बाई बौद्ध विहार वारासिवनी में बैठक आयोजित कर संगठन को तोड़ने का अनायास प्रयास किए थे। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में समता भवन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को संगठन का विधिक रूप से जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के रूप में एलान किया गया था और अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने संगठन को स्थाई रूप से मजबूत बनाने के लिए स्वय से 38800 रुपये का चालान रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं जबलपुर में वर्ष 2013 से वर्ष 2024 तक की राशि जमा किए, किंतु संगठन को विध्वंस करने वाले लोग समाज को गुमराह करने का कार्य करते रहते है। समाज के बीच भ्रांतियां को दूर करने व संगठन को विध्वंस करने वाले तथाकथित लोगों के चेहरे समाज के बीच लाने का प्रयास किया जाएगा। परम् पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर जी के द्वारा रचित भारतीय संविधान को 26 नवंबर 2024 को अंतरिम रूप से स्वीकार किया गया था, जिसकी 75वीं वर्षगांठ 26 नवंबर को होगी। साथ ही बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट की स्थापना 3 अक्टूबर 1974 को की गई थी। जिसकी स्थापना के 3 अक्टूबर को 50 वर्ष पूर्ण हो चुके है। भारतीय संविधान दिवस की हीरक जयंती व बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट की स्वर्ण जयंती समारोह संयुक्त तत्वावधान में समता भवन बूढ़ी बालाघाट में 8 दिसंबर 2024 को दोपहर 11 बजे से संपन्न होगा।



# फरार भाजपा नेता भूपेंद्र सोहागपूरे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एक युवती का देहशोषण करने के मामले में फंसे भाजपा नेता भूपेंद्र सोहागपुरे की यहां की विशेष अदालत ने अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई। भूपेंद्र सोहागपुरे इन दोनों इस मामले में फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। ज्ञात ही कि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे के विरुद्ध एक माध्यमिक शिक्षिका ने 2008 से 2024 के दरमियांन शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाई हैं। इस मामले में इस शिक्षिका द्वारा की गई रिपोर्ट पर भूपेंद्र सोहागपूरे के विरुद्ध इस शिक्षिका का शारीरिक शोषण, जान से मारने की धमकी देने और जातिगत रूप से अपमानित करने का अपराध महिला थाने में दर्ज किया गया है। जिसकी जांच विवेचना की जा रही है। 18 नवंबर को महिला पुलिस थाने में दर्ज किए गए अपराध के बाद भाजपा के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपूरे फरार है। फरार भूपेंद्र सोहागपूरे की अग्रिम जमानत याचिका बालाघाट के अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के विशेष न्यायाधीश के एस बारिया की विद्वान अदालत में पेश की गई थी। विद्वान अदालत ने इस मामले की गंभीर प्रकृति को देखते हुए भूपेंद्र सोहागपुरे की। अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

जमीने बिकाऊ है
सागौन प्लांटेशन
ढूटी रोड लामता में
•3 एकड़ जमीन
800 पेड़ सहित
सिंचाई विभाग से
बिजली ऑफिस तक
•2.5 एकड़ जमीन
600 पेड़ सहित
सिंचाई विभाग के सामने
संपर्क सूत्र-9412372530
9219659012, 9557122204

# बगदरा नर्मदा मेले में आयोजित कुश्ती में प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्ष जिला मुख्यालय से निकट ग्राम बगदरा में नर्मदा मेले का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा के बाद किया जाता है। जहां प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी ग्राम बगदरा में नर्मदा मेला का आयोजन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं आजू-बाजू के सैकड़ो गांव के लोगों का जमावड़ा दिखाई



दिया। यहां पर आयोजन समिति द्वारा कुश्ती का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले भर के पहलवानों ने अपने पहलवानी के जौहर दिखाएं। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत पहुंचे। जहां उन्होंने सभी पहलवान प्रतिभागियों से मुलाकात की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान बगदरा में वृद्ध जनों एवं बूढ़े बच्चों से मिले एवं सभी उनसे मिलकर बड़े प्रसन्न हुए। ग्रामीण जनता को अपने उद्बोधन में कहा कि मेले मंडई से अपने पुराने रीति रिवाज जीवंत है जिस तरह पुराने जमाने में खेती किसानी का काम समाप्त होने के बाद मेले मंडई का आयोजन किया जाता था।आज भी यह परंपरा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही है। जिससे हमें अपनी परंपराओं को निभाने की याद आती है और हम अपने जमीन से जुड़कर परंपराओं का निर्वहन करते हैं इसी तरह हमें अपने धर्म और परंपराओं का पालन करके नियमों के अनुसार सभी कार्यक्रमों एवं धार्मिक त्योहारों को मनाना चाहिए। इस तरह के कुश्ती के आयोजन से युवा कुछ पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजनों में युवा पहलवान अपनी प्रतिभा दिखाएं। भविष्य में उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का इस तरह के मंचों के माध्यम से मौका मिलता है और यही मौका मिलने से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भविष्य में बन सकते हैं।

# हम होगे कामयाब पखवाड़े का हुआ शुभारम्भ

## टीएल से पूर्व देखा पीपीटी प्रेजेंटेशन, आज फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओ का होगा जेंडर संवेदीकरण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में हम होंगे कामयाब पखवाड़े का शुभारम्भ शुरू हो गया है। जिसके अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मांगोदिया के द्वारा टीएल बैठक से पूर्व सभी विभागीय अधिकारियों के साथ पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पखवाड़ा का उद्देश्य एवं संबंधित विभागों द्वारा की जानी वाली दैनिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि जेंडर आधारित हिंसा एवं अपराध की रोकथाम के लिए 25 नवंबर से 10 दिसम्बर तक वृहद स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाना है। इसी तारतम्य जिले में संचालित विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में, स्कूल,महिला ग्रह, बालक एवं बालिका गृहों में महिला सुरक्षा संवाद सुना गया ।



### हम होंगे कामयाब पखवाड़े के तहत होने वाली गतिविधियां

हम होंगे कामयाब पखवाड़े अंतर्गत 10 दिसम्बर तक निरंतर गतिविधियां क्रियांवित की जाएगी। मंगलवार 26 नवम्बर को फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओ के लिए जेंडर संवेदीकरण, 27 को बाल विवाह निषेध जागरूकता, 28 को सोशल मीडिया अभियान, 29 को घरेलू हिंसा रोकथाम, 30 को कानूनी जागरूकता कार्यशालायें आयोजित की जाएगी। इसी तरह 2 दिसम्बर को पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के संबंध में जागरूकता, 3 दिसम्बर समुदाय में जेंडर उन्मुखीकरण, 4 दिसम्बर संस्थागत संबंधों को मजबूत करना, 5 दिसम्बर सकारात्मक मर्दानगी/ पुरुषत्व विषय पर संवेदीकरण, 6 दिसम्बर आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता, 7 दिसम्बर महिलाओं का यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और 9 दिसम्बर को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# गौवंश का अवैध परिवहन करते वाहन हुआ जब्त, वाहन चालक फरार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। थाना प्रभारी कटंगी द्वारा 8 जून 24 को कलेक्टर मृणाल मीना को गौवंश के अवैध परिवहन के मामले में अवगत कराया गया। जिसमे अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन क्रमांक एमएच-16-एबी-4021 में गौवंश का अवैध परिवहन करना पाया गया। जिसके विरुद्ध मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,6,9 गौवंश प्रति, अधिनियम 11(1) घ, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वाहन को अधिहरण करने के पश्चात कार्यवाही न्यायालय कलेक्ट्रेड में प्रचलित है। चूंकि वाहन चालक/मालिक अज्ञात है, इसलिए नोटिस तामील कराया जाना संभव नही हो पा रहा है। वाहन चालक/मालिक की जानकारी लगते ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।


राकेश-रोशनी झंझाड़े
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं
- शुभेच्छु -
लक्ष्मीनारायण, श्रीमती अनुसुइया झंझाड़े, श्रीमती कांति अरविंद गाड़ेश्वर पूर्व सरपंच,
डॉ. सीके बघेल सरपंच, मोहनलाल भोगाड़े, अजीलाल दशरिये सहित समस्त झंझाड़े परिवार बुढ़ा ह.

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम.,
प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं
सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल
युवक/युवती की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी
आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल
द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय
शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक


अद्विता अग्रवाल
को प्रथम जन्मदिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं

- शुभेच्छु -
रामकिशोर अग्रवाल-दादा
गीता अग्रवाल - दादी
एवं समस्त पटवारी परिवार
रामपायली, जिला-बालाघाट

आवश्यकता है
चपरासी की
आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने
वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के
युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल
हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

आवश्यकता है
मेडिकल होलसेल/
रीटेल में कार्य
करने हेतु लड़के एवं
लड़कियों की अर्जेंट
आवश्यकता है
अनुभवी एवं कम्प्युटर
प्रशिक्षित को प्राथमिकता
-संपर्क करें-
मनीषा मेडिकोज, बालाघाट
मो. 7073101956

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# व्हाट्सएप पर आए शादी के कार्ड ने किया अकाउंट खाली

## साइबर ठग कर रहे शादी का कार्ड भेज कर साइबर ठगी, अलग-अलग माध्यम से लाखों रुपए की हुई साइबर ठगी, जिले में नहीं रूक रहा साइबर ठगी का ग्राफ

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर ठगी के ग्राफ को कम करने के लिए नित्य नये प्रयास कर आम जनता को साइबर ठगी से बचने के लिए जागृत कर रहे है तो वहीं साइबर ठगों द्वारा भी नित्य नए-नए लुभाने वादे एवं नए-नए तरीके से शहर की आम जनता को साइबर ठगी का निशाना बना रहे है, जिसमें शहर की भोली भाली जनता साइबर ठगों के नए-नए साइबर ठगी के जाल में फंसकर साइबर ठगी का शिकार हो रही है और शहर की जनता को लाखों रुपए से हाथ धोना पड़ रहा है, जिसके ऐसे ही कुछ मामले कोतवाली थाने के साइबर सेल में आए हैं जिनमें साइबर ठगों द्वारा अलग-अलग तीन मामलों में शहर की जनता से लगभग दो लाख रुपए तक की साइबर ठगी की गई है।**



### व्हाट्सएप पर शादी का कार्ड भेज कर की गयी ठगी

कोतवाली थाने के साइबर सेल में प्राप्त हुई शिकायत अनुसार साइबर सेल से मेघा तिवारी द्वारा बताया गया कि साइबर सेल में एक शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई है कि उनके मोबाइल पर किसी नए नंबर से एपीके फाइल के माध्यम से शादी का कार्ड भेजा गया, जिसे उनके द्वारा जब खोला गया तो उनके मोबाइल को साइबर ठगों द्वारा हैक कर लिया गया और उनके मोबाइल से फोन पे के माध्यम से 93,670 रूपये कट गए जिन्हें बाद में पता चला कि उनके द्वारा जो मोबाइल पर शादी का कार्ड एपीके फाइल के माध्यम से आया था, वह फाइल को इंस्टॉल करने की वजह से मोबाइल को साइबर ठगों द्वारा हैक कर लिया गया और उनके मोबाइल में फोन पे के माध्यम से उनकी राशि साइबर ठगों ने निकाली है जिसकी शिकायत उनके द्वारा कोतवाली थाने में साइबर सेल में की गई है।

### पुलिस अधिकारी बनकर साइबर ठगी

साइबर सेल में पहुंचे एक शिकायतकर्ता द्वारा पद्मेश न्यूज़ से अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया गया कि वह बिरसा क्षेत्र के रहने वाले हैं और उन्हें फोन पर कॉल आया कि मैं थाना प्रभारी बोल रहा हूँ और उनके ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच और रोजगार सहायक का नंबर दीजिए तब उक्त शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस अधिकारी के नाम से आए फोन के नंबर पर उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच और रोजगार सहायक का नंबर दे दिया गया, उसके बाद उन्हें उन्हीं के क्षेत्र का परिचित बता कर मोबाइल पर पैसे डाले जाने की बात कही गई , जिस पर शिकायत कर्ता का फोन पे नही होने के कारण उन्होंने अपने बड़े भाई के फोन पे नंबर और अकाउंट की जानकारी दी, जिसमें सबसे पहले एक नंबर से उनके नंबर पर फोन पे के माध्यम से 100 रूपये आए और उसके बाद उन्होंने कहा कि वह उनके मोबाइल पर 70,000 रूपये डाल रहे हैं , जिसके बाद उनके फोन पे पर दो बार में 70, 000 रुपए आ गए और उनके बताएं अनुसार धीरे-धीरे उनके अकाउंट से ऑटोमेटिक पैसे कटते गए, किंतु उन्हें बाद में पता चला कि उनके पास कोई पैसे नहीं आए थे, सिर्फ उन्हें शुरू में 100 रूपये ही प्राप्त हुए थे, उसके बाद उनके खाते से 70, 000 रुपए कट गए जिसकी उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज की है।

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर मोबाइल हैक कर ठगी

साइबर सेल थाने में एक और शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि उन्हें क्रेडिट कार्ड के एप के माध्यम से जानकारी लेने के दौरान उनका साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर लिया और देखते ही देखते कुछ ही घंटे में उनके मोबाइल में फोन पे के माध्यम से 20000 रूपये ठग लिए गए जिसकी शिकायत भी शिकायतकर्ता द्वारा साइबर थाने में दर्ज करवाई गई है।

# सर्व-सम्मति से संपन्न कराया गया क्षत्रिय मराठा कलार समाज का चुनाव

## संजीव धुवारे और मीना धुवारे अध्यक्ष मनोनीत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। क्षत्रिय मराठा कलार समाज जिला बालाघाट के जिलाध्यक्ष नोहरसिंह डोहरे के सफलतापूर्वक तीन वर्ष का निर्धारित कार्यकाल समाप्त होने पर नये जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर समाज की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। नगर के गोंदिया रोड स्थित एक होटल में बैठक के दौरान चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें उपस्थित प्रमुख अतिथियों द्वारा सर्व सम्मति से चुनाव संपन्न कराया गया।इसमें क्षत्रिय मराठा कलार समाज के जिलाध्यक्ष संजीव बाबा धुवारे व कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पिपलेवार को मनोनीत किया गया। इसके अलावा महिला समिति जिलाध्यक्ष पद पर श्रीमती दीपमाला (मीना) धुवारे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष नोहरसिंह डोहरे का स्वागत व सम्मान कर उनका विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उपस्थित स्वजातीयजनों ने नव-नियुक्त जिलाध्यक्षों को पुष्प गुच्छ भेंट कर व गुलाल का तिलक लगाकर बधाई दी गई। ढोल नगाड़ों की धुनों पर महिला व पुरूषों ने जमकर नृत्य कर खुशियां मनाई।चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षत्रिय मराठा कलार समाज के संरक्षक अनिल धुवारे, जिला सर्ववर्गीय कलार समाज अध्यक्ष अमृतलाल धुवारे, लखनलाल पालेवार, हुकुमचंद धुवारे, मदन पिपलेवार, युवराज धुवारे, यशवंत पिपलेवार, महेश डोहरे, सदनसाव सेवईवार, फेकनलाल डोहरे, छगनलाल बिजेवार, पूर्व महासचिव नीलू पिपलेवार, पूर्व महिला अध्यक्ष श्रीमती ममता पिपलेवार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




### समाज हित मे कार्य करने की पदाधिकारियों ने कही बात

चुनाव सम्पन्न होने पर समाज संगठन से जुड़े पदाधिकारियो ने समाज हित मे कार्य करने की बात कही इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नोहर डोहरे ने बताया कि अध्यक्ष पद पर रहकर समाजहित में कार्य करने का प्रयास किया गया है और आगे भी समाज संगठन के उत्थान व प्रगति के लिये सदैव साथ रहकर कार्य किया जाएंगा। इस दौरान कार्यकारी जिलाध्यक्ष संतोष पिपलेवार व महिला संगठन जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना धुवारे ने कहा कि समाज के लोगों द्वारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उनके विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। समाज को एकजुटता के सूत्र में पिरोकर समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिये व समाज हित में सदैव तत्परता के साथ कार्य किया जाएंगा।

### जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पालन किया जाएगा- धुवारे

चुनाव के बाद नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष संजीव धुवारे द्वारा गायखुरी वैनगंगा तट पर स्थित भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि समाज के लोगों द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरे कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ निवर्हन किया जाएंगा।समाज को एकजुट कर सामाजिक उत्थान करने पूरा प्रयास किया जाएंगा।

# संविधान दिवस एवं आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस आज

## जिला अस्पताल के निजीकरण को लेकर होगा विरोध प्रदर्शन, नगर में विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़) । मंगलवार 26 नवंबर को आम आदमी पार्टी स्थापना दिवस और राष्ट्रीय कार्यक्रम संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसको लेकर आप प्रदेश सचिव प्रशांत भाऊ मेश्राम, प्रदेश संयुक्त सचिव शिवशंकर यादव के संरक्षण में आम आदमी पार्टी बालाघाट के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर आप जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के समस्त आप पदाधिकारियों, वरिष्ठ साथियों, केजरीवालजी के संकल्प के साथ चलनेवाले सभी समर्पित साथियों और जमीनी सिपाहियों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने बताया कि बालाघाट मुख्यालय स्थित आम आदमी पार्टी जिला के प्रस्तावित वर्तमान जिला कार्यालय से आयोजित कार्यक्रमों में प्रस्तावित समय पर कार्यक्रम शुरू होंगे जिसमें आप जिला कार्यालय बालाघाट का विधिवत उद्घाटन समय दोपहर 1-बजे जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल के निवास, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, वार्ड नं.-25, प्रेमनगर में किया जाएगा।इसके पश्चात महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम हेतु बालाघाट मुख्यालय में बाइक रैली दोपहर 1.30 निकाली जाएगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,चंद्रशेखर आजाद,महाराणा प्रताप, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, बाबा साहेब आंबेडकर, डॉ विश्वेश्वरैया,रानी दुर्गावती,रानी अवंतीबाई ,शहीदे आजम भगतसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, किया जाएगा।इसके अलावा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जिला हॉस्पिटल बालाघाट का निजीकरण करने के फैसले के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा शांतिपूर्ण विरोध/ धरनाप्रदर्शन किया जाएगा। वही बालाघाट हॉस्पिटल के निजीकरण के फैसले के विरोध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालाघाट को ज्ञापन सौपा जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा की गई है।

# भाजपा में संगठन चुनाव हुए शुरू, 1675 बूथों में 1320 बूथों पर कमेटी का हुआ गठन

## 1 दिसंबर से मंडल अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव होंगे शुरू, दिसंबर में मिल जाएगा नया भाजपा जिला अध्यक्ष

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भाजपा संगठन के चुनाव शुरू हो गए हैं तो वहीं बूथ स्तर पर बहुत से बूथों में चुनाव संपन्न भी हो चुके हैं एवं 1 दिसंबर से मंडल अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव शुरू होना है जिसके लिए संगठन स्तर से सारी तैयारी कर ली गई है एवं हाल ही में भाजपा के संगठन से यह गाइडलाइन जारी की गई है कि 45 वर्ष से कम उम्र के मंडल अध्यक्ष बनाए जाएंगे एवं 60 वर्ष से कम के ही जिला अध्यक्ष के दावेदार होंगे एक बार फिर भाजपा संगठन में उम्र को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है जिसको लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे द्वारा बताया गया कि बूथ स्तर पर लगभग 1320 बूथों में चुनाव संपन्न हो गए हैं तो वही जल्द ही मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए वरिष्ठ स्तर पर एक बैठक आहूत की जानी है जिसमें 27 नवंबर को वह बैठक में सम्मिलित होंगे और दिए गए पार्टी के गाइडलाइन अनुसार कार्य करेंगे। आपको बता दे कि भाजपा संगठन के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जिले में भाजपा संगठन के चुनाव की शुरू हो गए है। सबसे पहले बूथ अध्यक्ष, मंत्री सहित 12 सदस्यो की कमेटी का निर्वाचन कराया जा रहा है। भाजपा संगठन के अनुसार जिले में 1675 बूथो में 1320 बूथ कमेटियों का निर्वाचन पूरा हो गया है और आगामी 30 नवंबर तक सभी 1675 बूथो का चुनाव करा लिया जाएगा। इससे पहले भाजपा का 23 अक्टूबर 24 नवंबर तक सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें 01 नवंबर से सक्रिय सदस्यता अभियान को 20 नवंबर तक चलना था लेकिन उसे बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। इसी बीच जिले में भाजपा के बूथो के चुनाव प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। भाजपा के बूथो का चुनावी डाटा ऑफलाईन के साथ ही ऑनलाईन भी संगठन एप में डाला जा रहा है, जिससे चुनाव के बाद, संगठन का पूरा डॉटा ऑनलाईन में होगा। जिससे संगठन जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ स्तर पर संगठन पदाधिकारी देख सकेंगें।

### दिसंबर में हो जाएंगे जिला अध्यक्ष के चुनाव - रामकिशोर कावरे

भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने बताया कि जिले में भाजपा संगठन के बूथ, मंडल और जिला अध्यक्ष की पूरी चुनाव प्रक्रिया, इंदौर संभाग प्रभारी और जिला चुनाव अधिकारी राघवेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में हो रही है। जिसमें संगठन की ओर से बूथ के चुनाव शक्ति केन्द्र संगठन पूर्व सहयोगी की मौजूदगी में हो रहे है तो मंडल के चुनाव, मंडल प्रभारियों के मौजूदगी में कराए जाएंगे। उन्होने बताया कि मंडल चुनाव में ऐसे सक्रिय सदस्य, जिन्होंने 50 प्राथमिकी सदस्य बनाए है, वह ही मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, जबकि जिलाध्यक्ष के चुनाव में मंडल अध्यक्ष और सक्रिय सदस्य हिस्सा लेंगे।



### जिलाध्यक्ष का नही दिख रहा कोई बड़ा चेहरा

वर्तमान भाजपा अध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे है और जिस तरह से संगठन में उनकी अलग-अलग, नेताओं के गुटो में पकड़ है, उससे ऐसा माना जा रहा है कि, भाजपा में संगठन जिलाध्यक्ष के सर्वसम्मति से मनोनित होने वाले अध्यक्ष में उनका कोई प्रबल विरोधी नहीं है और अब तक संगठनात्मक कार्यो में उनकी कोई कमी भी दिखाई नहीं दे रही है। जिससे संगठन, नए अध्यक्ष के रूप में उन्हें रिपिट कर सकता है, जिसका एक और प्रमुख कारण, भाजपा में अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा चेहरा नहीं होना है।

# कई गांवो में नल जल योजना का कार्य अधूरा

## घर-घर नल के जल के लिए तरस रहे ग्रामीण, ग्राम पंचायत रट्टा का भंडारखोह और पेंदीटोला का मामला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एक ओर शासन प्रशासन द्वारा गांव-गाव तक नल जल योजना के तहत घर- घर नल का जल 24 घंटे उपलब्ध कराए जाने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही नल जल योजना अब भी अधूरी है। जहां घर-घर पाइपलाइन बिछाकर नल का जल पहुंचने के इंतजाम तो कर दिए गए हैं। लेकिन अब तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं कराया गया है। तो वही कई जगह अब तक यह योजना शुरू भी नहीं हो पाई है। जिसके चलते ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना का कार्य पूर्ण रूप से ठप हो चुका है।तो वही स्थानीय ग्रामीणों को पेयजल सुविधा का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ताजा मामला जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रट्टा के भंडारखोह और पेंदीटोला का है जहां ठेकेदार द्वारा अब तक नल जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण नहीं कराया गया है वहीं करीब 6 महीनो से इस योजना का कार्य पूरी तरीके से बंद पड़ा है। जिसपर अपना आक्रोश जताते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नल जल योजना का लाभ दिए जाने की मांग की है। तो वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आवेदन निवेदन पर भी किसी प्रकार की कोई सुनवाई न होने पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है।




### सिर्फ पाइपलाइन बिछाए है, बाकी काम अधूरा है- मड़ावी

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्थानीय ग्रामीण राम प्रकाश मड़ावी ने बताया कि उनके यहां नल जल योजना करीब 2 वर्ष पूर्व आई थी जिसमें सिर्फ पाइपलाइन बिछाकर रखी गई है। बाकी काम अधूरा पड़ा है। जबकि 6 महीनो से नल जल योजना का काम बंद है। जो पाइपलाइन बिछाई गई है उसमें भी पानी नहीं दिया जा रहा है कई बार आवेदन निवेदन किया गया है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इसके अलावा अब तक पानी की टंकी का निर्माण भी नहीं कराया गया है जिसकी चलते इस योजना का कार्य अधूरा है।

### कई बार शिकायत किए, पर नहीं हो रही सुनवाई- रवि कुंभरे

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत रट्टा सरपंच रवि कुंभरे ने बताया कि पंचायत के अंतर्गत भंडारखोह और पेंदीटोला आता है करीब 2 वर्ष पूर्व यहां नल जल योजना आई थी और करीब 6 महीनो से काम बंद पड़ा है ठेकेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। हमने ऑनलाइन इसकी शिकायत की है पर किसी का कोई ध्यान नहीं है ठेकेदार द्वारा बताया गया था कि कुछ दिन बाद काम शुरू कर देंगे लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है। इसके अलावा पीएचई विभाग में भी शिकायत की गई है लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। नल जल योजना का कार्य बंद पड़ा है जिसके चलते स्थानीय ग्रामीण हैंडपंप से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। हैंडपंप भी काफी पुराने हो चुके हैं कई बार खराब हो जाती है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### तो स्थानीय लोगों के साथ कार्यालय का घेराव कर, करेंगे जन आंदोलन- नवीन चौधरी

वही चर्चा के दौरान परसवाड़ा विधायक प्रतिनिधि नवीन चौधरी ने बताया कि रट्टा पंचायत के अंतर्गत आने वाले भंडारखोह और पेंदीटोला के ग्रामीण कुएं से पानी ले जा रहे हैं नल जल योजना का उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। वर्ष 2022-23 में नल जल योजना स्वीकृत हुई थी जिसकी पाइप लाइन दोनों टोला में बिछाई गई है लेकिन पानी की टंकी का निर्माण आज तक नहीं कराया गया है जनपद पंचायत बालाघाट में इसकी शिकायत की गई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी व्यवस्था बनाने कहा गया है लेकिन किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी तरह पेंदीटोला में भी नल जल योजना का कुछ ऐसा ही हाल है। हमने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एई और एसडीओ को कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है कई बार बैठक में भी इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षण कराया गया है। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ यदि जल्द से जल्द इस योजना का निर्माण कार्य पूरा नहीं होता और घर-घर नल का जल नहीं दिया जाता तो भंडारखोह और पेंदीटोला के समस्त ग्रामीणों को साथ लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय का घेराव कर जन आंदोलन किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल के स्वास्थ्य शिविर में 350 ग्रामीणो की हुई जांच, हितग्राहियो के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रविवार 24 नवंबर को जिले के परसवाड़ा जनपद के खुरसुड़ पंचायत में कलेक्टर मृणाल मीणा और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल और प्रशासन ने मिलकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया था। जिसमें लगभग 350 से ज्यादा ग्रामीणो का नि:शुल्क उपचार किया जाकर उन्हें दवाईयां भी प्रदान की गई। जिले में अंतिम छोर के व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के भाव से काम कर रहे रोटरी रॉयल क्लब के स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. प्रदीप मेश्राम, डॉ. विराट ठक्कर, डॉ. श्रेयांस सेठिया, डॉ. नेहा मेश्राम, डॉ. राहुल बोरकर, डॉ. नुपुर सेठिया ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उपचार दिया।रोटरी पदाधिकारियो ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के साथ ही क्लब द्वारा शासकीय स्कूल प्राचार्य को बच्चों के खेलने के लिए खेल सामग्री प्रदाय की गई। शिविर में सभी लोगों को क्लब की ओर फल, बिस्किट का वितरण किया गया। शिविर के आयोजन में मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक कुंभरे और सीएचओ मनीषा गौतम एवं टीम का सराहनीय सहयोग रहा।रोटरी क्लब सचिव रोटे. संदीप असाटी और मेंटर कमलजीतसिंघ छाबड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार को खुरसुड़ में आयोजित शिविर में लगभग 350 से ज्यादा ग्रामीणो में बच्चे, महिला, पुरूष और बुजुर्गो का उपचार, शिविर में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। जिसमें शिविर में पहुंचे लोगों की रक्त और बीपी की जांच नि:शुल्क की गई। इससे साथ ही नेत्ररोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए। साथ ही सभी लोगों को नि:शुल्क दवाए प्रदान की गई। शिविर में शासन की गाईडलाईन के अनुसार 70 वर्ष से अधिक पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान अतिथि सरपंच सुनीता सुंदर भलावी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुशीला सरोते, जनपद सदस्य मोहपत उईके, जनपद सदस्य रम्मु पंद्रे, प्राचार्य श्रवण कुमार तिवारी, शिक्षक डी.एस. बिसेन और डी.आर. ठाकरे सहित रोटे. संदीप असाटी, पूर्व अध्यक्ष कमलजीत सिंघ छाबड़ा, शिविर प्रभारी अंकित अग्रवाल, आशीष साहू, विक्रम भूते, संतोष नाहर, रवि सचदेव, नरेन्दरसिंघ छाबड़ा, डॉ. प्रदीप मेश्राम, राहुल तुरकर, असीम प्रदीप पाठक, बलविंदरपाल सिंघ राजपूत, प्रकाश गुरनानी सहित अन्य उपस्थित थे।



# एक व्यक्ति की उसी के खेत के पेड़ में फांसी पर लटका शव बरामद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। परसवाड़ा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भीकेवाड़ा के लोहारी टोला स्थित खेत में इसी ग्राम के व्यक्ति कृपाल पिता सुनहर नेती 50 वर्ष की उसी के खेत से कसई के पेड़ में फांसी पर लटका शव बरामद किया गया। इस व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्त की गई है। परसवाड़ा पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृपाल नेती के परिवार में सिर्फ पत्नी है। संतान नहीं है और वह अपनी पत्नी के साथ खेती किसानी करता था ।बताया गया है कि कृपाल नेती शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को 4 बजे कृपाल नेती संगम मेला जाने के लिए घर से निकला था। जो रात्रि में घर नहीं आया। दूसरे दिन शनिवार को 10 बजे कृपाल नेती की उसी की खेत में कसई के पेड़ में फांसी पर लटका हुआ शव देखा गया। कृपाल नेती ने कसई के पेड़ में अपना गमछा बांधकर फांसी लगा ली थी। जिसकी रिपोर्ट दिलीप पिता लालसिंह नेती लोहारी टोला निवासी ने परसवाड़ा पुलिस थाना में की थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक झम्मू लाल सैयाम ने अपने स्टाफ के साथ लोहारी टोला पहुंचकर मृतक कृपाल नेती का कसई के पेड़ में फांसी पर लटकी हुआ शव नीचे उतर वाया और पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि कृपाल नेती ने शराब के नशे में फांसी लगा ली सहायक उप निरीक्षक श्री सैयाम द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग जांच की जा रही है।

# वन्य प्राणी घुटरी का शिकार करने वाले तीन आरोपी को 6-6 माह की सश्रम कारावास प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये अर्थदंड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दयाल सिंह सूर्यवंशी की अदालत ने वन्य प्राणी घुटरी का शिकार करने के आरोप तीन आरोपी शुद्धलाल संजू लाल और मंगलसिंह को 6-6 माह की सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। अभियोजन के अनुसार वन परिक्षेत्र गढ़ी में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक को कक्ष क्रमांक 880 से लगे हुए राजस्व क्षेत्र में वन्य जीव घुटरी का हाका करके शिकार करने की सूचना मिली थी। मुखबिर की इस सूचना परिक्षेत्र सहायक ने ग्राम बोदा जाकर आरोपी शुद्धलाल, संजू लाल और मंगल सिंह से उनके घर में पूछताछ की थी। पूछताछ में उन्होंने अपने साथी सुक्कलसिंह के साथ 1 अगस्त 2015 को वनकक्ष क्रमांक 880 से लगे हुए राजस्व क्षेत्र में वन्य जीव घुटरी का हाका करके शिकार कर पास के ही मिरगाही नाला की रेत में छुपा कर रखना बताया। इन आरोपियों की निशानदेही पर घुटरी का शव बरामद किया गया। घटनास्थल पर ही जप्तीनामाऔर पंचनामा कार्रवाई की गई और इसके बाद 2 अगस्त 2015 को वनरक्षक जागेश्वर प्रसाद चौरसिया के द्वारा वन अपराध क्रमांक 9093/ 20 पंजीबद किया गया ।आरोपी गण द्वारा पूछताछ में वन प्राणी का मांस खाने की नियत से वन्य जीव घुटरी को पत्थर व लाठी से मारने का अपराध स्वीकार किया गया। इस प्रकरण की विवेचना उपरांत परिवाद पत्र विद्वान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। हाल ही में यह प्रकरण विद्वान न्यायिक डंडा अधिकारी प्रथम श्रेणी दयाल सिंह सूर्यवंशी की न्यायालय में चल रहा था। विद्वान न्यायालय ने विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी गण के विरुद्ध अपराध साबित होने पर इन आरोपियों को धारा 9,39,51व 52 वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध में 6-6 माह का सश्रम कारावास और प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किये ।इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह द्वारा की गई थी।

# बस स्टैण्ड के पीछे 5 दुकानों में लगी आग, लाखों रूपये का सामान जलकर खाक

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा बस स्टैण्ड के पीछे स्थित बर्तन दुकान लाईन स्थित ५ दुकानों में रविवार एवं सोमवार की दरमियानी रात्रि में भीषण आग लग गई और इस आगजनी में ५ दुकान सहित दुकानों में रखी गई लाखों रूपयों की सामान जलकर खाक हो चुकी है। जिससे ५ दुकानदारों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है और यह आगजनी की घटना रात १ बजे ४ बजे के बीच होने की बात कही जा रही है। साथ ही इस आगजनी की घटना से नगर मुख्यालय में हड़कप सा मच गया है परन्तु आगजनी का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि रात्रि के समय दुकानों के समीप ठंड से बचने के लिए अज्ञात लोगों ने आग जलाये थे उससे या फिर शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है परन्तु स्पष्ट रूप से किस कारण से ५ दुकानों में आग लगी है यह स्पष्ट नही हो पाया है। साथ ही थाने से ५० मीटर की दुरी में आगजनी की घटना होने पर पुलिस की रात्रि गस्त पर भी सवाल उठ रहे है कि रात्रि में ५ दुकानों में आग लग जाने से दुकान के साथ ही पुरा सामान जल जाने के बाद भी पुलिस को जानकारी न होना और लोगों के द्वारा बताये जाने पर जानकारी लगना समझ से परे लग रहा है। वहीं लालबर्रा के बर्तन दुकान लाईन में २ बर्तन, २ चप्पल जुते एवं १ चाय दुकान में आग लगने की जानकारी लगने के बाद प्रात: ११ बजे बालाघाट से एसएफएल टीम पहुंची जिनके द्वारा आगजनी घटना का निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया गया एवं राजस्व विभाग व पंचायत के द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर मुआवजा के लिए प्रकरण तैयार किया गया है। वहीं पुलिस ने पीड़ित दुकानदारों की शिकायत पर मामला पंजीबध्द कर आगजनी के मामले में जांच शुरू कर दी है।**





### दुकान एवं सामान जल जाने से दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट

प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबर्रा बस स्टैण्ड के पीछे बर्तन दुकान लाईन के समस्त दुकानदारों ने प्रतिदिन की तरह रविवार को भी सुबह अपनी-अपनी दुकानें खोलकर व्यापार किये एवं रात ८ बजे के बाद सभी ने दुकानें बंद कर घर चले गये थे। सोमवार की अलसुबह ४.३० से ५ बजे के बीच जब कोई व्यक्ति घुमते हुए बस स्टैण्ड की ओर गया तो बस स्टैण्ड के पीछे स्थित दुकानों से धुआँ निकलते हुए देखा। जिसकी जानकारी अन्य लोगों की दी और बर्तन दुकान लाईन के दुकानों में आग लग जाने की जानकारी लगी तो घटना स्थल में लोगों भीड़ लग गई और दुकानदारों को दुकान में एवं फायर ब्रिगेड वाहन को आगजनी की जानकारी दी गई। जिसके बाद उपस्थित भीड़ के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया किन्तु आग इतनी तेज थी की धू-धू कर सभी ५ दुकानें बालाघाट से फायर ब्रिगेड वाहन के पहुंचते तक जलकर खाक हो गई, अगर लालबर्रा मुख्यालय में फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध रहता तो समय पर आग पर काबू पा लिया जाता और दुकानदारों का इतना नुकसान नही होता। वहीं बालाघाट से फायर ब्रिगेड वाहन आने के बाद कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया नही तो अन्य दुकानों में भी आग लग सकती थी और सभी दुकानें कज्चा एवं टीनशेड के बने थे जिसके कारण दुकान में तेज आग लग गई और पुरा सामान जल गया है। अगर पक्का दुकान बना रहता तो सिर्फ सामान ही जल पाता दुकानें बच जाती और आगजनी का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आगजनी की घटना की जानकारी लगते ही तत्काल विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई है और विद्युत विभाग के कर्मचारी भी घटना स्थल पहुंचकर किस कारण से आग लगी है उसकी जांच कर रहे है। इस भीषण आगजनी से बर्तन दुकानदार सतीषकुमार कसार को ४ लाख रूपये, सुधीर कसार को ४ लाख रूपये, चप्पल-जूते के दुकानदार सुमन बारेकर को १० लाख रूपये, वाजिद खान को २ लाख रूपये, चाय दुकानदार भगवानदास साहू को ५० हजार रूपये का नुकसान हुआ है। जिन्होने शासन-प्रशासन से मुआवजा देने एवं आगजनी के कारण का पता कर अगर किसी के द्वारा जानबुझकर आग लगाई गई है तो उसे गिरफ्तार का सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

### विधायक अनुभा मुंजारे ने आगजनी घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित दुकानदारों से की मुलाकात



लालबर्रा नगर मुख्यालय स्थित बर्तन दुकान लाईन में सोमवार की अलसुबह ५ दुकानों में आग लग जाने से दुकान सहित सामग्री जल चुकी है। जिसकी जानकारी लगने पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे दोपहर में आगजनी घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और आगजनी का कारण जानने के साथ ही पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर हरसंभव मदद करने एवं शासन से मुआवजा दिलवाने की बात कही है। वहीं जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर भी पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री ठाकरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं दुकानदारों ने विधायक श्रीमती मुंजारे से पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा दिलवाने के साथ ही लालबर्रा मुख्यालय में आगजनी की घटना होने पर वारासिवनी एवं बालाघाट से फायर बिग्रेड वाहन बुलाना पड़ता है और उनके पहुंचते तक आग तेज होने के साथ ही पुरा सामान जलकर स्वाहा हो जाता है। जिससे उन्हे काफी नुकसान होता है इसलिए लालबर्रा मुख्यालय में फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध करवाने की मांग की है।

### लाखों रूपये का हुआ है नुकसान - सतीष

दुकानदार सतीषकुमार कसार ने बताया कि सोमवार की सुबह ५ बजे जानकारी लगी कि बर्तन दुकान में आग लग गई है, दुकान आकर देखे तो ५ दुकानें जल चुकी थी। जिससे सभी दुकानदारों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है और हमें ४ लाख रूपये का नुकसान हुआ है। साथ ही यह भी बताया कि दुकान के भरोसे परिवार का पालन-पोषण करते थे, दुकान व सामान जल जाने से अब जीविकापार्जन करने में परेशानी होगी, आगजनी का कारण अज्ञात है, प्रशासन से मांग है कि मुआवजा प्रदान करें।



### दुकान जल जाने के बाद प्रशासन की खुली नींद - प्रसन्न

व्यापारी प्रसन्न अवधिया ने बताया कि लालबर्रा के इतिहास में यह सबसे बड़ी आगजनी की घटना है जिसमें बर्तन मार्केट के दो बर्तन, दो चप्पल-जूते एवं चाय की दुकान जलकर खाक हो चुकी है जिससे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है और इस घटना से प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। श्री अवधिया ने बताया कि यह आगजनी की घटना थाना से ५० मीटर की दुरी में घटित हुई है और रात्रि में पुलिस गस्त भी करती है परन्तु पुलिस प्रशासन को आगजनी की जानकारी लोगों के द्वारा लगी है जिससे पुलिस प्रशासन के गस्त पर भी सवाल उठ रहे है और ५ दुकान जल जाने के बाद प्रशासन की नींद खुली है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन से मांग है कि आग किस कारण से लगी है उसकी जांच करें एवं पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा दिलवाये।



### ५ दुकानदारों को करीब २० लाख रूपये का हुआ है नुकसान - अनीस



पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि बस स्टैण्ड के पीछे स्थित ५ दुकानों में आग लगने से दुकानदारों को करीब २० लाख रूपये का नुकसान हुआ है और रात्रि के समय कुछ लोग ठंड से बचने के लिए आग जलाये थे बताया जा रहा है या फिर शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है परन्तु अब तक आगजनी का कारण अज्ञात है। श्री खान ने बताया कि आग कैसे लगी उसकी जांच कर दुकानदारों को प्रशासन से उचित मुआवजा दिलवाया जायेगा।

### पीड़ित दुकानदारों की करेगें मदद - अनुभा



विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि इस भीषण आगजनी से दुकानदारों का पूरा सामान जलकर खाक हो चुका है परन्तु आगजनी का कारण स्पष्ट नही हुआ है। लेकिन लोगों का कहना है कि शार्ट सर्किट या फिर ठंड में लोगों के द्वारा आग तापने के दौरान यह घटना घटित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, यह जांच का विषय है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि लालबर्रा ब्लाक के अंतर्गत ७७ ग्राम पंचायते आती है और विकासखण्ड का मुख्यालय है लेकिन फायर ब्रिगेड वाहन नही होने के कारण २५ किमी. दूर बालाघाट, वारासिवनी से फायर ब्रिगेड वाहन आती है। जब तक आगजनी की बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती है, मेरे द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए जल्द फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जायेगा और सभी जनप्रतिनिधि मिलकर जनसहयोग कर पीड़ित दुकानदारों की मदद करने का प्रयास करें ताकि वे दोबारा अपना व्यापार शुरू कर सके।

## अधिवक्ता और कोटवार संघ मनायेगा संविधान दिवस आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित तहसील परिसर में अधिवक्ता एवं कोटवार संघ लालबर्रा के द्वारा २६ नवंबर को दोपहर २ बजे से संविधान दिवस मनाया जायेगा। चर्चा में कोटवार संघ जिलाध्यक्ष अशोक गेडाम ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अधिवक्ता एवं कोटवार संघ के संयुक्त तत्वाधान में २६ नवंबर को दोपहर २ बजे संविधान दिवस मनाया जायेगा। साथ ही इस अवसर पर अन्य कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थितजनों को संविधान के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कोटवार संघ जिलाध्यक्ष अशोक गेडाम, अनिल राउत, आनंद वारके, मदन निकोसे सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं कोटवारों ने की है।

# 3100 रूपये समर्थन मूल्य की मांग पूरी नही होने पर सड़क पर उतरेगा किसान गर्जना संगठन 29 को

## किसान गर्जना संगठन की हुई बैठक, सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप, आंदोलन की बनाई रणनीति

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ स्थित विश्राम गृह में २५ नवंबर को किसान गर्जना संगठन की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक किसान गर्जना संगठन प्रदेशाध्यक्ष अरविंद चौधरी, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसानों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में उपस्थितजनों ने कहा कि म.प्र. के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सरकार के द्वारा घोषणा की गई थी कि ३१०० रूपये समर्थन मूल्य में किसानों की धान खरीदी जायेगी और केन्द्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार बन चुकी है। लेकिन सरकार अपने वादों से मुकर चुकी है, धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये प्रति क्विं. नही किया गया है। जबकि आगामी २ दिसंबर से समर्थन मूल्य में २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी शुरू होने वाली है। इस तरह से भाजपा सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई जिससे बालाघाट जिले के समस्त किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। साथ ही यह भी कहा कि धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये किये जाने की मांग को लेकर पूर्व में कलेक्टर एवं सभी विधायक व सांसद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है और २८ नवंबर तक हमारी मांग पूरी नही हुई तो किसान गर्जना संगठन के बैनर तले समस्त किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम करेगें एवं २ दिसंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी केन्द्रों में कोई किसान अपनी उपज विक्रय नही करेगा इसलिए प्रदेश सरकार से मांग है कि जो उन्होने वादा किया है उसे पूरा करें। चर्चा में किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि २ दिसंबर से सोसायटी में किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होना है और वर्तमान में धान का समर्थन मूल्य २३०० रूपये प्रति क्विं. है जो किसानों के लिए बहुत कम है। जबकि चुनाव के पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा किसानों से वादा किया गया था कि सरकार बनने के बाद किसानों को धान का ३१०० रूपये प्रति क्विं. समर्थन मूल्य दिया जायेगा परंतु पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री बन गये और डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री है। लेकिन अब तक वे किसान के हित में कोई कदम नहीं उठाया है, न ही किसानों के खाते में ९१७ रूपये बोनस की राशि आई है जिससे सभी किसान आक्रोशित है। इस अवसर पर किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारी एवं किसानगण उपस्थित रहे।

### सरकार किये गये वादे को करें पूरा - डुलेन्द्र

जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि बालाघाट जिला धान का कटोरा है और विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा घोषणा की गई थी कि किसानों को धान का ३१०० रूपये समर्थन मूल्य का दिया जायेगा। लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि हमारे जिले के चार विधायक कांग्रेस के हैं और दो भाजपा के हैं, उनके द्वारा इस ओर कोई पहल नहीं की जा रही है, किसानों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जिसे सबसे अधिक परेशान भाजपा की विचारधारा का व्यक्ति है क्योंकि उसने जमीन स्तर पर इसी बात पर लड़ाई लड़ी थी। जिनके द्वारा अपने नेताओं से ३१०० रूपये समर्थन मूल्य देने की बात कही जा रही है, लेकिन उनकी भी सुनवाई नहीं हो रही जिससे भविष्य में भारतीय जनता पार्टी को इसका नुकसान देखने को मिलेगा। श्री ठाकरे ने बताया कि किसान गर्जना संगठन के द्वारा जो लड़ाई किसान हित में लड़ी जा रही है उसका मैं समर्थन करता हूं, यदि किसानों को ३१०० रूपये समर्थन मूल्य मिलता है तो जो बाजार की स्थिति है उसमें भी सुधार आयेगा और भाजपा की विश्वसनीयता बनी रहेगी। साथ ही यह भी बताया कि विद्युत फेडरेशन के तहत ८ घंटे बिजली किसानों को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जो गलत है क्योंकि हमारे बालाघाट, सिवनी, मंडला जिलों में धान की खेती अधिक होती है और किसानों को अपने खेती में पानी चलाने के लिए बिजली की बहुत अधिक आवश्यकता पड़ती है तो प्रदेश सरकार से मांग है कि २४ घंटे बिजली एवं धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये प्रदान करें।




### मांगे पूरी नही होने पर सरकार के खिलाफ करेगें आंदोलन - अरविंद

किसान गर्जना संगठन प्रदेशाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के द्वारा घोषणा की गई थी कि किसानों को ३१०० रूपये धान का समर्थन मूल्य दिया जायेगा। लेकिन अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है, जबकि कुछ दिनों के बाद समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ होने वाली है इसलिए हमारी मांग है कि किसानों की उपज को ३१०० रूपये प्रति क्विं की दर से खरीदा जाये। इस संबंध में कलेक्टर, विधायक, सांसद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है और २८ नवंबर तक मांग पूरी नही होने पर २ दिसंबर से शुरू हो रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी केन्द्र में कोई भी किसान अपनी उपज विक्रय करने नही जायेगें। श्री चौधरी ने बताया कि सरकार हमारी मांगे पूरी नही करती है तो सरकार के खिलाफ में समस्त किसानों के साथ मिलकर सड़क में उतरकर २९ नवंबर से धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जायेगा।

# दिव्यांग बज्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाये - अनुभा

## विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग बज्चों का खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र परिसर में २५ नवंबर को विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग बज्चों का खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, विधायक प्रतिनिधि, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, सीएम राइज स्कूल लालबर्रा के प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर के विशेष आतिथ्य एवं बीआरसी श्रीराम तुरकर की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। आयोजित दिव्यांग बज्चों के विकासखण्ड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, ५० मीटर, १०० मीटर दौड़, मटकी फोड़, रंगोली, चित्रकला, डांस, संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड से पहुंचे शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के दिव्यांग बज्चों ने अपने खेल का जौहर दिखाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय दिव्यांग खेल-कूद प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है जो आगामी समय में होने वाले प्रतियोगिता में विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगें। साथ ही उपस्थित अतिथियों ने खेल-कूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं अन्य समस्त प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि शासन के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है परन्तु उस योजना का जमीनी स्तर पर कितना अज्छा क्रियान्वयन कर रहे है यह मायने रखता है और हम जनसेवक है, जनता की सेवा करने वाले लोग है और जो जनता की सेवा करता है।




वह कभी बड़ा नही कहलाता है, वह छोटा कहलाता है और मैं सभी से यही कहती हूं कि हमारा भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लोकतंत्र का मतलब भी है कि जनता के द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन है और जनता ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है इसलिए जनता बड़ी है हम नही। साथ ही यह भी कहा कि नि:शक्तजन (दिव्यांग बज्चों) को शारीरिक रूप से मजबूत करने के साथ ही इन्हे मानसिक रूप से भी मजबूत करना है ताकि भविष्य में कुछ बन सके इसलिए बज्चों की पढ़ाई पर शिक्षकगण विशेष ध्यान दे। पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने कहा कि नि:शक्तजन (दिव्यांग बज्चों) के खेल-कूद प्रतियोगिता में क्षेत्रीय विधायक पहुंची है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं और नि:शक्तजन बज्चों को शासन की योजना का लाभ दिलवाने का पुरा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर बीएसी श्याम भलावी, जितेंद्रकुमार डहारे, एमआरसी शिवकुमारी भंडारकर, सपना रंगारी, आपरेटर दीपांकर मेश्राम, एमआईसी नेहा मोदी, समस्त जनशिक्षक, शिक्षक, पालकगण एवं बज्चें उपस्थित रहे।

# 'बैलेट नही तो वोट नही' का आंदोलन पूरे देश में चलाया जाये - मनोहर

## वरिष्ठ कांग्रेसी मनोहर अग्रवाल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को लिखी चिट्ठी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। वरिष्ठ कांग्रेसी मनोहर अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखकर हाल ही में संपन्न चुनाव में बिल्कुल अपेक्षिम परिणाम आये है। भले ही पार्टीगत रूप से मुझे या कांग्रेस पार्टी को जरूर महाराष्ट्र चुनाव से आघात पहुंचा है परंतु चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही इसका एहसास हो गया था कि महाराष्ट्र में कुछ अनपेक्षित होने वाला है और हुआ भी, केवल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महाराष्ट्र चुनाव में मशीन का (ईव्हीएम) का उपयोग (दुरूपयोग) किया गया, जिसके परिणाम भी वैसे ही आये है। श्री अग्रवाल ने चिठ्ठी में आगे लिखा है कि चाहे झारखंड विधानसभा चुनाव में हो या देश के अन्य राज्यों में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव हो या महाराष्ट्र के नांदेड लोकसभा के परिणाम भी जनता के जनमत को प्रदर्शित करते हैं। नांदेड लोकसभा और विधानसभा में सभी मतदाताओं ने एक साथ वोट डाले और छ: विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी हार गये। साथ ही लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जीत गये, यह कैसे हो गया। इसका जवाब ना तो चुनाव आयोग दे सकता और महाराष्ट्र में सरकार बनाने जा रही भाजपा नीत गठबंधन ?। श्री अग्रवाल ने आगे लिखा कि बहरहाल अब समय आ गया है कि ईव्हीएम के बहिष्कार की घोषणा कर दी जाये, सभी विपक्षी दल मिलकर (इंडिया गठबंधन) 'बैलेट नहीं तो वोट नहीं' की मुहिम पूरे देश में चलना चाहिए और पूरे देश व्यापी आंदोलन की जरूरत है। तभी कुछ हो पायेगा, हम चुनाव आयोग या सुप्रीम कोर्ट के भरोसे बैठे रहकर कुछ नहीं कर सकते। वहीं दूसरा परिणाम से विचलित, निराशा या हताश होने की कतई आवश्यकता नहीं है, आवश्यकता है कार्यकर्ताओं में जोश भरने की, उन्हें उत्साहित करने की क्योंकि दो लोकसभा और छ: राज्यों की विधानसभा में भाजपा को करारी मात इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर दी गई है। एक तरफ नरेंद्र मोदी जी है केवल महाराष्ट्र जीत गये वह अपने कार्यालय में उत्सव मनाते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन है वह मौन हो जाते हैं, शोकग्रस्त हो जाते हैं यह बिल्कुल गलत है। कांग्रेस और 'इंडिया' को पूरे देश में उत्सव मनाना चाहिए और देश को बताना चाहिए कि महाराष्ट्र में कैसे बीजेपी जीती है। साथ ही चिठ्ठी के माध्यम से श्री अग्रवाल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का ध्यान आकर्षित करते हुए अपेक्षा कि है कि पूरे देश में, महाराष्ट्र में और इसके पूर्व हरियाणा में भाजपा कैसे हेरा फेरी करके ईव्हीएम का खेल करके चुनाव जीती है उसे बताया जाये और ईव्हीएम के खिलाफ जन जागरूकता पैदा कर आंदोलन प्रारंभ किया जाये और इस हेतु एआईसीसी से सभी प्रदेश कांग्रेस को निर्देशित किया जाये।



# बालाघाट मार्ग हुआ बंद जाम से राहगीर परेशान

## आवागमन के लिए मार्ग देने राहगीर कर रहे मांग

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के द्वारा वारासिवनी की तरफसे बालाघाट मार्ग को मुरूम और गिट्टी डालकर बंद करवा दिया गया है। जहां पर राहगीर अपने जान को जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे है। इस दौरान मोटर साइकिल एवं साइकिल चालक सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्कूल के समय में जाम की स्थिति बनती जा रही है जिसमें मोटर साइकिल और साइकिल चालकों को लंबा इंतजार कर भारी मशक्कत करना पड़ रहा है। मोटर साइकिल और साइकिल चालक के मध्य दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है । यह स्थिति निर्माण कंपनी के द्वारा व्यवस्थित मार्ग ना बनाए जाने के कारण उत्पन्न हो रही है। जिसको लेकर राहगीरों के द्वारा आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने मार्ग बनाए जाने की मांग की जा रही है ताकि व्यवस्थित रूप से सभी आवागमन कर सके।**





### स्कुल के विद्यार्थियों के कारण बन रही जाम की स्थिति

वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर नगर की सबसे बड़ी शैक्षणिक संस्था सीएम राइज स्कूल का संचालन किया जाता है। जहां पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल संयुक्त रूप से संचालित होता है। वहाँ पर करीब १३०० छात्र छात्राएं शिक्षा अध्ययन करते हैं जिनके स्कूल आने और जाने के समय यह जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान सुबह के समय हल्का जाम की स्थिति बनती और खुलती रहती है। परंतु शाम ५ बजे स्कूल कि छुट्टी होते ही करीब ९०० से अधिक छात्र एक साथ स्कूल से निकलते हैं। जो सीधे बंद किए मार्ग पर आकर खड़े हो जाते है इस दौरान नगर क्षेत्र में संचालित स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अधिकारी कर्मचारी जो बालाघाट से प्रतिदिन आते हैं वह भी बालाघाट की ओर जाने निकलते हैं। जिस कारण मौके पर जाम की स्थिति बनती जा रही है जो करीब १ घंटे से अधिक समय तक चल रहा है जहां छात्र.छात्राओं को काफी समस्या हो रही है। बच्चे गिट्टी और मुरूम के ढेर के ऊपर अपनी साइकिल को हाथ में उठाकर पार कर रहे है। तो वहीं मोटर साइकिल चालक भी उसी तरह मोटर साइकिल को चालू कर ढेर के ऊपर से आना जाना कर रहे हैं जहां दुर्घटना की संभावना बहुत ज्यादा बनी हुई है। जिसको लेकर राहगीरों में ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

### सुरक्षित मार्ग की उठ रही मांग

विदित हो की ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के द्वारा शिवधाम मोहल्ले से बायपास मार्ग वाराटोला होते हुए बनाया गया है। जहां पर बस ,ट्रक, ट्रैक्टर ,डंपर सहित अनेक प्रकार के छोटे बड़े वाहन आना जाना कर रहे हैं। वहीं दूसरा बायपास मार्ग गायत्री मंदिर से वारा होते हुए दिया गया है। किंतु यह दोनों मार्ग में छात्र छात्राओं को अधिक दूरी और सकरा मार्ग होने से डर के कारण वह वर्तमान मार्ग से आना जाना कर रहे हैं। ताकि समय पर वह स्कूल पहुंच सके तो वहीं अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं नगरवासी अपने कार्य पर कम समय में पहुंचने के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रहे है। परंतु कुछ दिनों से मार्ग को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। जिससे हो रही समस्या को लेकर सुरक्षित मार्ग एक ओर से आवागमन के लिए दिए जाने की मांग की जा रही है।

### स्कुल आने जाने में बहुत परेशानी होती है- सुमित धमगाहे

छात्र सुमित धमगाहे ने बताया कि मैं वार्ड नंबर एक बीडी कॉलोनी में रहता हूं सीएम राईज स्कूल में पढ़ाई करने के लिए जाता हूं। यहां रोड़ पर बहुत भीड़ रहती है हमे आने जाने में समस्या होती है



दूसरे मार्ग है जहां से हम स्कूल जाने में लेट हो जाते हैं। इस दिक्कत के कारण यहां से जाते हैं तो भीड़ लगी रहती है इसके अलावा दूसरा कोई समीप का मार्ग नहीं है। दूसरे मार्गो से बहुत लंबा चलना पड़ता है हमारे स्कूल के सभी छात्र छात्रायें इसी मार्ग से आते जाते हैं। परंतु अभी मार्ग को मिट्टी और गिट्टी से पूरी तरह बंद कर दिया गया है। जिसके ऊपर से हम आना जाना कर रहे हैं। यहां जाम लग रहा है जिसमें आधे से १ घंटे तक हम फंसे रह रहे हैं।

### इस मार्ग पर दुर्घटना होने की पुरी संभावना बनी रहती है- अंचल कोल्हे

छात्र अंचल कोल्हे ने बताया कि यहां दोनों तरफ रोड़ को बंद कर दिया गया है वारासिवनी तरफ से जिस कारण से यहां दिक्कत उत्पन्न हुई है। जाम पूरा लगा हुआ है आने जाने में भारी समस्या बनी हुई है दुर्घटना की पूरी संभावना है। स्कूल की छुट्टी में १००० से अधिक छात्र छात्रायें निकलते हैं जो यहां आकर फस जाते हैं। यह समीप का मार्ग है जिस कारण सभी अपनी साइकिल से यहीं से आना जाना करते हैं। बहुत ज्यादा समस्या हो रही है दिक्कत भी है डर भी लगने लगा है दूसरे रास्ते भी है पर वह घूम कर जाना होते हैं । दूरी के साथ स्कूल आने में देरी भी हो जाती है हम यही चाहते हैं कि यहां पर रोड़ बनाया जायें।



### प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देते हुए व्यवस्था बनानी चाहिए-विनोद सहारे

राहगीर विनोद सहारे ने बताया कि यह स्थान रेलवे क्रॉसिंग के पास का है जहां पर ट्रैफिक जाम है। जबकि निर्माण कार्य कर रही एजेंसी को आने जाने के लिए एक मार्ग बना कर देना चाहिए ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। परंतु वर्तमान में लोग जान को जोखिम में डालकर यहां से आना जाना कर रहे हैं सभी को परेशानी हो रही है। आधा घंटा हो गया है जाम में हम फसे हैं ५ बजे स्कूल की छुट्टी होती है उसके बाद यह स्थिति यहां पर बन जाती है। रोज हमारा आना जाना है रोज परेशान हो रहे हैं। इस पर प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देते हुए व्यवस्था बनानी चाहिए।



# रामपायली मेले को एक सर्वश्रेष्ठ मेला बनाऐंगे-विवेक पटेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपायली का मेला बालाघाट जिला नही बल्कि महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ में भी प्रसिद्ध है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन से शुरू हुआ मेला लगातार चल रहा है रामपायली में विराजमान भगवान बालाजी के दर्शन करने से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं मेले के समय पंचायत के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।इसी के तहत रविवार को आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें वारासिवनी खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल की मौजूदगी में कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के कलाकारों के द्वारा नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जनपद सदस्य जीतू राजपूत, जगदीश बंसोड, संदीप बाघमारे, गुड्डु सोनी,अनिल पिपरेवार,चिंटू जैन,प्रमेन्द्र हेडाऊ, ब्रजेश मिश्रा,अभिषेक चौहान,मन्नू दुबे,निशांत चौहान, विशाल बारेकर, शैलू पाठक,बालारामजी सहारे सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। जनपद सदस्य जीतू राजपूत ने कहा की जब किसी मेले की बात होती है तो सबसे पहले रामपायली मेले की बात होती है। यहां के मेले की पहचान एक बड़े मेले के रूप में होती है और यह मेला जनपद पंचायत के द्वारा आयोजित किया जाता है। हमारे क्षेत्र के नेताओं की इच्छा होनी चाहिए की यह मेला कैसे आगे बढ़ेगा मेले को ऐतिहासिक मनाने के विषय को लेकर जनपद पंचायत की बैठक में योजना बनाई जा रही थी। मगर कुछ लोगो के द्वारा इसका विरोध किया जा रहा था मगर बैठक में दो तीन सदस्य को छोड़कर सभी की सहमति बनी कि हम रामपायली मेले को एक सर्वश्रेष्ठ मेला बनाएंगे और मेले में बड़े से बड़े कलाकारों को लाएंगे। मेले के माध्यम से जो भी राशि की जनपद को प्राप्त होती है उसका आधा हिस्सा कार्यक्रम में लगाया जाएगा और आधा पैसा रामपायली के विकास कार्य में खर्च किया जाएगा और इस बात पर सहमति बन चुकी थी। मगर कुछ लोग नहीं चाहते कि वह पैसा रामपायली के विकास कार्य में खर्च हो। रामपायली मेला कई वर्षों से बहुत ऐतिहासिक भरता है मगर कभी जनपद को इसका लाभ नही हुआ हर वर्ष घाटे में चलता था । मगर जब हम जनपद सदस्य बने तो हम लोगों ने निर्णय लिया की जहां प्लांट की बिक्री होंगी वही रसीद कटेगी और इससे जनपद को फायदा होगा और पंचायत भवन के सामने सभामंच का निर्माण किया जायेगा। विधायक विवेक पटेल ने कहा की हम सब की इच्छा है तो यह मेला चलेगा आप जब तक मेला चाहोंगे तब तक मेला चलता रहेगा । भगवान राम हमारे है मेला हमारा है क्षेत्र हमारा है जो रामपायली मेले को प्रभावित करने चाहते है वह भुगतने को भी तैयार रहें। सब अपना सुख.दु:ख भूलाकर इस मेले पर आते हैं और भगवान श्रीराम के दर्शन करके अपनी सभी मनोकामना पूर्ण करते है। हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है हमारी फसल तैयार है भगवान बालाजी के आशीर्वाद से इस बार बारिश भी अच्छी हुई है। हम भगवान बालाजी से प्रार्थना करते कि हमारे क्षेत्र में सुख समृद्धि बने रहे और आपका आशीर्वाद क्षेत्र में बना रहे। रामपायली मेले के लिए जनपद सदस्य ने सच्चाई की लड़ाई लडी इसके पहले रामपायली मेले की राशि में बहुत भ्रष्टाचार होता था। वह भ्रष्टाचार बंद हो गया है पूरा फर्जीवाड़ा बंद हो गया है रामपायली मेला लाभ का मेला हो गया है और जो कमाई हुई है वह राशि को भगवान श्रीराम की नगरी रामपायली में विकास करवाया जायेगा। मेला हमारी पहचान है हमारी संस्कृति है स्वयं भगवान राम यहां आए थे। भगवान के पद चिन्ह भी यहां मौजूद है हमें गर्व है कि हमने रामपायली में जन्म लिया है। हमें गर्व है कि भगवान राम की नगरी रामपायली हमारे विधानसभा क्षेत्र में आता है ।





# निजी स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

## जिला चिकित्सालय ने घायल चित्रसेन को हायर सेंटर किया रिफर

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम पीपरटोला में २५ नवंबर की सुबह निजी स्कूल वैन ने मोटर साइकिल को ठोस मारकर २२ वर्षीय युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें बताया जा रहा है कि मोटर साइकिल सवार युवक चित्रसेन पिता शंकर लाल डोहरे २२ वर्ष ग्राम लिंगमारा निवासी मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था तो दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ उसका प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के द्वारा मौके से निजी स्कूलों की वैन क्रमांक एमपी ५० पी ०४८२ को थाना रामपायली में लाकर सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया है मामले में पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।**




### यह है मामला

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित निजी स्कूलों के माध्यम से बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूल वैन का उपयोग किया जाता है। जो क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत तक जाकर वहां के बच्चों को स्कूल लेकर आती है। इसी कड़ी में २५ नवंबर की सुबह नगर की निजी शैक्षणिक संस्था की एक स्कूल वैन महाराजपुर ,डोंगरगांव होते हुए लिंगमारा गई हुई थी। वहीं मोटर साइकिल चालक चित्रसेन पिता शंकरलाल डोहरे उम्र २२ वर्ष लिंगमारा निवासी भी अपने किसी कार्य से कहीं जा रहा था। तभी लिंगमारा के ग्राम पीपरटोला में स्कूल वैन ने मोटर साइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार वैन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे तत्काल मौके से जिला चिकित्सालय उपचार के लिए भेज दिया गया। इस दौरान घटना की जानकारी लगते ही रामपायली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची जहां स्कूल वैन और मोटरसाइकिल थी। जहां से तत्काल घटना का निरीक्षण कर आवश्यक पूछताछ करने के बाद स्कूल वैन को रामपायली थाने में लाकर सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया। घटना में घायल चित्रसेन डोहरे गंभीर रूप से घायल होने के कारण जिला चिकित्सालय बालाघाट में उसका तत्काल प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। जिसमें घायल को गंभीर चोट आने की बात बताई जा रही है। जिसमें रामपायली पुलिस के द्वारा घायल और उसके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

### स्कूल वैन का लगातार बढ़ रहे मामले

नगर से क्षेत्र में छोटे बड़े सभी प्रकार के निजी शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा आवागमन के रूप में सुविधा देने के लिए स्कूल वैन का संचालन किया जा रहा है। यह फैशन के रूप में भी देखा जा रहा है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एकत्रित कर विद्यालय में शिक्षा अध्ययन करने के लिए लाया जाता है। जिनके साथ मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं हाल ही में एक स्कूल वैन खापा में पलट गई थी उसके पहले तुमाड़ी में पलटी थी। २५ नवंबर को स्कूल वैन ने टक्कर मारकर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस प्रकार से यह घटनाएं घटित हो रही है हालांकि इसमें बताया जा रहा है कि यह वैन खाली थी जो बच्चों को लेने जा रही थी हालांकि इसके पूर्व कई घटनाओं में वैन में बच्चे सवार थे।

### आरटीओ से निगरानी की उठ रही मांग

नगर सहित क्षेत्र में देखने में आ रहा है कि निजी शैक्षणिक संस्थाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के वाहन बच्चों को सुविधा देने के लिए संचालित किए जाते हैं। जिसमें कई वाहन बहुत पुराने होते हैं जिनके कारण दुर्घटना भी घटित हो जाती है तो वहीं वाहन की क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर लाना ले जाना भी किया जाता है। इस परिस्थिति में नगर के जागरूक नागरिकों के द्वारा आरटीओ विभाग से समय समय पर उसके द्वारा संचालित हो रहे वाहन एवं मार्ग में चलते समय वाहन की क्षमता बैठे व्यक्तियों की क्षमता एवं वाहनो की गति की निगरानी करने की मांग की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की होने वाली अप्रिय घटना को पूर्व में सुधार कर रोका जा सके।

# विधानसभा क्षेत्र में नदियो पर सबसे ज्यादा पुल बनाकर निभाया वादा-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) ।वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम अंसेरा, रेंगाटोला,कायदी में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल शामिल हुये। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि विकास कार्यो में सबसे ज्यादा नदियों पर व्रहद पुल निर्माण को प्राथमिकता दी है। इस दौरान टोंडिया नाले के सफर से लेकर अंसेरा क्षेत्र में दो पूल, ६ बड़े पूल व एक फ्लाई ओवर की सौगात दी है। श्री जायसवाल ने कहा की हमने सदैव इस क्षेत्र की परवाह की है। सबसे पहले हमने सन १९९९ में वारासिवनी नगर में टोंडिया नाले पर पुल निर्माण का लोकार्पण किया था। उसी समय हमने अंसेरा में दो पूल निर्माण की घोषणा कर सन २००३ में कार्य शुरू कराकर पूर्ण भी कर दिया था। अंसेरा में हमने वारासिवनी से कंटगी को जोडने वाले अंसेरा ,जरामोंहगांव पूल और रामपायली से खैरलांजी को जोडने वाले रामपायली ,मोंहगांव पूल का निर्माण करा दिया है। मेला व मंडई हमारे आंनद का उत्सव है और यही आंनद हमे एक प्रकार से नयी उर्जा देकर फिर से हमे जीवन में आगे बढने की गति भी प्रदान करता है। मेले में रायपुर व दूर्ग के लोक कला पचरंगी कार्यक्रम के कलाकारो ने जंहा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। श्री जायसवाल ने कहा कि निर्माणाधीन जागपुर पूल लागत लगभग २४ करोड़ की वारासिवनी से बालाघाट की दूरी अब पूरी तरह खत्म हो जाएगी। साथ ही लगभग २३ ग्राम पंचायत को सीधा लाभ भी मिलता नजर आएगा। इसी तरह हमने वारासिवनी से डोंगरमाली,बेनी,रेंगाटोला के लिये डबल लेन सड़क का प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष भेज दिया है। इस अवसर पर शुभम बिसेन ,सोहनलाल सहारे, हरीश नगपुरे,राधेलाल भोयर,पीतम बिसेन, कन्हैया नगपुरे, जय सैनिक, सोहन बिसेन , प्रमोद सिंह बाटे ,राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा,डॉ अभिजीत सिंह बाटे, नरेन्द्रनाथ,संतोष चौरसिया,दुर्गालाल उपराडे, जीतू सुलाखे,संतोष आड़े उपस्थित रहे।



खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# महायुति और महाराष्ट्र चुनाव परिणाम

भाजपा, एनसीपी अजित पवार गुट और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट के गठबंधन महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में व्यापक जीत दर्ज की है। इस गठबंधन को लगभग 50 फीसदी वोट हासिल हुआ है। कोंकण, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्रों में उसका वोट इसके भी पार गया। महायुति ने सभी क्षेत्रों में अपना वोट शेयर बढ़ाया, वहीं कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार की एनसीपी के गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के समर्थन में पूरे राज्य में गिरावट देखी गयी। भाजपा ने अकेले 132 सीटें हासिल कीं, जो 288 सदस्यों वाली विधानसभा में तकरीबन बहुमत के बराबर है। भाजपा गठबंधन की सीटें एमवीए के लगभग पांच गुना के बराबर हैं जो अपने सहयोगियों के साथ 50 सीटों पर सिमट गया। महाराष्ट्र का नतीजा सभी संबंधित खिलाड़ियों और लोकतंत्र व बहुलतावाद के लिए कई सवालों का निपटारा करता है और नये सवाल भी खड़े करता है। हरियाणा के ठीक बाद महाराष्ट्र की जीत ने भाजपा के उस दबदबे को बहाल किया है, जो साल 2024 के आम चुनाव के बाद हिल गया लग रहा था। पार्टी के सामने तुरंत कोई चैलेंजर नहीं है क्योंकि वह विरोधियों को ध्वस्त करते हुए और अपने सहयोगियों को अप्रासंगिक बनाते हुए, धार्मिक, क्षेत्रीय, जातीय और वर्गीय भावनाओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने में सफल रही है। मुख्यमंत्री कोई भी बने, गठबंधन के समीकरण निर्णायक रूप से भाजपा के पक्ष में जा चुके हैं।

झारखंड में पार्टी की हार के बावजूद, महाराष्ट्र में जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भाजपा में दबदबा मजबूत होगा। आम चुनाव में कांग्रेस को मिली मामूली बढ़त राजनीति में किसी अहम बदलाव का संकेतक नहीं थी, और पार्टी एक बार फिर नुकसान में है। कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग और संविधान के खतरे में होने की उसकी लाइन को भाजपा ने प्रभावी ढंग से काटा। भाजपा के हिंदू एकता के आह्वान को ज्यादा लोगों ने पसंद किया और वह एमवीए को वर्चस्वशाली मराठों और मुस्लिम तुष्टीकरण के मंच के रूप में पेश करने में सफल रही। कल्याणकारी योजनाएं, खासकर महिलाओं के लिए नकद भत्तों ने भी महायुति के पक्ष में काम किया। भाजपा से अलग होने और कांग्रेस व एनसीपी के साथ जाने के लिए मतदाताओं ने उद्धव ठाकरे को कठोरता से दंडित किया है। शरद पवार के राजनीतिक आधार का क्षरण हुआ है और उनकी पार्टी का भविष्य अनिश्चित दिख रहा है। महाराष्ट्र की प्रांतीय राजनीति ने भाजपा के उस व्यापक हिंदुत्व मंच के आगे समर्पण कर दिया है जिसमें मराठा भाषाई गौरव और क्षेत्रीय प्रतीकों का अंश भी शामिल है। शिवाजी और वी.डी. सावरकर का जिक्र इसका उदाहरण है। भाजपा को जीत के इस क्षण में समझदारी और राज-कुशलता दिखाने की जरूरत है।

# चुनाव परिणाम : सत्ता पक्ष को फिर मिला जनादेश

देश के दो राज्यों के साथ कुछ राज्यों के उपचुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष के प्रति अपना जनादेश दिया है। हर चुनाव में सत्ता के प्रति जनता में किसी न किसी बात पर आक्रोश रहता है, लेकिन महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जनता ने फिर से उन्हीं सरकारों को फिर से सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी है, जो सत्ता में थी। खास बात यह है कि महाराष्ट्र और झारखण्ड में सत्ता धारी गठबंधन को पहले से ज्यादा सीटें मिली हैं। यह जनादेश न तो किसी के उछलने का मार्ग तैयार करता है और न ही किसी को नकारने की स्थिति पैदा करता है। जहां तक खुशियाँ मनाने की बात है तो महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन जीत की खुशी मना रहा है तो झारखण्ड में इंडी गठबंधन के गले में विजयी माला पहनाई गई है। वहीं उपचुनाव में सबको खुशी और सबक दोनों ही दिए हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अपने हिसाब से राजनीतिक विश्लेषण किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन चुनावों में प्रादेशिक रूप से जय और पराजय दोनों ही सन्देश प्रवाहित हो रहे हैं। किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम की स्थिति पैदा करने वाले परिणाम ने यह तो साबित कर दिया है कि देश में किसी एक राजनीतिक दल का न तो व्यापक प्रभाव है और न ही कम सीट प्राप्त करने वाले को कमतर आँका जा सकता है। इस चुनाव की सबसे ख़ास बात यह मानी जा सकती है कि कोई भी पार्टी अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं कर सकी, जिससे यह सन्देश निकल रहा है कि अब भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा गठबंधन के सहारे ही तय होगी। वर्तमान में राजनीति दो विचार धाराओं के बीच है, जिसमें एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने वाले राजनीतिक दलों का विचार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विचारों से तालमेल रखने वाले दलों की बानगी है। इतना ही नहीं इन चुनावों एक दूसरे के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया गया, वह राजनीतिक हिसाब से भले ही जायज ठहराया जा सकता है, लेकिन आम नागरिकों के समक्ष भ्रम जैसी स्थिति को ही प्रादुर्भित करती हैं।




महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भाजपा के लिए निश्चित ही अच्छे कहे जा सकते हैं, लेकिन झारखण्ड में सरकार बनाने का सपना लेकर मैदान में उतरी भाजपा को फिर से तैयारी करनी होगी। झारखण्ड के परिणाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उपजी सहानुभूति को आधार बताया जा रहा है। पिछले दिनों झारखण्ड में हुए भ्रष्टाचार के आरोप में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से अलग होना पड़ा था। जिसके बाद हेमंत सोरेन ने चुनाव में इसी को अपना राजनीतिक हथियार बनाया था और चुनाव में अपने पक्ष में वातावरण बनाया। ऐसा लगता है कि झारखंड में भाजपा अपनी ताकत और कमजोरी को भाँपने में विफल हो गई। झारखण्ड में भाजपा इतनी अप्रभावी नहीं कही जा सकती, जैसा उसका इस चुनाव में प्रदर्शन रहा है। पिछले विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रादेशिक नेताओं की तनातनी जगजाहिर थी, जिसका परिणाम भाजपा के लिए ठीक नहीं था। हालाँकि इस चुनाव में भाजपा ने पिछली गलती को सुधारने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह सत्ता के सीढ़ी का निर्माण कर पाने में असफल रही। अब झारखण्ड में फिर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन फिर मुख्यमंत्री होंगे, यह भी तय लगता है।

परिणाम के बाद अब महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में जो राजनीतिक निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं, उसके अनुसार यही कहा जा रहा है कि झारखंड और महाराष्ट्र में राजनीतिक हवा अलग अलग दिशा में बह रही थी। जिसने हवा का रुख भांप लिया, वह हवा के साथ ही चला और सत्ता प्राप्त करने में सफलता हासिल की। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस के साथ रहने वाले शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को जनता ने नकार कर शायद यही सन्देश दिया है कि यह सत्ता के लिए किया गया बेमेल गठबंधन ही था। महाराष्ट्र में ऐसे जनादेश का क्या अर्थ होना चाहिए कि एक गठबंधन जीत गया तो दूसरा गठबंधन हार गया। इसी प्रकार झारखण्ड में भी जनादेश की भी समीक्षा की जाने लगी है। पिछले पांच साल में महाराष्ट्र में जिस प्रकार की राजनीतिक उठापटक हुई थी, उसके केंद्र में कौन था, यह ठीक ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन इंडी गठबंधन की मानें तो उसने इसका सारा ठीकरा भाजपा के मत्थे मढ़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इस राजनीतिक धमा चौकड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना ने अपने विभाजन के रूप में चुकाई। जो धड़े अलग हुए वे भाजपा के साथ जाकर खड़े हो गए और महाराष्ट्र में सरकार बनाई। कहा जा रहा है कि जनादेश ने भाजपा के साथ वाली शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को असली होने का प्रणाम पत्र दे दिया है। अब महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन की ही सरकार बनेगी, यह तय है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, इसके कयास भी लगने लगे हैं, क्योंकि महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर भाजपा ने शानदार वापसी की है। ज्यादा उम्मीद इसी बात की है कि एकनाथ शिंदे ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके पीछे राजनीतिक कारण यह भी माना जा रहा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सहयोगी दलों की जरुरत है, इसलिए भाजपा अपने सहयोगी दलों को अब नाराज नहीं कर सकती। दूसरी बात यह भी है भाजपा ने एकनाथ शिंदे को जिस प्रकार से चौकाने वाले अंदाज में मुख्यमंत्री बनाया था, वह हर किसी के लिए आश्चर्य ही था। अब यह भी हो सकता है कि भाजपा ने जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बनाया, वही प्रयोग शिंदे के साथ भी किया जा सकता है।

**(सुरेश हिंदुस्तानी, वरिष्ठ पत्रकार)**

# सदनद्वय की कार्रवाई का संभल- हिंसा की भेंट चढ़ जाने से आशय




संसद के शीतकालीन सत्र को लेकर जैसा कि संभावना व्यक्त की जा रही थी कि यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है, सो पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई हंगामे के चलते 27 नवंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बस अंतर यह रहा कि हंगामे की वजह बदल गई है। पहले समझा जा रहा था कि गौतम अडानी और मणिपुर हिंसा जैसे मामलों को लेकर विपक्ष सदन में हंगामा कर सकता है, लेकिन अचानक से संभल हिंसा सामने आ गई, जिस पर विपक्ष ने चर्चा की मांग रखी। इसी बीच हंगामा हुआ जिसके चलते पहले लोकसभा की कार्रवाई एक घंटे के लिए और बाद में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों की कार्रवाई अगले कार्यदिवस बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। मतलब यह कि संभल में जो हिंसा हुई और 4 से 5 लोगों को अपनी जांन से हाथ धोना पड़ गया। यह वाकई गंभीर चिंतनीय विषय है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं तो हैरानी की बात भी नहीं है। वायनाड लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी का इस मामले में जो बयान आया उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश के संभल में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वाकई इस संवेदनशील मामले में बिना दूसरे पक्ष को सुने और बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासनिक स्तर पर जो हड़बड़ी में कार्रवाई की गई, वह दिखाता है कि राज्य सरकार ने खुद ही माहौल को खराब किया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्वत- संज्ञान लेने की बात कहते हुए प्रियंका ने सत्ताधारियों पर भेदभाव, अत्याचार और फूट डालने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। इससे पहले संभल मामले में ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया था कि संभल में एक गंभीर घटना हुई है। इसके मुताबिक चुनाव पर चर्चा रोकने की गरज से सुबह-सुबह जानबूझकर एक सर्वेक्षण टीम को भेज दिया गया, जिसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना था। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब मस्जिद का सर्वेक्षण पहले ही हो चुका था, तो फिर से नया सर्वेक्षण क्यों किया गया और वह भी सुबह-सुबह और बिना किसी तैयारी के? वैसे यह कहना गलत भी नहीं होगा कि देश में मौजूद ज्वलंत समस्याओं और अडानी जैसे अंतर्राष्ट्रीय मामलों से देशवासियों का ध्यान भटकाने के लिए कथित तौर पर सरकारों द्वारा संभल हिंसा जैसे प्रयोग किए जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। सूबे की कानून व्यवस्था और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगाने जैसी घटना यूं ही अचानक तो नहीं हो सकती है। इसके पीछे राजनीतिक षडयंत्र की बू आती है। जिसे विपक्ष लगातार उजागर करने की कोशिश में लगा हुआ है। खासतौर पर तब जबकि संसद के शीतकालीन सत्र के आगाज से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कहते हुए नजर आते हैं कि यही आशा करता हूं कि शीतकालीन सत्र का माहौल भी शीत रहे। अब समझने वाली बात तो यह है कि प्रकृति की तरह माहौल को शीत रखने के लिए कुछ बेहतर कार्य भी तो करने ही पड़ते हैं। वही पीएम मोदी विपक्ष पर भी वार करने से नहीं चूकते हैं और यह भी कह जाते हैं कि यह दुर्भाग्य ही है कि मुट्ठीभर लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को हुडदंगबाजी से कंट्रोल करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों को जनता देखती और सजा देती है। जिन्हें जनता ने 80 बार नकारा वो संसद का काम रोकते हैं। यह कहते हुए शायद पीएम मोदी भूल जाते हैं कि किस जतन और सालों की मेहनत के बाद भाजपा अब गठबंधन के सहारे केंद्र में बागडोर संभालने पहुंची है। आईने के मिजाज की तरह वो बात करते नजर आते हैं, ऐसे ही आईने के लिए किसी शायर ने क्या खूब कहा है- आईने की फितरत भी किस तरह सियासी है, ये भी शक्त इंसां को जाहिरी दिखाता है। जहां तक संभल हिंसा का सवाल है तो बताया जा रहा है कि हिंसा उस वक्त भड़क उठी जब मुगलकालीन एक मस्जिद का अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण करने दोबारा टीम पहुंची थी। भीड़ के बीच में से ही कुछ लोगों ने सर्वे टीम पर पत्थरबाजी शुरु कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बल प्रयोग किया, आंसू गैस के गोले दागे गए और फायरिंग भी हुई। इस हिंसा में इंसानी खून बहा और मौतें भी हुईं। इसके बाद पुलिस ने मामले भी दर्ज किए और लोगों की गिरफ्तारियां भी हुईं। अब इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष जहां राज्य की योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगा रही है तो वहीं संसद में विपक्ष ने मोदीनीत सरकार को भी घेरने में कोई कोर-कसर वाकी नहीं रखी है। सदन में संभल हिंसा पर चर्चा की मांग करता विपक्ष और हंगामे की भेंट दोनों सदनों की कार्रवाई भेंट चढ़ गई। अंतत- धर्म और आस्था के नाम पर जिस तरह से देश में हिंसक घटनाओं को प्रायोजित करने का खेल चलता रहा है, वह किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता है। इस तरह के मामलों को हल करने के लिए भारतीय संविधान की गाइडलाइन के तहत न्यायपालिका का सहारा लिया जाना चाहिए। कोशिश की जानी चाहिए कि शांतिप्रिय ढंग से मसले का हल निकल आए। पर अफसोस कि जहां राजनीति समाहित हो जाती है, वहां समस्या का समाधान नहीं निकलता, बल्कि वही होता है जो उत्तर प्रदेश के संभल में देखने को मिल रहा है।

**-डॉ हिदायत अहमद खान**

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि "आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।" आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमंर विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है।

**-ललित गर्ग**

## करते हैं सम्मान खाकी वर्दी का

करते हैं सम्मान खाकी वर्दी का
करते हैं हम मान खाकी वर्दी का

देश भक्ति जन सेवा ही मक़सद है
करते हैं गुणगान खाकी वर्दी का

कर्तव्य निष्ठा जिसने दिखलाई है
फैला कीर्तिमान खाकी वर्दी का

जान गवाई है रक्षा में कर्मवीरो ने
भूलेंगे ना बलिदान खाकी वर्दी का

डिवटी पर तैनात सिपाही है देखो
होता है यशगान खाकी वर्दी का

**-किशोर छिपेश्वर 'सागर'**
**बालाघाट**

## बेहूदा दोस्तों

दौलत पर है दुनिया फ़िदा दोस्तों
लोग समझते हैं इसे खुदा दोस्तों।

यूं तो बहुत है जिंदगी की राहें,पर
चलो उस राह जो है जुदा दोस्तों।

अपनी हार मंजूर है पर है ये ख़बर
एक की नहीं जीतता सदा दोस्तों।

भीड़ में भेड़-बकरिया चला करती है
शेर से सीखो जीने की अदा दोस्तों।

काम इंसा का है इंसा के काम आना
आकर के काम बनो न ख़ुदा दोस्तों।

हालात के खौंफ से जो खुदकुशी करें
वो आदमी नहीं,है बैल-गधा दोस्तों।

हुश्न के है दिवाने इन दिनों के मुहिब
प्यार,वफ़ा की बातें हैं बेहूदा दोस्तों।

**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा बालाघाट**

# इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। लेवाली के चलते सोमवार को अनाज मंडी में चना सुधार पर रहा। तुअर व मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन मजबूत रहा। किराना जिंसों में शक्कर सुस्त रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में ताजा लेवाली के चलते बाजार सुधार पर रहे। चना बड़कर 6825-6850 रू. प्रति क्विंटल पर आ गया। तुअर व मसूर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार सुस्त-सुस्त ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 4250-4300 रू. प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। उधर, किराना जिंसों में शक्कर में नरमी जारी रही। भाव इस प्रकार रहे -

किराना - शक्कर 3890-3920, खोपरा गोला 160-190, खोपरा बूरा 3500-5500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 290-292, ऊंझा हल्का 292-305, मीडियम 308-316, बेस्ट 323-326, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 101-105, मीडियम 120-125, बेस्ट 175-225, सौंफ बारी ?क 280-325, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-880, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 245-262, जायफल 700-725, बेस्ट 735, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1675-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 760-775, बेस्ट 800-815, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2400, मीडियम 2775-2950, बोल्ड 3050-3175, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1675, बेस्ट 1650-1725, तरबूज मगज 440-450, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750-800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1850-1900, मैदा कट्टा 1920-1930, रवा कट्टा 1980-2000, बेसन 3700 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2260-2300, (160) 2600-2650, (200) 3000-3050, (250) 3500-3550

तेल - सींगदाना 1450-1460, मुम्बई 1460, राजकोट तेलिया 2370-2380, सोया साल्वेंट 1230-1240, सोया रिफाइंड 1270-1275, कपास्या 1260, धूलिया 1270, कड़ी 1270,

रात की धारणा - गुजरात लुज 1460, मुम्बई पाम 1280, मुम्बई सोया 1280,

खली - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 (प्रति क्विंटल)

तिलहन - सरसो 5800-5850, एवरेज 5600-5650, रायडा 5400-5500, सोयाबीन 4250-4300, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

दलहन - चना कांटेवाला बेस्ट 6825-6850, एवरेज 6600-6700, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 9000-9200, तुअर महाराष्ट्र 10300-10500, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8500-8600, शंकर 8200-8300, हल्की 7800-8000,

दाल - चना दाल एवरेज 8800-8900, मीडियम 9000-9100, बोल्ड 9200-9400, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15200-15300, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

अनाज - गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

चावल - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

मावा - इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

# रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 84.35 डॉलर पर

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजारों के मजबूत रुख के बीच रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 84.35 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर सूचकांक के ऊंचे स्तर तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष के बढ़ने से पिछले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि जैसे कारक अमेरिकी डॉलर, भारतीय मुद्रा की जोड़ी के लिए बड़ी बाधाएं हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.38 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 84.35 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.93 पर रहा।

# आज का राशिफल



**मेष** - आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका कोई परिजन आपसे धन उधार मांग सकता है। आपको किसी पुरानी इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे, क्योंकि आपको कोई दी गई सलाह आपके बिजनेस को चरम तक पहुंचाएगी।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी टेंशन से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई किसी बात को लेकर झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपनी बात लोगों को सामने अवश्य रखें। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। आध्यात्म के कार्यों में आप आगे बढ़ेंगे। बिजनेस के कामों में अधिक कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य से कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घर में किसी नए वाहन के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए आपको बड़े सदस्यों से बातचीत करनी होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए कुछ मुश्किलें लेकर आने वाला है। आपको यदि कोई प्रोजेक्ट मिलने वाला था, तो उसमें भी आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों को मार्केट की चाल को देखकर ही इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। आप किसी नई वस्तु को लेकर आ सकते हैं। आपकी शुभ-सुविधाएं बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आप किसी बेवजह के लड़ाई झगड़े से दूर ही रहे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी निवेश को करने से पहले आपको उसकी पूरी जानकारी देनी होगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपके अंदर छुपी हुई कला बाहर निकलेगी, जिसे देखकर लोग हैरान रहेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में आप पूरा ध्यान देंगे। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई परेशानी चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। माताजी की सेहत पर आप पूरा ध्यान दें।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई फैसला सोच समझकर लेना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य बनाए रखना होगा। आपको व्यावसायिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आप ध्यान दें, क्योंकि आप किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकते हैं। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।

**धनु** - आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके कुछ नए प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी। किसी परिजन की आपको कोई बात बुरी लग सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो आप उसे पूरा अवश्य करें। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी कार्य कुशलता से लोगों को हैरान करेंगे। आपको सूझबूझ दिखाकर कामों को करने की आवश्यकता है। जो युवा रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे है, उन्हें कोई सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को रखने से बचना होगा।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आप किसी काम को लेकर आलस न दिखाएं, नहीं तो उससे आपके काम लटक सकते हैं। बिजनेस की योजनाओं से आपको अच्छा लाभ मिलेगा और आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार भी मिलने की संभावना है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में भी आप कोई बड़ा लक्ष्य पूरा कर सकते हैं, जिसके बाद आप कोई पार्टी का आयोजन भी करेंगे, लेकिन उसके साथ-साथ आप अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान दें, क्योंकि आपकी लापरवाही के कारण आपकी कोई समस्या बढ़ सकती है।

## शब्दजाल - 7731

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'हार' शब्द लगा है। नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | स | बी | ला | प | इ | ज | हा | र | क | मां |
| ग | दा | औ | प | रि | लै | ला | दि | शा | को | क |
| इ | ब | म | रि | दा | ल | अ | प | रि | हा | र |
| कु | हा | रु | हा | त | स | द | व | हा | र | म |
| व | र | न्ह | र | क | ते | रि | ग | स | ता | द |
| म | रि | प | व | गा | स | मा | हा | र | न | ती |
| गा | नु | स | अं | प | म | खे | क | ला | व | क |
| उ | जी | हा | ला | क | शा | सौ | व | हा | जू | क |
| प | थो | तें | र | ल | ज | का | त | न | नी | द |
| हा | ल | व्य | व | हा | र | ऐ | हा | न | हा | थ |
| र | सा | ल | व | कु | श | जा | एं | र | क | र |

उपहार, परिहार, अपरिहार, समाहार, मनुहार, सदाहार, शाकाहार, खेवनहार, इजहार, व्यवहार

## शब्दजाल - 7730 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**26 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.55 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 10.00 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.47 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.20 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.50 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 16.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.28 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.42 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.58 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 01.10 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | तुला | 03.21 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.35 ब.से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 331 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 03.48 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 04.35 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** प्रीति 14.13 बजे को समाप्त। **करण** बव 14.26 बजे तदनन्तर बालव 03.48 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872175 **जूलियन दिन** 2460640.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 23 **विशेष** उत्पत्रा एकादशी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः कर्त्तव्य की भावना

यह काफी पुरानी घटना है। मद्रास प्रांत के एक स्टेशन के निकट एक पॉइंटमैन अपना पॉइंट (वह उपकरण जिससे गाड़ियों का ट्रैक बदला जाता है) पकड़े खड़ा था। दोनों ओर से दो गाड़ियां अपनी पूरी गति से दौड़ी चली आ रही थीं। उस दिन मौसम खराब था और वह आंधी-तूफान का संकेत दे रहा था। ऐसे भयावह मौसम में रोशनी के भी भरपूर साधन नहीं थे। पॉइंटमैन अपने काम के लिए मुस्तैदी से तैयार था। तभी उसे अपने पैरों पर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। उसने देखा तो दंग रह गया। एक सांप उसके पैरों से लिपट रहा था। पॉइंट उसके हाथ में था। डर के कारण उसकी घिग्घी बंध गई। किंतु तभी उसने सोचा कि यदि वह पॉइंट हाथ से छोड़ देगा तो ऐसे में दोनों गाड़ियां परस्पर भिड़ जाएंगी और असंख्य लोगों की मृत्यु हो जाएगी। सांप के काटने से तो अकेले सिर्फउसकी जान जाएगी लेकिन असंख्य लोगों की जान बच जाएगी। कम से कम मरते-मरते वह असंख्य लोगों की जान बचाने का पुण्य तो अजिर्त कर ही लेगा। यह सोचकर वह बिना हिला-डुले पॉइंट को पकड़े खड़ा रहा। कुछ ही देर में दोनों रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट तेज हुई और रेलगाड़ियां आराम से पॉइंट मैन के द्वारा पकड़े गए पॉइंट की सहायता से अलग-अलग ट्रैक पर निकल गईं। उधर सांप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर पॉइंटमैन का पैर छोड़कर चला गया। रेलगाड़ियों के जाने के बाद जब पॉइंटमैन का ध्यान अपने पैरों की ओर गया तो वह यह देखकर दंग रह गया कि वहां कुछ न था। यह देखकर उसके मन से स्वतः ही निकला, 'सच ही है, जो इंसान सच्चे मन से लोगों की मदद करते हैं उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करते हैं। 'बाद में जब इस घटना का पता अधिकारियों को चला तो उन्होंने न सिर्फ पॉइंट मैन को शाबासी दी अपितु उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6675

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

## फिल्म वर्ग पहेली- 6674

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6984

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6983 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 8199

**बाएँ से दाएँ**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना -4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ -2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

**शब्द पहेली -8198 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ह | ल | क | | क | ल | र | व |
| क | द | | हा | ज | मा | | | र |
| ह | | ना | नी | | ल | व | | दा |
| र | च | ना | का | र | | सा | ल | न |
| | र | | र | | स | | ह | |
| र | स | द | | ता | ली | ब | जा | ना |
| वा | | ल | क | | के | ला | | ट |
| य | | | स | ज | दा | | ना | क |
| त | ल | घ | र | | र | ह | म | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सेंसेक्स 992 अंक, निफ्टी 314 अंक चढ़ा
## सरकारी बैंकों के शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े

मुंबई । हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 992 अंक की तेजी के साथ 80,109 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 314 अंक की तेजी रही, ये 24,221 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 976 अंक चढ़कर 53,589 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी और 7 में गिरावट रही। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 4.16 प्रतिशत चढ़ा।

एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस ने बाजार को सबसे ज्यादा ऊपर चढ़ाया। जबकि, इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और एशियन पेंट ने बाजार को नीचे खींचा।

### अडाणी ग्रुप की कंपनियों में निवेश नहीं करेगी टोटल एनर्जीज

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का



शेयर आज 11.36 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 932.90 रुपए के साथ दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। हालांकि, बाद में यह थोड़ा संभलकर 9.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 955.00 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। दरअसल, फ्रांस की प्रमुख एनर्जी कंपनी टोटल एनर्जीज ने सोमवार को कहा कि जब तक अडाणी ग्रुप के लोगों के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोप और उनके परिणाम स्पष्ट नहीं हो जाते, तब तक वह ग्रुप की कंपनियो को कोई भी नया फाइनेंशियल कॉन्ट्रिब्यूशन नहीं देगी। इसी के बाद अडाणी ग्रीन एनर्जी सहित अडाणी ग्रुप की अन्य कंपनियों में भी गिरावट देखने को मिली। कंपनी ने बयान जारी करते हुए कहा कि टोटल एनर्जीज को अमेरिकी अधिकारियों की ओर से लगाए गए आरोपों के बारे में पता चला है। टोटल एनर्जीज किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को अस्वीकार करती है। सितंबर तक अडाणी ग्रीन एनर्जी और उसके ज्वाइंट वेंचर में टोटल एनर्जीज का निवेश कुल 3.2 बिलियन डॉलर था।

### विदेशी निवेशकों ने 1,278.37 करोड़ के शेयर बेचे

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.30 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। 22 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.97 प्रतिशत चढ़कर 44,296 पर और एसएंडपी 500 0.35 प्रतिशत बढ ?र 5,969 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.16 प्रतिशत चढ ?र 19,003 पर बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 22 नवंबर को 1,278.37 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 1,722.15 करोड़ के शेयर खरीदे।

# सोने का भाव 76,600 रुपए, चांदी 89,500 रुपए के करीब

नई दिल्ली। इस सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में नरमी देखी जा रही है। सोमवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सुस्त शुरुआत के बाद सोने-चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 616 रुपये की गिरावट के साथ 77,000 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 1,043 रुपये की गिरावट के साथ 76,573 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 435 रुपये की गिरावट के साथ 90,333 रुपये पर खुला। इस समय यह




1,345 रुपये की गिरावट के साथ 89,423 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,716.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,712.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 41.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,671.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.40 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.33 डॉलर था। इस समय यह 0.50 डॉलर की गिरावट के साथ 30.83 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# नेपाल का व्यापार घाटा 460 अरब के पार

काठमांडू । नेपाल का व्यापार घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह में 460 अरब रुपये से अधिक हो गया है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार नेपाल ने चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान 513.38 अरब रुपये के सामान का आयात किया, जबकि निर्यात केवल 52.67 अरब रुपये तक ही रहा। विभाग के अनुसार नेपाल ने चार महीनों में कुल 566.5 अरब रुपये के विदेशी व्यापार में 460.71 अरब रुपये का व्यापार घाटा देखा। आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में आयात 0.17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निर्यात में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में नेपाल का भारत के साथ व्यापार घाटा 281 अरब रुपये को पार कर गया है।

# कृषि विभाग ने नक्सल प्रभावित ग्रामों में पंहुचकर कुलथी, कोदो कुटकी फसल का किया निरीक्षण

## नरवाई पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध होगी कार्रवाई





लांजी (पद्मेश न्यूज)। कृषि विभाग लांजी के द्वारा 24 नवंबर को लांजी क्षेत्रान्तर्गत नक्सल प्रभावित ग्रामों में पंहुचकर कुलथी, कोदो कुटकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि सभापति टुमनलाल घोरमारे, जनपद सदस्य महेश चौधरी, ग्राम सरपंच सुरेंद्र मडावी, एवं कृषि विस्तार अधिकारी कुलदीप गणवीर, एईओ एकता पंद्रे व अमित नारनौरे तथा लाभार्थी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कोदो कुटकी की कटाई प्रारंभ हो चुकी है विभाग के द्वारा ग्राम नल्लेझरी, बेलगांव एवं हर्रादेही ग्रामों के पिछड़ी जाति बैगा वन पट्टा धारी किसानों को सरसों मिनिकीट एवं मसूर मिनिकीट का वितरण लाभार्थी किसान दसरूलाल मडावी, ओमकार सिंह, तीजलाल, बिसरू/परसू, गोपाल मडावी, मनसुख मडावी, नरपत मडावी, रामलाल मडावी एवं अन्य 20 किसानों को वितरण किया गया।

### किसान पराली नरवाई ना जलाये अन्यथा होगी कार्यवाही

कृषि विभाग के द्वारा किसानों को शासन द्वारा बनाये गये निर्णय, नियमों को बताते हुये कहा कि खेत में पराली/ नरवाई को जलाने वाले किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। राष्टीय हरित कोर (एनजीटी) के अंतर्गत प्रावधानों और मध्य प्रदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत व्यापक लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए नरवाई जलाने वाले किसानों को खिलाफ एफ आई आर की कार्यवाही करते हुए जेल की सजा और जुर्माने जैसे कठोर कार्यवाही की जा रही है। सभी किसान भाईयों को इस कार्यवाही से बचाने और पराली नरवाई जलाने से रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### नरवाई पराली जलाने से नुकसान

नरवाई पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है जिससे धरती का तापमान बढ़ रहा है। आगजनी की घटनाओं के कारण जान माल, पशु पक्षियों को नुकसान हो रहा है। मिट्टी में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणुओं और किसानो के मित्र केंचुए कम हो रहे हैं। खेत की मिट्टी पत्थर जैसे कड़ी हो रही है जिस कारण खेत जोतने की लागत बढ़ रही है। 2 से 3 बार कल्टीवेटर चलाना पड़ रहा है। किसानों को अनावश्यक रूप से खेती की लागत में बढ़ोत्तरी हो रही है। खेत कड़ा होने के कारण जमीन में पानी का स्तर कम हो गया है।

### नरवाई पराली के लाभ

किसान भाई खेत में पराली नरवाई को जलाएं नहीं बल्कि खेत में सिंगल सुपर फास्फेट को छिड़ककर पानी चला दे इससे खेत की पराली नरवाई जल्दी सडने् लगेगी और खेत में खाद का काम करेगी और खेत की उर्वरकता को बढ़ाएगी। खेत में जीवांश और कार्बनिक पदार्थ में वृद्धि करेगी। इससे मिट्टी में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणुओं की संख्या बढ़ेगी और उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। सुपर सीडर और हैप्पी सीडर से गेहूं चना की फसल की बोआई करने के लिए प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इच्छुक किसान आपके कृषि विस्तार अधिकारी से बात कर जानकारी ले सकते हैं।

# सरस्वती जनजाति संस्कार केन्द्र की आचार्य दीदीयों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 23 व 24 नवम्बर को सरस्वती जनजाति संस्कार केन्द्र जिला बालाघाट संकुल लांजी का दो दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण सरस्वती जनजाति संस्कार केन्द्र जिला संयोजक एवं व्यवस्थापक व सचिव सरस्वती शिशु मंदिर लांजी विजय रामटेककर के निर्देशन में जिला समन्वयक नरेंद्र मरावी, संकुल समन्वयक लांजी श्रीमती कौशल्या लिल्हारे, निरेश बाहेश्वर संकुल समन्वयक बैहर लामता, राकेश मर्सकोले संकुल समन्वयक परसाटोला के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वनांचल सूदूर क्षेत्र में कार्यरत सरस्वती जनजाति संस्कार केन्द्र के 22 आचार्य दीदीयों ने प्रशिक्षण में भाग लिया प्रथम दिन मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया, इसके उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को गणित, पर्यावरण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। संध्या में शाखा के माध्यम से शारीरिक व खेलकूद विषय पर जानकारी दी तथा संघ प्रार्थना के साथ शाखा सम्पन्न की गई। दूसरे दिन प्रात: योगा, प्राणायाम, आसन के बारे में बताया गया। वनांचल में कार्यरत संस्कार केन्द्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं गत माह की समीक्षा व वर्तमान माह की कार्य योजना से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण वर्ग में जनजाति संस्कार केन्द्र पौसेरा, पीपलगांव, ओटेकसा, कालीमाटी, अमेड़ा, खुर्शीटोला, सावरी, बिरनपुर, सर्रा, वालेगांव अ, बड़गांव क, खोलमारा, देवलगांव, सुरसुरी, वालेगांव ब, धारमारा, बीजागढ़, बोथली, अंधियाटोला, टेकेपार, कड़ता, बड़गांव म के आचार्य दीदीयां शामिल हुई।



# शा.हाई स्कूल सुनारककोड़ी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को वितरित की सायकिलें

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुनारककोड़ी के शासकीय हाई स्कूल में शासन की योजनानुसार कक्षा नवमी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को जो कि दूसरे ग्राम से विद्या अध्ययन करने आ रहे हैं उन्हें 23 नवंबर को अतिथियों के हस्ते योजनांतर्गत पात्र 44 बालिकाओं तथा 52 बालकों को सायकिलें वितरित की गईं। शासन की यह बहुत ही अच्छी योजना है जिसके अंतर्गत वर्तमान समय में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं की विद्यालय आने-जाने की समस्या का निराकरण किया जा रहा है । यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सुनारककोड़ी की सरपंच चित्रलेखा बापुरे, भागचंद आसटकर (पंच) तथा मधुकर तांडेकर, महेन्द्र रंगारी व सुभाष सोनवाने की उपस्थिति मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी एम.एल.येड़े, वरिष्ठ शिक्षक एन.गजभिये, एच.कटरे, एस.सोनवाने, संगीता घोरमारे, कपिल पटले व बी.एड. छात्राध्यापिका अनिता अगासे आदि उपस्थित रहें ।



# कान्द्रीकला में आज से पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत कान्द्रीकला में आज 26 नवंबर से 11 स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पंचायती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्व. लखाराम मोरघड़े एवं स्व. अंकित बोहरे की स्मृति में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रूपये विजेता एवं उपविजेता को प्रदान की जावेगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री हिना कावरे पूर्व विधायक लांजी किरनापुर, मीरा सिंघनधुपे जिला पंचायत सदस्य, चंन्द्रभान सहारे, खेलनबाई बहेकार, शिवचरण मोरघड़े, फुलसराम चोले, संजय परते, इन्द्रपाल मड़ावी, भागवत टोढरे, ओमप्रकाश खोबरागड़े, राधेश्याम पारधी, धेडूलाल चोले, मधुसूधन मिश्रा, संजीव ठाकरे, नारायण मिश्रा, घनश्याम पारधी, योकराम सहारे, जियालाल ठाकरे आदि की प्रमुख उपस्थिती में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में स्व मालन बाई रामाजी ठाकरे की स्मृति में प्रथम एवं द्वितीय शिल्ड ध्रुव ठाकरे की ओर से प्रदान की जावेगी। उक्त प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, ऑलराऊण्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बॉलर फाईनल, मैन ऑफ द मैच फाईनल एवं हैट्रिक सिक्स फाईनल प्रत्येक मैच में प्रदान किया जायेगा।

# संविधान दिवस पर आज किरनापुर मे होंगे विविध कार्यक्रम

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे आज 26 नवम्बर, दिन मंगलवार को संविधान दिवस कार्यक्रम अम्बेडकर नगर किरनापुर मे बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण आम्बेडकर नगर किरनापुर मे किया जाएगा। तथा शाम 4 बजे पूजा वंदना, शाम 5 बजे से भोजनदान, शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रमों में वक्ताओं द्वारा अपने उद्बोधन दिए जाएंगे। तत्पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र की प्रसिद्ध नवरंग लावणी का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम मे उपस्थित होने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष उमा ताई मेश्राम सहित समस्त सदस्यों ने की है।

# तेज रफ्तार हाइड्रा ने स्कूटी को मारी टक्कर

## अधिवक्ता युनुस मोहम्मद कुरैशी गंभीर रूप घायल





लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार वाहनों के चलाए जाने के चलते आए दिन घटना दुर्घटनाएं घटित हो रही है, इसके बावजूद इस पर रोक नहीं पा रही है। ऐसी ही एक दुर्घटना 25 नवम्बर को सुबह लगभग 10.45 बजे क्षेत्र के ग्राम घोटी घुसमारा चौक के समीप घटित हुई जिसमें लांजी से बालाघाट की ओर तेज रफ्तार से जा हाइड्रा क्रमांक एमपी 22 डीए 0138 के चालक ने किरनापुर से लांजी एक्टीवा स्कूटी एमपी 50 एम एच 3918 से आ रहे अधिवक्ता युनुस कुरैशी को टक्कर मार दी। जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में घायल अधिवक्ता युनुस मोहम्मद कुरैशी पिता इशाक मोहम्मद कुरैशी उम्र 55 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 किरनापुर निवासी ने बताया कि वे सुबह 10 बजे अपनी एक्टीवा स्कूटी एमपी 50 एम एच 3918 से लांजी कोर्ट जाने के लिए निकले थे कि लगभग 10.45 बजे घोटी घुसमारा चौक के समीप सामने से आ रहे हाइड्रा क्रमांक एमपी 22 डीए 0138 ने टक्कर मार दी। इस घटना में अधिवक्ता युनुस कुरैशी का पैर टूट गया एवं गंभीर चोटें आई। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार उपरांत परिजनों द्वारा उच्च उपचार के लिए गोंदिया निजी चिकित्सालय में ले जाया गया।



# बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी नृत्य रहे आकर्षण का केन्द्र

## कार्यक्रम स्थल पर आदिवासियों से जुड़े मुद्दे छाए रहे

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। देश की स्वतंत्रता, जल, जमीन ,जंगल के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करने वाले आदिवासी जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किरनापुर के हेटी ग्राम मे मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम फड़ाफेन गोगो के पूजन अर्चन से की गई। तत्पश्चात् कार्यक्रम स्थल हेटी किरनापुर से सर्व आदिवासी समाज संगठन किरनापुर हट्टागढ़ बावड़ी समिति हट्टा एवं गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा पारंपरिक वेशभूषाओ मे किरनापुर नगर भ्रमण हेतु विशाल रैली निकाली गई। रैली के दौरान युवाओं द्वारा डी जे की धुनों पर थिरकते हुए पारंपरिक आदिवासी नृत्य करते रहे एवं आदिवासी समुदाय के महानायकों बिरसा मुंडा, बाबा साहब आम्बेडकर सहित अनेक महापुरूषों के जयकारे लगाए गए। रैली के नगर भ्रमण उपरांत पुन: कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रमों का शुभारंभ बिरसा मुंडा, बाबा साहब आम्बेडकर एवं अन्य महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। सर्वश्री पूरनलाल कावरे की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित इस कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप मे आदिवासी समाज संगठन ब्लॉक अध्यक्ष तिलकचंद खंडवाहे, भुवन सिंह कोर्राम, राहुल प्रधान, जनपद सदस्य सरिता उईके, परसराम गुरूबेले, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक वी एन मेश्राम, एम आर बागड़े, एन एल निकुसे, वाय आर रामटेके, एस आर पटले सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान आदिवासी समाज संगठन के युवाओं द्वारा रंगारंग पारंपरिक आदिवासी नृत्य की प्रस्तुतियों से उपस्थित जन समुदाय को आनंदित कर दिया। इस अवसर पर आदिवासी धर्म परिषद के प्रदेश अध्यक्ष भुवन सिंह कोर्राम ने बताया कि बिरसा मुंडा ने अल्प समय मे आदिवासियों के अधिकारों जल, जमीन और जंगल के लिए संघर्ष किया। और समाज में व्याप्त अंधविश्वास और रूढ़िवाद को मिटाने के लिए काम किया। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों के संविधान मे दिए गए हक अधिकारों को दिलाने ऐसे प्रतिनिधियों को तैयार करने के बारे मे विचार कर गंभीरता से सोचना होगा। वही इस अवसर पर मुख्य अतिथि राणा कल्याण सिंह ने अपने उद्बोधन मे कहा कि आदिवासी समाज अपनी सभ्यता और संस्कृति से दूर होता जा रहा है, हमे अपनी विरासत को बचाने के लिए कार्य करना होगा। हम संविधान मे दिए गए अधिकारों की बात तो करते है किंतु उसमें दिए गए कर्त्तव्यों को भूल जाते है। अपने गांव और देश के प्रति कर्तव्यों को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज में व्याप्त रूढीं प्रथा, नशा मुक्ति, पेशा एक्ट, स्वास्थ्य और शिक्षा, एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर, वन अधिकार नियम, जनजातीय भाषाओं का संरक्षण, बेरोजगारी की समस्या, आदिवासी मुलना परिषद पलायन की समस्या, आदिवासी उप योजनाएं, टुंडा मंडा कुंडा सहित अन्य विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। तथा इन विषयों की लगाई गई तख्तियां उपस्थित लोगों के बीच प्रमुख चर्चाओं सहित आकर्षण का केन्द्र बनी रही इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने मे समस्त आदिवासी सगाजनों द्वारा अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

### रावत की हार के बाद कयासों का दौर शुरू

# मोहन सरकार में जुड़ेंगे नए 'साथी'

भोपाल। मप्र में मोहन यादव की 11 महीने पुरानी सरकार में जल्दी ही कुछ बदलाव हो सकते हैं। मौजूदा मंत्रिमंडल में कुछ नए नामों को शामिल करने की तैयारी है। इस नई आमद में उन लोगों को वरीयता दिए जाने की संभावना है, जो कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा को मजबूत करने आए थे। इस विस्तार में उन विधायकों को भी पद से नवाजा जा सकता है, जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान अपना बेहतर प्रदर्शन दिया है। दरअसल, प्रदेश सरकार में वन मंत्री रहे रामनिवास रावत की विजयपुर उपचुनाव में हुई हार के बाद मप्र मंत्रिमंडल में बदलाव के कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं रामनिवास रावत करीब 7 महीने पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। मप्र सरकार में उन्हें वन मंत्री बनाया गया था, लेकिन उपचुनाव में हार के बाद रावत के राजनीतिक भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि कांगेस से 6 बार विधायक रहे रावत अब कांग्रेस में तो वापस जाने से रहे। अब भाजपा में रहकर आगे की राजनीति करना उनकी मजबूरी है। हालांकि चुनाव हारने के बाद भाजपा में उनकी आगे की राह आसान नहीं होगी। उन्हें किसी निगम, मंडल में अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

दिसंबर 2023 में वजूद में आई प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार में इस समय मुख्यमंत्री सहित कुल 30 मंत्री(रामनिवास रावत के मंत्री पद छोड़ने के बाद) मौजूद हैं। इनमें 19 कैबिनेट मंत्री, छह स्वतंत्र प्रभार वाले और चार राज्यमंत्री का ओहदा रखने वाले मंत्री शामिल हैं। प्रदेश मंत्रिमंडल के आकार के लिहाज से फिलहाल इसमें पांच और मंत्रियों को शामिल किए जाने की गुंजाइश है। इसके मुताबिक मंत्रिमंडल विस्तार को आकार दिए जाने की चर्चाएं चल पड़ी हैं। सूत्रों का कहना है विस्तार कवायद में पहली तरजीह कांग्रेस से पलायन कर भाजपा की शरण में आए कमलेश शाह का नाम प्राथमिकता से गिनाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि संभवतः इन विधायकों की भाजपा आमद की शर्तों में एक बिंदु शामिल रहा होगा।



### रावत के इस्तीफे से बनी स्थिति

गौरतलब है कि विजयपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत को वन मंत्री रहते उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। रावत कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से चुनाव हार गए। इससे भाजपा को बड़ा झटका लगा है। चुनाव परिणाम आने के कुछ घंटे बाद ही रामनिवास रावत ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। रावत के मंत्री पद से इस्तीफा देने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें लगाई जा रही हैं। यदि मंत्रिमंडल विस्तार होता है, तो विधायक कमलेश शाह को मंत्री बनाया जा सकता है या नए चेहरे कैबिनेट में शामिल होंगे, यह बड़ा सवाल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को यूके व जर्मनी के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे एक दिसंबर को भारत वापस आएंगे। इसके बाद ही मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर फैसला होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल, 2024 में तत्कालीन कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने 8 जुलाई को मंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया था। उनके इस्तीफे से रिक्त हुई विजयपुर सीट पर हुए उपचुनाव में रावत को हार का सामना करना पड़ा और उन्होंने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस तरह रावत 138 दिन मंत्री रहे। बड़ा सवाल यह है कि रावत के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद वन एवं पर्यावरण विभाग का जिम्मा किसे सौंपा जाएगा? जुलाई में जब मंत्री नागर सिंह चौहान से वन विभाग छीनकर रामनिवास रावत को दिया गया था, तो इससे नाराज नागर सिंह ने मंत्री पद छोड़ने की धमकी दे दी थी। इसके बाद पार्टी ने डैमेज कंट्रोल कर लिया था। वर्तमान में नागर सिंह चौहान अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री हैं। क्या चौहान को फिर से वन विभाग का जिम्मा सौंपा जाएगा, यह आने वाले दिनों में सामने आएगा।

### कमलेश शाह बन सकते हैं मंत्री

अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान मार्च में कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली थी। भाजपा जॉइन करने के साथ ही उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। सूत्र का कहना है कि भाजपा ने उन्हें मंत्री बनाने का आश्वासन दिया था, जिससे शाह भाजपा में शामिल हुए थे। अमरवाड़ा में जुलाई में हुए उपचुनाव में कमलेश शाह ने जीत दर्ज की थी। तभी से उन्हें मंत्री बनाए जाने की अटकलें लगाई जा रही है, लेकिन रावत को मंत्री बनाए जाने से पार्टी नेताओं की नाराजगी को देखते हुए शाह को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई। अब चूंकि रामनिवास रावत चुनाव हार गए है, इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे कमलेश शाह को मंत्री बनने की आस बढ़ गई है। विधायकों की संख्या के मान से मप्र सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री के अलावा 34 मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है। मोहन कैबिनेट में 31 मंत्री थे। रामनिवास रावत के चुनाव हारने के बाद मंत्रियों की संख्या 30 बची है। इस तरह कैबिनेट में अभी 4 मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है। पार्टी के कई विधायक मंत्री बनाए जाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### निर्मला सप्रे का क्या होगा

विजयपुर में मंत्री रहते रामनिवास रावत की उपचुनाव में हार ने बीना विधायक निर्मला सप्रे की नींद उड़ा दी है, क्योंकि यदि बीना में उपचुनाव की स्थिति बनती है, तो उन्हें रावत की तरह कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उपचुनाव को देखते हुए निर्मला सप्रे सरकार पर बीना को जिला बनाने की घोषणा करने को लेकर दबाव बना चुकी है, लेकिन पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह की नाराजगी के चलते सरकार ने इसकी घोषणा नहीं की है। उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जुलाई में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को आवेदन दिया था, जिस पर स्पीकर तोमर ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। उमंग सिंघार ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाने की बात कही है।

## अब ट्राइ, आयकर के नाम पर धमकी

### - साइबर ठग लगातार बदल रहे हैं अपना ठगने का तरीका

भोपाल। हैलो, मैं आयकर विभाग से बात कर रही हूं। आपके खाते से कुछ संदिग्ध लेनदेन हुआ है। इस वजह से आपका खाता फ्रीज किया जा रहा है। आपके खाते से यह राशि अगले दो घंटे में काट ली जाएगी। अगर परेशानी से बचना है तो दो दबाएं, प्रतिनिधि से बात करने के लिए नौ दबाएं। सामान्य सी लगने वाली यह बातचीत ठगी का प्रयास भी हो सकता है। ठगों ने अब बैंकों की तर्ज पर ही आइवीआर (इंटरएक्टिव वायस रिस्पांस) काल के माध्यम से ठगी शुरू कर दी है।



साइबर ठगी का यह नया पैंतरा है। ठग इस तरह आपको फंसाकर आपका खाता खाली कर सकते हैं। सतर्क रहने की जरूरत इसलिए है क्योंकि विशेषज्ञ कहते हैं कि सरकारी एजेंसियां कभी मोबाइल नंबर से आईवीआर काल नहीं करतीं। वहीं ठगोरे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी टेलीकाम रेगुलेटरी अथारिटी आफ इंडिया (ट्राइ) का नाम बताकर आईवीआर काल कर रहे हैं। जिसमें बताया जाता है कि उनके मोबाइल का डाटा इस्तेमाल संदिग्ध है। इंटरनेट ब्राउजिंग और कालिंग संदिग्ध हैं। मोबाइल अगले दो घंटे में बंद हो जाएगा। उसके के बाद कंपनी के प्रतिनिधि से बात करने के लिए नंबर डायल कराया जाता है। फिर ओटीपी पूछा जाता है, ओटीपी बताते ही पे-वालेट से रुपए निकल जाते हैं।

### इन दो विभागों के नाम से फंसाकर हो रही ठगी

**ट्राई-** आईवीआर काल कर बताया जाता है कि आपके मोबाइल से अवांछित काल हुई हैं। फिर प्रतिनिधि से बात करने का विकल्प दिया जाता है। नंबर डायल करते ही काल ट्रांसफर होती है और आपसे कहा जाता है- किसी अपराधी से आपका नंबर कनेक्ट है। अपराध दर्ज है, गिरफ्तार करने तक की धमकी दी जाती है और खाते की जानकारी लेकर या जमानत के बहाने ठगी की जाती है।

**आयकर विभाग-** इसमें खाते से संदिग्ध लेनदेन होने की बात कहकर धमकाया जाता है। फिर प्रतिनिधि से बात करने का विकल्प देकर काल ट्रांसफर होती है। खाते के आडिट के नाम पर आइवीआर से ही पूरी जानकारी ली जाती है और खाते में सेंध लगा दी जाती है।

## मुख्य सचिव आम लोगों से भी करेंगे मुलाकात

भोपाल। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन जल्द आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनने का सलसिला शुरू कर सकते हैं। प्रदेश से मंत्रालय पहुंचने वाले लोगों को भी मुख्य सचिव से मिलकर अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। इसके लिए मुख्य सचिव हफ्ते में कोई दिन निर्धारित कर सकते हैं। हालांकि आम लोगों से मिलना कब शुरू करेंगे, यह अभी तय नहीं है। मंत्रालय में सरकारी कामकाज के मौजूदा ढर्रा में सुधार की दिशा में काम शुरू हो गया है। इसी क्रम में अब मुख्य सचिव लोगों से सीधा संवाद प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। पूर्व में तत्कालीन मुख्य सचिव अंटोनी डिसा और केएस शर्मा भी आम लोगों से मुलाकात करते थे। इस दौरान वे लोगों की समस्याओं भी सुनते थे। तत्कालीन मुख्य सचिव अंटोनी डिसा हर गुरुवार को लोगों से मिलते थे। डिसा के बाद से मुख्य सचिव की आम लोगों से मुलाकात का सिलसिला बंद हो गया था। जिसे अनुराग जैन शुरू करने की तैयारी में है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि अब मुख्य सचिव के नाम पर आने वाली हर शिकायत की मॉनीटरिंग होगी। मौजूदा व्यवस्था में मुख्य सचिव के पास आने वाली ज्यादातर शिकायतों को संबंधित कार्यालयों को भी प्रेषित कर दिया जाता है। शिकायतों का निराकरण हुआ है या नहीं इसकी कोई निगरानी नहीं होती है। लेकिन अब मुख्य सचिव कार्यालय शिकायतों के निराकरण की मानीटरिंग करेगा।

## एयर इंडिया और इंडिगो हैदराबाद-बेंगलुरु के लिए फ्लाइट शुरू करेंगी

भोपाल। राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विंटर शेड्यूल में एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस नई उड़ानों की शुरुआत करने जा रही है। लंबे समय बाद भोपाल को गोवा से एक बार फिर डायरेक्ट कनेक्टिविटी मिलने वाली है। भोपाल एयरपोर्ट से 180 सीटर डायरेक्ट फ्लाइट गोवा के लिए उड़ान भरेगी। इसके अलावा एयर इंडिया एवं इंडिगो एयरलाइंस हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए भी अतिरिक्त फ्लाइट सेवा शुरू करेगी। इससे पहले इंडिगो ने मई 2023 में पहली बार भोपाल से गोवा तक सीधी उड़ान शुरू की थी। इस रूट पर 180 सीटों वाला बोइंग विमान चलाया जाएगा। भोपाल से गोवा तक का सफर एक घंटा 50 मिनट में पूरा होगा। प्रस्तावित उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी छह दिन चलेगी। इसका शेड्यूल भी पैसेंजर फ्रेंडली है।

### -पांच से साढ़े पांच हजार रुपए किराया

नई उड़ान गोवा के डाबोलिम एयरपोर्ट से संचालित होगी। कंपनी ने शुरुआती किराया पांच से साढ़े पांच हजार रुपए तय किया है। एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी भोपाल से उड़ानें शुरू करने की तैयारी की है। कंपनी बेंगलुरु और हैदराबाद उड़ान के साथ ही इसकी शुरुआत कर सकती है। कंपनी ने दिल्ली एवं मुंबई के लिए भी स्लॉट लिया है। यह उड़ानें शुरू हुईं तो यात्रियों को कम किराये में सीटें मिल सकती हैं।

## अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग को साध नहीं पाई भाजपा

भोपाल। विजयपुर उपचुनाव के नतीजों से विधानसभा में दलीय स्थिति पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इस चुनाव की हार ने एक बार फिर भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों के माथे पर चिंता की सिलवटें ला दी है। कांग्रेस अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के मन में भाजपा को लेकर अनचाहा भय बैठाने में कामयाब हुई है। यह डर है कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलने का कुचक्र रच रही है और आदिवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल कर बड़े उद्योगपतियों को थमा देगी।

इसी डर के कारण यह वर्ग न चाहकर भी चुनाव के समय कांग्रेस के साथ खड़ा नजर आता है। भाजपा तमाम कोशिशों के बाद कांग्रेस के नैरिटेव को तोड़ने में नाकाम रही है। यही कारण है कि विजयपुर की विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में आई हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लंबे समय से संविधान की किताब साथ में लेकर घूम रहे हैं। जैसे भाजपा को उच्च वर्ग के हिन्दुओं को अपने पाले में रखने का फार्मूला मिल गया है। उसी तरह कांग्रेस अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के वोटरों को संविधान बदलने और उनकी जमीनें छीनने का डर दिखाकर इस वर्ग के भाजपा के तरफ बढ़ते कदमों को रोकने का प्रयास कर रही है। कम से कम प्रदेश में तो कांग्रेस अपने इस प्रयोग में सफल होती नजर आ रही है।

### फिर मंथन करना होगा

विजयपुर विधानसभा के चुनाव नतीजे ने एक बार फिर भाजपा के रणनीतिकारों के सामने कई सवाल छोड़े हैं। सबसे बड़ा प्रश्न है कि किस तरीके से प्रदेश के अनुसूचित व जनजाति वर्ग के लोगों से कांग्रेस द्वारा उत्पन्न किया गया भय दूर किया जाए। इसके लिए नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मंथन करना होगा।

### भाजपा का हर प्रयोग विफल

इस वर्ग के मन से अनचाहा डर निकालने के लिए भाजपा तमाम कोशिशें कर रह रही है। भाजपा नेता खुले मंच से बोल चुके हैं संविधान बदलने का उनका कोई इरादा नहीं है। भाजपा आरक्षण के मुद्दे पर भी नीति स्पष्ट कर चुकी है। सामाजिक समरसता के लिए तमाम प्रयास कर रही है। संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, बिरसा मुंडा, टंट्या मामा सहित इस वर्ग से युग पुरुषों को सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इन महापुरुषों से जुड़े स्थलों पर जो कार्य भाजपा शासनकाल में हुए वो कांग्रेस के कालखंड में कभी नहीं हुए है। इतिहास में भी इस बात के प्रमाण है कि किस तरह से कांग्रेस की लीडरशिप ने बाबा साहेब को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ थी। आरएसएस भी सामाजिक समरसता के लिए विशेष प्रकल्प चला रही है। इसके बाद भी यह वर्ग अब भी भाजपा से जुड़ने हिचकिचा रहा है।

### खुद के वार्ड में भी हारे रावत

विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में रामनिवास रावत को जहां से सबसे ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद थी वहां से भी कांग्रेस के प्रत्याशी मल्होत्रा जीते। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान के गांव रीछी व जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी के आवदा गांव से भी रावत चुनाव हारे हैं और विजयपुर में खुद ही के वार्ड में भी हार का सामना करना पड़ा।

## मप्र महाधिवक्ता के खिलाफ हाईकोर्ट के वकीलों ने खोला मोर्चा

भोपाल। मप्र हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह के खिलाफ हाईकोर्ट में वकीलों ने ही मोर्चा खोल दिया है। मप्र ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन ने आरोप लगाए हैं कि मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह द्वारा ओबीसी/एससी/एसटी के पक्ष में हाईकोर्ट की डिवीजन बैच द्वारा पारित संवैधानिक फैसलों के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपीले करके इस वर्ग को सामाजिक तथा संवैधनिक न्याय से वंचित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस वर्ग के हितों के विरोध में हाईकोर्ट की डिवीजन बैच द्वारा असंवैधानिक फैसले पारित किए जाते है। उनके खिलाफ सुपीम कोर्ट में अपील नहीं की जाती है। ऐसासिएशन ने कहा कि याचिका क्रमांक 18105/2021 में दिनांक 4/8/23 का फैसला याचिका क्रमांक 8750/2022 में 02/01/23 का फैसला आदि कई फैसले हैं, जो सामाजिक न्याय तथा संविधान के विरूध हैं। मप्र महाधिवक्ता से लिखित में अनुरोध करने के वावजूद भी सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की गईं। जिससे स्पष्ट है की महाधिवक्ता, आरक्षण तथा ओबीसी,एससी, एसटी विरोधी हैं। इनको महाधिवक्ता के पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि मप्र ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन पूर्व में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर महाधिवक्ता पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाकर पद से हटाने की मांग कर चुका है।

## तिमाही परीक्षा के खराब रिजल्ट ने विभाग की बढ़ाई चिंता

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकारी स्कूलों में 9वीं से लेकर 12वीं तक तिमाही परीक्षा कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं के रिजल्ट काफी खराब रहे हैं। खराब परिणाम से विभाग में चिंता बढ़ गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को लेटर जारी कर कहा है कि कमजोर बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाए। वहीं सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रिंसिपलों को निर्देशित किया गया है की छमाही परीक्षा का सभी छात्र-छात्राओं के 60त्न कोर्स पूरा कराया जाए। गौरतलब है कि इस बार तिमाही परीक्षा के रिजल्ट में 10वीं के नतीजे 55 प्रतिशत ही आए हैं।

मध्य प्रदेश के ज्यादातर सरकारी स्कूल अतिथि शिक्षकों की भरोसे चल रहे हैं। शिक्षकों की कमी पूरी कर रहे अतिथि शिक्षकों की भर्ती में काफी लेट हुई जिससे विद्यार्थियों के कोर्स पूरे नहीं हो पाए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए नए नियम के चलते इस वर्ष कई अतिथि शिक्षक बाहर हो गए हैं। नए अतिथि शिक्षकों की भर्ती में काफी समय लगा और लगातार विवाद की स्थिति बनी रही। कई बार अतिथि शिक्षकों ने राजधानी भोपाल में प्रदर्शन भी किया। यही वजह रही की प्रदेश के कई सरकारी स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया और रिजल्ट खराब रहा। अब देखना यह होगा की तिमाही के बाद छमाही परीक्षा में क्या कोर्स पूरा हो पाएगा और बोर्ड परीक्षाओं के लिए सरकार और क्या-क्या कदम उठाएगी।

### दसवीं का सबसे खराब रहा रिजल्ट

जानकारी के लिए बता दें कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नौवीं से 12वीं कक्षा तक की तिमाही परीक्षा का परिणाम जारी किया गया, जिसमें सबसे खराब परिणाम 10वीं का 55 फीसद से कम रहा। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने बेहतर रिजल्ट के लिए कवायद शुरू कर दी है। सभी जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देकर 10वीं व 12वीं कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से विशेष कक्षाएं लगाने के लिए कहा गया है। इस पर सभी जिले के डीईओ ने प्राचार्यों की समीक्षा बैठक बुलाकर कमजोर बच्चों को चिह्नित करने और रेमेडियल क्लास लगाने के निर्देश दिए हैं।

### हर साल गिर रहा रिजल्ट

मध्य प्रदेश में 10वीं में बेस्ट ऑफ फाइव योजना के बावजूद 2022 में 59.54 प्रतिशत, 2023 में 63.29 प्रतिशत और 2024 में 58.1 प्रतिशत परिणाम रहा था। इस योजना के लागू होने के बाद भी पिछले साल 10वीं का परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा था। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस वर्ष भी रिजल्ट ज्यादा सही नहीं रहेगा क्योंकि कोर्स काफी पीछे गया है।

तिमाही परीक्षा में खराब रिजल्ट के बाद अब विभाग को छमाही परीक्षा में सुधार की उम्मीद है। विभाग अधिकारियों और प्राचार्य को लगातार निर्देशित कर रहा है।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच का प्रदर्शन आज

भोपाल । मजदूरों को 26000 रुपए महीना न्यूनतम वेतन, किसानों को फसलों का उचित मूल्य देने सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच के आव्हान पर मंगलवार को श्रमिक और किसान भोपाल में प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। श्रमिक और किसान कोहेफिजा आरओबी से कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर पहुंचेंगे। मंच में समस्त ट्रेड यूनियन (सीटू, इंटक, एचएमएस, एटक) के श्रमिक शामिल हैं।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) के भेल भोपाल के महामंत्री दीपक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत संपूर्ण देश के साथ मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, रैली कर धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी ट्रेड यूनियन, मध्य प्रदेश किसान सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन मप्र और मध्य प्रदेश आदिवासी एकता महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। भोपाल में दोपहर 12 बजे कोहेफिजा पेट्रोल पंप से कलेक्टोरेट तक रैली निकाली जाएगी। कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर या उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## सीआर में अटका नायब तहसीलदारों का उच्च प्रभार

### एक साल से गोपनीय प्रतिवेदन की स्वीकृति की राह ताक रहे नायब तहसीलदार

भोपाल। प्रदेश में प्रमोशन पर प्रतिबंध के कारण पदोन्नतियों के लिए प्रदेश भर के अधिकारी-कर्मचारी सरकार पर दबाव बना रहे हैं। ऐसे में सरकार ने वरिष्ठता के आधार पर उच्च पदनाम का रास्ता निकाला गया है। कई विभागों में इसका पालन किया जा रहा है। लेकिन विडंबना यह है कि प्रदेश में करीब 200 से अधिक नायब तहसीलदार ऐसे हैं जो सीआर यानि गोपनीय प्रतिवेदन को स्वीकृति नहीं मिलने के कारण तहसीलदार नहीं बन पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में 244 नायब तहसीलदार हैं। जिन्हें उच्च पदनाम पाकर तहसीलदार का प्रभार प्राप्त करना है। इनका कहना है कि वर्ष 2022-23 के गोपनीय वार्षिक प्रतिवेदन को स्वीकृति नहीं मिल पाई है, जबकि 31 दिसंबर 2023 सीआर लिखने की अंतिम तिथि थी। सभी दस्तावेजों का परीक्षण करने के उपरांत समय-सीमा में यह प्रक्रिया कंपलीट होना थी। दरअसल, एक साल से इनकी सीआर यानि गोपनीय प्रतिवेदन को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। जबकि इनके द्वारा अनेकों बार विभाग को अवगत कराया गया है। पिछले वर्ष इन्होंने इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरी गई थी।

### एक साल से कर रहे प्रयास

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2016 से प्रमोशन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पदोन्नतियों के लिए प्रदेश भर के अधिकारी-कर्मचारी सरकार पर दबाव बना रहे थे। तब वरिष्ठता के आधार पर उच्च पदनाम का रास्ता निकाला गया है। विभागों में यह प्रक्रिया अंतिम चरणों में है। सरकार के भी आदेश हैं कि उच्च पदनाम की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। ताकि रिटायर्डमेंट के करीब लोकसेवकों को भी यह लाभ मिल सके। यही चिंता नायब तहसीलदारों को है कि समय से उन्हें यह लाभ मिलना चाहिए। पिछले वर्ष दिसंबर से ही नायब तहसीलदार गोपनीय प्रतिवेदन लिखवाने के लिए प्रयास करते रहे हैं। मौजूदा वर्ष की शुरूआत हुई। तब भी नायब तहसीलदार अपने स्तर से विभाग से संपर्क करते रहे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी तो प्रक्रिया में विलंब ही होता गया। अब इनका कहना है कि धीरे-धीरे पूरा एक साल निकल गया है।

### केवल मिल रहा है आश्वासन

नायब तहसीलदार आये दिन मंत्रालय में संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। मप्र राजस्व अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. धमेन्द्र सिंह चौहान का कहना है कि पिछले एक साल से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गोपनीय प्रतिवेदन स्वीकृत नहीं हो पाया है। इस कार्य में देरी से परेशानी बढ़ी है। हाल ही में मंत्री को भी पूरी समस्या से अवगत कराया गया है। प्रदेश में पद संरचना के अनुसार 606 पद तहसीलदारों के स्वीकृत हैं। इनमें 238 पद खाली पड़े हुए हैं। कारण है कि अधिकांश तहसीलदारों को उच्च पदनाम देकर डिप्टी कलेक्टर बना दिया गया है। करीब 35 तहसीलदार ही हैं, जो अभी तक डिप्टी कलेक्टर नहीं बन पाये हैं। अब स्थिति यह है कि जो मौजूदा तहसीलदार हैं। कलेक्टरों ने काम को गति देने के लिए इन पर अतिरिक्त काम का बोझ डाल दिया है। प्रदेश में एक-एक तहसीलदार को तीन से लेकर चार-चार तहसीलों की जवाबदारी सौंपी है। अधिकांश तहसीलों में नायब तहसीलदार प्रदेश में तहसीलदार का काम तो कर रहे हैं, लेकिन उनके पास इस पद का अधिकृत प्रभार नहीं है। अब नायब तहसीलदारों का कहना है कि उनकी संख्या 244 है, जो उच्च पद की पात्रता रखते हैं। अगर विभाग गोपनीय प्रतिवेदन लिखे दे तो 238 पद आसानी से भर सकते हैं।

## तेज स्पीड जीप ने ब्रिज पर बाइक सवार तीन दोस्तो को मारी टक्कर, तीनो की मौत

भोपाल। पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में नई मंडी के पास स्थित ब्रिज पर 80 फीट रोड पर तेज रफ्तार से आ रही जीप ने बाइक सवार तीन दोस्तों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दर्दनाक घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीनो दोस्त एक ही साथ कारपेंटरी का काम करते थे, और रविवार को छुट्टी होने के कारण एक साथ ही इज्तिमा स्थल पर जारी तैयारियो में श्रमदान करने गये थे, वहॉ से वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग गली नंबर-2 में रहने वाला 20 वर्षीय अलफैज पुत्र मोहम्मद वसीम, इसी कॉलोनी की गली नंबर 4 में रहने वाला समीर पुत्र हनीफ खॉन और मूल रूप से लटेरी जिला विदिशा का रहने वाला समीर पुत्र नज़ाकत (18) आपस में दोस्त थे। तीनों दोस्त माय किचन नाम की कंपनी में कारपेंटरी का काम करते थे, इन दिनो उनका साइट न्यू मार्केट में चल रही है। समीर का परिवार करोंद में रहता है। वहॉ से न्यू मार्केट साइट पर आना-जाना उसे काफी दूर पड़ता था, इस कारण वह बीते करीब चार महीन से वह दोनो दोस्तो के घर के करीब अहमद अली कॉलोनी में ही रह रहा था। रविवार को काम की छुट्टी होने के चलते तीनों दोस्त ईटखेड़ी में होने वाले इज्तिमा में श्रमदान करने के लिये गए थे। इन दिनो मॉ की तबीयत ठीक ने होने के समीर पिता नजाकत अली लौटते समय दोनो दोस्तो के साथ परिवार से मिलने करोंद चला गया। मां और भाई-बहनों से मिलने के बाद वह ऐशबाग के लिए तीनो दोस्त एक ही बाइक पर निकले थे। नई मंडी के पास स्थित ब्रिज के करीब 80 फीट रोड पर रात करीब 11 बजे ओवरटेक करते समय एक तेज रफ्तार जीप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घातक चोंटे आने से अलफैज ने मौके पर दम तोड़ दिया। मौके पर मौजूद लोगो की मदद से दोनों घायलो समीर को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां इलाज के दौरान थोड़ी देर के भीतर ही दोनों ने एक-एक कर दम तोड़ दिया।

# भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त हासिल की : बुमराह को मिला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड

पर्थ। भारतीय टीम ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को 295 रनों से हराकर पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम ने इस मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी सहित हर क्षेत्र में कंगारुओं को पीछे छोड़ दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने जीत के लिए 534 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए मेजबान टीम चौथ दिन अपनी दूसरी पारी में 238 रनों पर ही आउट हो गयी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा 89 रन ट्रेविस हेड ने बनाए। उनके अलावा मिचेल मार्श ने 47 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहे। भारत की ओर से बुमराह ने 3 और मोहम्मद सिराज ने भी 3 विकेट लिए जबकि वाशिंगटन सुंदर ने दो, हर्षित राणा और नीतिश रेड्डी ने एक-एक विकेट लिया। । इस मैच में भारतीय टीम की जीत में यशस्वी जायसवाल 161 और विराट कोहली 100 के अलावा केएल राहुल की 77 रन की अर्धशतकीय पारी की अहम भूमिका रही। इससे भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का विशाल लक्ष्य दिया। जिसके सामने मेजबान टीम ढ़ह गयी। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में ऋषभ पंत (37) और नितीश रेड्डी (41) की बदौलत 150 रन बनाए। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी अच्छी रही और जोश हेजलवुड ने 4 जबकि मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद जवाब में मेजबान टीम भी 104 पर सिमट गय। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 46 रन की बढ़त बनाई। भारत की ओर से बुमराह के 5 विकेट शामिल थे। दूसरी इनिंग में यशस्वी यशस्वी और विराट के शतकों के अलावा केएल राहुल की 77 रन की अर्धशतकीय पारी से भारतीय टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का विशाल लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में भारत ने मैच का रुख पूरी तरह से पलट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने में बेहतर वापसी की। तीसरे दिन के तीसरे सत्र में ही 12 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन की शुरुआत में ही मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को पंत के हाथ कैच आउट कराकर एक बड़ा झटका दिया। ख्वाजा ने इस पारी में 4 रनों का योगदान दिया।

इसके बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने एक साझेदारी बनाने की कोशिश की और दोनों ने टीम का स्कोर 79 तक पहुंचाया। लंच से पहले भारत को एक और बड़ी सफलता तक मिली जब सिराज ने स्मिथ को 17 रनों पर आउट कर दिया। स्टीव स्मिथ ने आउट होने से पहले 60 गेंदों का सामना किया और एक भी बाउंड्री नहीं लगाई। इसी बीच ट्रेविस हेड के तेज अर्धशतक के चलते ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तेजी से आगे बढ़ा लेकिन लंच तक उनकी आधी टीम केवल 104 रनों के स्कोर पर ही आउट हो चुकी थी।

लंच के बाद हेड ने अपनी पारी को गति के साथ आगे बढ़ाना जारी रखा और कुछ शानदार शॉट्स खेले। हेड को 89 रनों के निजी स्कोर पर बुमराह ने पेवेलियन भेज दिया। हेड ने 101 गेंदों पर 8 चौके लगाए। इसके बाद नीतिश रेड्डी ने मिशेल मार्श को 47 रनों की पारी का अंत कर दिया।

इसके बाद सिर्फ विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ही निचले क्रम पर भारतीय गेंदबाजी का प्रतिरोध कर सके, जबकि दूसरे छोर पर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। वाशिंगटन सुंदर ने मिशेल स्टार्क (12) और नाथन लियोन (0) के विकेट हासिल किए। वहीं, हर्षित राणा ने कैरी को बोल्ड करके विजयी विकेट हासिल किया। कैरी ने 58 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को तीन-तीन विकेट मिले। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह को मैच में कुल आठ विकेट लेने के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। बुमराह ने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। इस मैच से पदार्पण करने वाले नीतिश रेड्डी ने भी मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



## कबड्डी खिलाड़ी की गोलियां मारकर हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन में एक कबड्डी खिलाड़ी सुखविंदर सिंह की गोलियां मारकर हत्या का मामला सामने आया है। सुखविंदर एक कृषि से जुड़े सामान के स्टोर में बैठा था तभी उस पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। में मौजूद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक खिलाड़ी गैंगस्टर सतनाम सिंह सत्ता का चचेरा भाई बताया जाता है। सतनाम पर रंगदारी सहित कई अन्य आपराधिक मामले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि उसी के विरोधियों का हाथ इस वारदात के पीछे हो सकता है।

मृतक खिलाड़ी की अभी एक माह पहले ही शादी हुई थी, जिससे इलाके में दुख का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरु हो गयी है। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के इलाके में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों की जांच भी कर रही है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश भी होने की आशंका है।

## बुमराह को कप्तानी करते देखकर खुशी हुई - कपिल

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि गेंदबाजों को टीम की कप्तानी कम ही मिलती है। इसी कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जसप्रीत बुमराह को कप्तानी करते देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। कपिल ने कहा कि बुमराह ने अब तक काफी अच्छी तरह से कप्तानी की है। बुमराह ने पहली पारी में 30 रन देकर पांच विकेट लेकर भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 46 रन की अहम बढ़त भी दिलाई। बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 11वीं बार पांच विकेट लिए और दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी जगहों पर उन्होंने सातवीं बार यह उपलब्धि हासिल की।

## अत्यधिक शराब का सेवन करने से टुईयापार के 46 वर्षीय शख्स की हुई मौत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम टुईयापार निवासी की अत्यधिक शराब का सेवन करने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है. तिरोड़ी पुलिस से सोमवार की शाम 06 बजे मिली जानकारी अनुसार टुईयापार निवासी नंदकिशोर पिता रामसिंग परते उम्र 46 वर्ष का शव 24 नवंबर की सुबह 06 बजे ग्राम छतेरा में देखा गया था जिसकी मौत हो गई. शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अत्यधिक शराब का सेवन करने से मौत हुई है. गौरतलब हो कि गांव देहात में देसी-विदेशी और कच्ची शराब धड़ल्ले से बिकती है. पुलिस और आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई भी करता है मगर, बावजूद इसके अवैध शराब बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है.

## जयपाल के खातें में मृत बकरियों का दो दिन में मिला मुआवजा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लामता के खुरसोडा के जयपाल सिंह 19 नवंबर को आयोजित हुई जनसुनवाई में



कलेक्टर मृणाल मीना को अपनी लाचारी की व्यथा सुनाई थी। जयपाल ने कहा कि उन्हें पशु पालन विभाग की योजना से बकरी पालन के लिए 46474 रुपये के अनुदान पर 11 बुमारू बकरियां दी गई थी। जिसमें 7 बकरियां मर गई थी। न तो विभाग उचित कार्रवाई कर रहा है और न बीमा प्राप्त हुआ है। कलेक्टर श्री मीना ने जनसुनवाई में ही योजना और हितग्राही की समस्या के सम्बंध में जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि जयपाल की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। विभाग या बीमा कंपनी से कहिबको त्रुटि हुई है। गलती को दूर करें और बीमा की उचित राशि दिलवाए। इसके बाद विभाग ने त्वरित रूप से छानबीन करते हुए बीमा कम्पनी से एजेंट के द्वारा जयपाल के खातें में 42000 रुपये की राशि दो दिनों के भीतर प्रदाय की गई।

## भारतीय टीम एक बार फिर डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

मुम्बई। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में पहले ही टेस्ट में मिली बड़ी जीत के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिक में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं इससे पहले घरलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद टीम दूसरे नंबर पर खिक गयी थी। अब भारतीय टीम ने बुमराह की कप्तानी में एक बार फिर जबरदस्त वापसी की है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इसके बाद भी उसे 4 टीमों से टक्कर मिलना तया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट मैच से पहले भारत के अंक तालिका में 58.33 अंक थे। वह न्यूजीलैंड से 0-3 से हारने के बाद पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर फिसल गयी थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक के साथ ही पहले नंबर पर आ गया था पर अंक तालिका में भारतीय टीम नंबर एक पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे नंबर पर खिसका दिया है। भातरीय टीम के अब अंक तालिका में 61.11 अंक जबकि ऑस्ट्रेलिया के 57.69 अंक हो गये हैं।



भारत को हालांकि अब ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से भी खतरा है। इसका कारण ये है कि ऑस्ट्रेलिया की तरह इन तीनों ही टीमों को एक या दो घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस कारण उनके सीरीज जीतने की संभावना बनी रहेगी। अगर न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका या श्रीलंका अपनी सीरीज में क्लीन स्वीप करें तो वे भारत और ऑस्ट्रेलिया को पहले और दूसरे नंबर से धकेल सकते हैं।

भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने का आसान रास्ता तो यही है कि वह ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में हराए. इससे वह ऑस्ट्रेलिया से बेहतर स्थिति में बना रहेगा। जीत का यह अंतर 3-0, 3-1 या 4-1 रहे तो बहुत अच्छा. ।अगर जीत का अंतर 2-1 या 3-2 रहे या सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही तो भारत तीसरे नंबर पर खिसक सकता है। 2-2 से ड्रॉ होने पर भारत के डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में 55.26 अंक रहेंगे।भारत अगर दूसरी टीमों के प्रदर्शन के समीकरण में नहीं उलझना चाहता तो उसे ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीतनी होगी। अगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी बराबरी पर रही तो भारत तभी डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा, जब इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज ना जीतने दे। इसी तरह पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें दक्षिण अफ्रीका में एक-एक मैच जरूर जीते।. इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका में एक मैच जीते।

## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर मनाया जा रहा राष्ट्रीय युवा महोत्सव

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र बालाघाट के जिला युवा अधिकारी प्रांजल अग्रवाल एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री सी आर जंघेला ने बताया कि इस बार का युवा महोत्सव बेहद खास और अलग होगा। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम




पर आधारित चार स्टेज वाले इस कार्यक्रम में इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक शामिल हो सकते है। इस कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष तक के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र पर्यवेक्षक श्री जंघेला ने बताया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही साथ युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3 हजार युवाओं के साथ संवाद करेंगे। इनमें से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से माय भारत प्लेटफ़ॉर्म पर किया जाएगा।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में संपन्न हुई संकुल स्तरीय तृतीय त्रैमासिक निपुण बैठक

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारत की नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आधारभूत तथा प्रारंभिक स्तर की कक्षाओं के विद्यार्थियों की सीखने की जरूरतों को पूरा करने, बुनियादी शिक्षा के विकास और हर बच्चे की साक्षरता और संख्यात्मक कौशल विकास के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में सोमवार को संकुल स्तरीय तृतीय त्रैमासिक निपुण बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के अतिरिक्त पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलाजखंड, सिवनी, नरसिंहपुर, लखनादौन और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला के प्राचार्यगण, प्रधान अध्यापक और वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षकगण भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने स्वागत उद्बोधन के साथ-साथ निपुण बैठक के उद्देश्य और पिछली त्रैमासिक बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों के अनुपालन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस



दौरान विभिन्न विद्यालयों की ओर से अपने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये विद्यालय स्तर पर उठाए जा रहे विभिन्न कदमों को वीडियो और चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। आयोजन मे सम्मिलित सभी विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अपने अपने विद्यालयों मे इस क्षेत्र मे किये जा रहे प्रयासों और नवाचारों को मंच से साझा किया। विभिन्न विषयों पर केंद्रित एक-एक आदर्श पाठ शिक्षण प्रस्तुत किया जिसमे शिक्षकों ने आईसीटी और विभिन्न आकर्षक टीएलएम की सहायता से शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने पा जोर दिया एवं विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

## अथिया ने राहुल की तस्वीर शेयर कर कहा वह अभी हार नहीं मानता

मुंबई । बल्लेबाज केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी कर फार्म में आने के संकेत दिये हैं। राहुल की इस पारी को देखकर उनकी पत्नी अथिया शेट्टी उत्साहित हैं। अथिया ने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट शेयर कर पति की प्रशंसा की है।

अथिया ने पर्थ के क्रिकेट मैदान से राहुल की एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि वह जो कभी हार नहीं मानता, कभी पीछे नहीं हटता। राहुल ने 176 गेंदों पर 77 रनों की अच्छी पारी खेली, जिसमें उनकी पारी में पांच चौके शामिल थे। राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर शुरुआती टेस्ट में पहले विकेट के लिए 201 रनों की रिकॉर्ड-तोड़ साझेदारी बनायी।

## सोशल मीडिया पर छायी रहीं काव्या

जेद्दा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 मेगा नीलामी में पहले सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को 11.25 करोड़ रुपये में खरीदकर बेहद उत्साहित दिखीं। काव्या नीलामी मंच पर छायी रहीं और ईशान को खरीदने के बाद उनके चेहरे पर अलग ही चमक दिखायी दीं। काव्या का ये अंदाज भी सोशल मीडिया पर छाया रहा।



सनराइजर्स ने नीलामी में पहले दिन सात खिलाड़ियों को खरीदा। इनमें ईशान किशन, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, एडम जांपा और अथरव तायदे शामिल हैं। शमी को काव्या 10 करोड़ में जबकि हर्षल को 8 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी के पहले दिन कुल 72 खिलाड़ियों पर बोली लगी। इन खिलाड़ियों पर कुल 467.95 करोड़ रुपए की बोली लगाई गई। अब आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 132 स्लॉट खाली हैं।

आईपीएल ऑक्शन 2025 की शुरुआत अर्शदीप सिंह से हुई। कुछ दिन पहले अर्शदीप सिंह को रिलीज करने वाली पंजाब किंग्स ने उन्हें फिर से अपनी टीम में शामिल कर लिया। पंजाब ने अर्शदीप सिंह पर 18 करोड़ की बोली लगाई। वहीं पंजाब किंग्स ने ही श्रेयस अय्यर पर 26.75 करोड़ रुपए की बोली लगाई।

## विराट का भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान – कपिल

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि खेल में उन्होंने अहम योगदान दिया है इसलिए उन्हें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। कोहली ने करीब डेढ़ साल बाद पर्थ में शतक लगाकर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। ऑस्ट्रेलिया में कोहली ने अपना सातवां शतक लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के छह टेस्ट शतक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। कपिल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'जिन लोगों को



आलोचना करनी है वे करेंगे ही उसमें कोई कुछ नहीं कर सकता। कोई बड़ा खिलाड़ी अगर वापसी करने में काफी समय लेता है तो मीडिया आलोचना करती ही है। उन्होंने कहा, 'हमें उसकी क्षमता और प्रतिभा देखनी चाहिए। वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। उन्हें किसी को साबित करने की जरूरत नहीं है। उन्हें मुझे या मीडिया के सामने कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। इस इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'उसने क्रिकेट के लिए जो किया है वह अद्भुत है और इसके लिए सभी को उसका हौंसला बढ़ाना चाहिये।

## लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली लगाई

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए दो दिवसीय नीलामी हो रही है। इसमें खिलाड़ियों पर करोड़ों रुपये बरस रहे हैं। सभी टीम अच्छे से अच्छे खिलाड़ी को शामिल करने के प्रयास में लगी है। संयुक्त अरब अमीरात के जेद्दा में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में एक निया रिकार्ड बना है। इस बार लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली लगाई। लखनऊ ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पर 27 करोड़ रुपए की लगाई। इसके साथ ही ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सबसे महंगे खिलाड़ी का श्रेयस अय्यर का रिकॉर्ड तोड़ा। अय्यर पर इससे कुछ समय पहले ही 26.75 करोड़ रुपए की बोली लगी थी। आईपीएल मेगा नीलामी में 577 खिलाड़ी शामिल हैं। एक टीम अधिकतम 120 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है। इसमें रीटेन खिलाड़ियों को दी गई रकम भी शामिल है। खिलाड़ियों को रीटेन करने के बाद 10 फ्रेंचाइजी के पास अब कुल 641. 5 करोड़ का शेष है। इन फ्रेंचाइजी के पास कुल 204 स्लॉट खाली हैं। आईपीएल ऑक्शन में पहली बोली अर्शदीप सिंह पर लगी.। पंजाब किंग्स ने राइट टू मैच का कार्ड का इस्तेमाल किया और अर्शदीप सिंह को खरीदा। वहीं पिछली नीलामी में सबसे महंगे बिके मिशेल स्टार्का को इस बार आधी रकम ही मिली।

### सबसे महंगे खिलाड़ी

| क्रम | खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋषभ पंत | लखनऊ सुपरजायंट्स | 27 करोड़ |
| 2. | श्रेयस अय्यर | पंजाब किंग्स | 26.75 करोड़ |
| 3. | हेनरिक क्लासेन | सनराइजर्स हैदराबाद | 23 करोड़ |
| 4. | विराट कोहली | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | 21 करोड़ |
| 5. | निकलस पूरन | लखनऊ सुपरजायंट्स | 21 करोड़ |
| 6. | युजवेंद्र चहल | पंजाब किंग्स | 18 करोड़ |
| 7. | ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई सुपरकिंग्स | 18 करोड़ |
| 8. | रवींद्र जडेजाचेन्नई सुपरकिंग्स | | 18 करोड़ |
| 9. | पैट कमिंस | सनराइजर्स हैदराबाद | 18 करोड़ |
| 10. | संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स | | 18 करोड़ |
| 11. | यशस्वी जायसवाल | राजस्थान रॉयल्स | 18 करोड़ |
| 12. | राशिद खान | गुजरात टाइटंस | 18 करोड़ |
| 13. | जसप्रीत बुमराह | मुंबई इंडियंस | 18 करोड़ |
| 14. | अर्शदीप सिंह | पंजाब किंग्स | 18 करोड़ |
| 15. | शुभमन गिलगुजरात टाइटंस | | 16.50 करोड़ |
| 16. | अक्षर पटेल | दिल्ली कैपिटल्स | 16.50 करोड़ |
| 17. | सूर्यकुमार यादव | मुंबई इंडियंस | 16.35 करोड़ |
| 18. | हार्दिक पंड्या | मुंबई इंडियंस | 16.35 करोड़ |
| 19. | रोहित शर्मा | मुंबई इंडियंस | 16.30 करोड़ |
| 20. | अभिषेक शर्मा | सनराइजर्स हैदराबाद | 14 करोड़ |

# हम होंगे कामयाब पखवाड़े पर आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों ने जानी उनकी भूमिका

## उपार्जन केंद्रों के प्रबंधन के लिए एक्सरसाइज करने के कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश : सर्दी से पूर्व व सर्दी के दौरान रेन बसेरों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित होगी, एसडीएम करेंगे निरीक्षण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने आज से प्रारम्भ हुए हम होंगे कामयाब पखवाड़े की तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की भूमिका समझते हुए अमल में लाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने जिले में रेन बसेरों पर सर्दी से पूर्व व सर्दी के दौरान व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। सीएमओ और एसडीएम से कहा कि निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने को भी कहा है। वहीं 2 दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाले धान उपार्जन कार्यक्रम की तैयारियों के लिए, सम्बधित विभागों के साथ ही नियुक्त किये नोडल अधिकारी तथा राजस्व अधिकारियों से कहा कि अभी से ठोस रूपरेखा बनाकर एक्सरसाइज कर लें। कलेक्टर श्री मीना ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के साथ ही आयुष्मान कार्ड की प्रगति,धरती आबा अभियान,खाद व बीज की निगरानी आदि अहम बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, एडीएम जीएस धुर्वे, एसडीएम गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर केसी ठाकुर, राहुल नायक तथा अनुभाग का अमला अनुभाग से गूगल मीट के माध्यम से जुड़ा।

### जेंडर आधारित हिंसा पर मनोवैज्ञानिक रूप से जागरूकता लाने के लिए होंगे आयोजन

टीएल बैठक के दौरान हम होंगे कामयाब पखवाड़े के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में विभागों द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी कहा कि इस पखवाड़े में उनके विभाग के अलावा पुलिस, स्कूल शिक्षा,जिला विधिक साक्षरता तथा वन स्टॉप सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कलेक्टर श्री मीना ने श्रम व उद्योग एवं व्यापार विभाग को भी इसमें विभिन्न स्थलों पर



कार्यरत महिलाओं से जुड़कर जागरूकता के कार्यक्रम हो।

### कोई भी मुसाफिर या अन्य खुले में न सोए निकाय सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री मीना ने नगरीय निकायों और एसडीएम को निर्देश दिए है कि जिले में स्थापित रेन बसेरों की व्यवस्थाएं देखे और कमियों को दूर करें। सर्दी से पूर्व व सर्दी के दौरान सभी व्यवस्थाएं की जाए। जिन क्षेत्रों में अलाव की सुविधाएं की जाती है। वहां लकड़ियों आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। नगर में कही कोई मुसाफिर या अन्य व्यक्ति ठंड में बाहर न सोएं इस पर भी निकाय पूरा-पूरा ध्यान देंगी और व्यवस्थाएं करेंगी।

### उपार्जन केंद्रों पर प्रबंधन का कार्य समन्वय से करें

कलेक्टर श्री मीना ने धान उपार्जन को स्थूली रूप से सम्पादित कराने के लिए सम्बधित विभागों को कड़े निर्देश दिए है। उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही पीएम-एसएपी पोर्टल पर फोटो अपलोड करने के साथ ही केंद्रों पर समय पर स्टेगिंग कराने के लिए समितियों को निर्देश दिए है। ऐसे केंद्र जहां 3 से अधिक केंद्र कैप स्तर पर है। वहां सक्रियता से प्रबंधन करने को कहा है। केंद्रों पर प्रबंधन नही होने से किसान परेशान होंगे और समय और भुगतान नही हो सकेगा। इसलिए केंद्र के प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी और समिति तथा समिति जिम्मेदार होगी।

### 3 से अधिक केंद्रों पर फोकस हो जाये

धान उपार्जन के सम्बन्ध में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि लांजी के पालडोंगरी में 5, किरनापुर के बारा में 7, कटंगी के नन्देसरा में 4 व चिकमारा में 5, परसवाड़ा के डोंगरिया में 5 वारासिवनी के मोवाड़ी में 4 व भंडारा में 4 केंद्र बने है। राजस्व अधिकारी इन केंद्रों को प्राथमिकता से निरीक्षण कर यहां की प्लानिंग बना लें। कलेक्टर श्री मीना ने 3 या इससे अधिक केंद्रों को फोकस करते हुए प्लानिंग करने को कहा है।

### खाद बीज की ऑनलाइन और ऑफलाइन निगरानी आवश्यक

कलेक्टर श्री मीना ने कृषि उपसंचालक श्री राजेश खोब्रागढ़े से कहा कि किसानों को खाद के मामलें में किसी तरह की समस्या न हो। साथ ही नकली खाद व बीज को लेकर चिंता न करना पड़े ऐसा सिस्टम विकसित करें। जिले में कही भी नकली खाद विक्रय परिवहन की स्थिति निर्मित न हो। इस कार्य को प्राथमिकता से ध्यान दे। वही फील्ड में दुकानों और केंद्रों पर ऑनलाइन व ऑफलाइन स्टॉक की सतत निगरानी करें। निये उर्वरकों के सेम्पल लेने में देरी न करें। बार-बार स्टॉक जाँचे। सेम्पलिंग जांच कराए और अमानक पाये जाने पर किसी तरह की कोताही न बरतें।

### मृतकों के मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से जाँचे, हितग्राहियों को लाभ देना आवश्यक

टीएल बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की समीक्षा की गई। नगरीय निकायों द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड बनाने के सम्बंध में कहा अधिकांश हितग्राही पलायन पर है साथ ही मृतक भी है। इस मामले में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जो पलायन पर है उनके नम्बर और लिस्टिंग बनाये। साथ ही जो मृतक है उनके मृत्यु प्रमाण पत्र जाँचे। इस सम्बंध में सत्यापन आवश्यक है। उन्हें योजना का लाभ देना जरूरी है इसलिए सत्यापन करना भी आवश्यक है। इसके अलावा नगरीय निकायों के सीएमओ को पलायन के कारणों सहित हस्ताक्षरयुक्त सूची प्रस्तुत करना होगी।

### धरती आबा अभियान के प्रस्ताव और सर्वे का अब भी अवसर

टीएल बैठक में धरती आबा अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने सम्बधित विभागों को पुख्ता रूप से सर्वे कार्य पूर्ण कर शेष प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए है। खासकर शिक्षा विभाग से जुड़े विभाग इस कार्य को तन्मयता से करने के निर्देश दिए है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की नई पीढ़ी पढ़ेगी कविताएं कहानियां और करेंगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। अब बैहर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की नई युवा पीढियां कविताएं, कहानियां और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इसकी शुरुआत शीघ्र ही बैहर के सोनगुडा और पाथरी पंचायतों से की जाएगी। ये अनोखी पहल बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता द्वारा प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने इस सम्बंध में बताया कि क्षेत्र में काफी युवा है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है। लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई सुविधा नहीं है। इसके लिए ऐसी परीक्षाएं की तैयारी के लिए पटवारी, पुलिस और स्टॉप नर्स आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्राथमिकता से पुस्तके पंचायत के माध्यम से दी जाएगी। ये पुस्तकें विद्यार्थियों को तो मिलेगी ही अगर कोई बच्चा कविताएं या कहानियां पढ़ना सुनना चाहता है तो वो भी उपलब्ध कराई जाएगी।



### मलाजखंड वाचनालय के लिए कलेक्टर और डीएफओ ने पुस्तके की दान

नप मलाजखंड में लायब्रेरी स्थापित करने की पहल की जा चुकी है। इसके लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना और वनमंडलाधिकारी श्री अभिनव पल्लव ने 5-5 पुस्तकें दान की है। दोनों अधिकारियों ने गोदान,स्वामी विवेकानंद,अग्नि की उड़ान मेरा भारत अमर भारत और दिव्या जैसी पुस्तके एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता को सौंपी। साथ ही उन्होंने ऐसे व्यक्तियों से अपील की है जिनके पास प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के हिसाब से पुस्तकें है। ज्ञात हो कि एसडीएम ने पुस्तकें दान करने के लिए प्रमाण पत्र देने के आदेश भी जारी किए है।

# बूढ़ी के प्राचीन हनुमान मंदिर में शिवलिंग की हुई स्थापना



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के वार्ड न.11 बूढी बालाघाट में स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर में 25 नवम्बर सोमवार को महादेव पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की गई। इस पार्थिव शिवलिंग की स्थापना के पूर्व 24 नवम्बर को शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा व भगवान शिव पार्वती की शोभायात्रा निकाली गई। जिसका समापन प्राचीन हनुमान मंदिर में रात को नगर भ्रमण के बाद हुआ। 24 नवम्बर को रात्रि तक अभिषेक किया गया। वही महादेव पार्थिव नर्मदेश्वर शिवलिंग का आज 25 नवम्बर सोमवार को खादयान सामग्री, फूल, पानी, फलों से महा मंत्रोचारण कर विधि-विधान से शाम 5 बजे पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की गई। जिसके पश्चात महायज्ञ किया गया। वही शाम को महाआरती के पश्चात विशाल महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगरवासियों ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण कर पूण्यलाभ अर्जित किया।

# संविधान अंगीकृत के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारत देश के संविधान को अपनाए आज 75 वर्ष पूर्ण हो चुके है। जिसका जश्न आज पूरा देश हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान टैगलाइन के साथ मनाएगा। शासन द्वारा संविधान दिवस के अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानो, स्वशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों आदि स्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन कराने के निर्देश जारी कर दिए गए है। इसी के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय ने जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयो को निर्देशित किया है कि वे संविधान के संबंध में समाजिक जागरूकता की दृष्टि से चर्चा, वार्ता, सेमिनार, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, सेल्फी पॉइंट, मानव श्रृंखला का निर्माण, रैंप गीत, पोस्टर मेकिंग, क्राफ्ट प्रतियोगिताये आदि आयोजित करवाना सुनिश्चित करे।

# राज्य मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत आयोजित हुआ सेमीनार



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। राज्य मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत सेमीनार सह कार्यशाला का आयोजन रविवार को प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीस कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग बॉटनिकल गार्डन रोड़ गर्रा में किया गया। जिसमें किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग बालाघाट, प्रजापिता ब्राम्हाकुमारीस ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं सहयोग संस्था, राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन, रूचि बायोकेमिकल जैविक ऑर्गेनिक फार्म द्वारा ब्रम्हाकुमारी नेचर फार्मिगं को प्रमोट करने एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये किसानों को आध्यात्मिक, यौगिक खेती करने एवं मिलेट्स (श्रीअन्न) फसलों के उत्पादन बढाने के उद्देश्य से सेमीनार आयोजित किया गया। इस दौरान श्री राजू भाई द्वारा किसानों को मिलेटस् फसलों के महत्व के विषय पर अधिक लाभ के साथ-साथ मिलेट्स के गुणों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया गया कि माण्टआबू (राजस्थान) में आश्रम की जमीन में कम पानी वाला क्षेत्र होने के कारण मिलेट्स फसले ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी एवं रागी की फसल लगाया जाता है, तथा आश्रम में सभी के लिये नित्य एक बार मिलेट्स के पकवान बनाया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि मिलेट्स फसल कम वर्षा वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह से उगायी जाती है। इस फसल को शुष्क जलवायु और पानी, उर्वरकों और कीटनाशकों की न्यूनतम आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी माधुरी बहन, केशर बिसेन जिला पंचायत सदस्य, रमेश रंगलानी पूर्व नपा परिषद अध्यक्ष, राजेश कुमार खोबरागडे उप संचालक कृषि, डॉ. एनके बिसेन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. उत्तम बिसेन सहायक प्राध्यापक, महेन्द्र ठाकुर रूचि बायोकेमिकल जैविक ऑर्गेनिक फार्म, ब्रम्हाकुमारीज कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी के कार्यकर्ता भाई, दीदी तथा कृषि विभाग अधिकारी/कर्मचारी एवं विकासखण्डों से आये कृषकों की उपस्थित रहें।

### कम लागत में अधिक लाभ अर्जित कराती है प्राकृतिक खेती

कार्यक्रम के दौरान श्री राजु भाई ने किसान को प्राकृतिक खेती पद्धति को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया। क्यूंकि इस पद्धति से मिलेट्स फसलों को लगाने से कम लागत में अधिक उपज के साथ आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 2024-25 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के रूप में श्रीअन्न के बेहतर विपणन के लिये श्रीअन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादक संगठनों का महासंघ गठित कर इस वर्ष एफपीओ. के माध्यम से कोदो एवं कुटकी फसल का क्रय किया जाएगा। इसके लिये किसानों को इस वर्ष 20/- रूपये प्रति किलो की दर से कोदो और 30/- रूपये प्रति किलो की दर से कुटकी का भुगतान संबंधित एफ.पी.ओ. द्वारा किया जाएगा। राज्य शासन ऐसे किसानों को 10/- रूपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान करेगी।

### वरिष्ठ वैज्ञानिक के प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाने के मत

कार्यक्रम के दौरान में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.एल. राउत एवं प्रमुख ने प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाकर किसानों को मिलेटस के उपयोग को समझाते हुये बताया कि मिलेट्स में ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है तथा यह मधुमेह की रोकथाम से भी जुड़ा होता है। यह आयरन, जिंक तथा कैल्शियम जैसे खनिजों का उपयुक्त स्रोत है। ग्लूटेन मुक्त होता है और सीलिएक रोग के रोगियों द्वारा इसका सेवन भी किया जा सकता है। श्री अन्न (मिलेट्स) वजन घटाने, बीएमआई और उच्च रक्तचाप में सहायक है। किसान भाई इसके उत्पादन से अधिक लाभ कमा सकते है तथा इसकी गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन महत्व व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा मिलेट्स फसलों की प्रदर्शनी के माध्यम से प्राकृतिक खेती पर प्रदर्शनी लगाई गई। रूचि बायोकेमिकल जैविक ऑर्गेनिक फार्म ऑर्गेनिक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं एफ.पी.ओ. द्वारा चिन्नौर चांवल की प्रदर्शनी लगाई गई।

# पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर से लौटने पर, छात्र निरंजन बिसेन का सम्मान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पी.एम. एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के छात्र निरंजन बिसेन, पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर से लौटने पर सोमवार को महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. आर. चंदेलकर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश अगासे (बालक इकाई) एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू रहांगडाले (बालिका इकाई) की उपस्थिति में उनका स्वागत किया गया।आपको बताए कि निरंजन बिसेन का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर 2024 के लिए हुआ था, जो 10 से 19 नवंबर 2024 तक बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना, बिहार में आयोजित किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों को सशस्त्र बल के जवानों द्वारा ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, 6 राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने अपनी-अपनी राज्य की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की। इस शिविर में निरंजन बिसेन ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और अपने प्रदर्शन से महाविद्यालय और राज्य का गौरव बढ़ाया।जिनके महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा निरंजन बिसेन को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए, उनका सम्मान किया गया।




# हजरत सैय्यद बदीउद्दीन जिंदा शाह मदार का 608 वा सालाना उर्स आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत सैय्यद बदीउद्दीन जिंदा शाह मदार(रजि अल्लाहू अन्हू) का सालाना उर्स हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसकी शुरुवात 24 नवंबर से हो चुकी है। हर साल बाबा के सालाना उर्स मुबारक के मौके पर पूरे देश में उनके अकीदतमंदो द्वारा जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों केआयोजन किए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर में हजरत सैय्यद बदीउद्दीन जिंदा शाह मदार के 608 वे सालाना उर्स मुबारक पर उनके अकीदतमंदो द्वारा लंगर ए आम का आयोजन किया गया है।जहां जश्ने मदार उल आलामीन के इस उर्स मुबारक के मौके पर नगर के बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में 26 नवंबर मंगलवार शाम 6 बजे लंगर तकसीम किया जाएगा। जिसकी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। जहां आयोजन समिति पदाधिकारियो द्वारा उर्स मुबारक के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की दरखास्त जिले वासियों से की गई है।




# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा प्रारम्भ

## भटेरा हाई स्कूल की बालिकाओं के साथ किया गया संवाद



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए हम होंगे कामयाब पखवाड़ा प्रारम्भ कर दिया गया है। नोडल अधिकारी कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत हम होंगे कामयाब पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कार्यक्रम परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र चौकसे के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा संवाद की लाइव स्ट्रीमिंग परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शासकीय भटेरा हाई स्कूल की बालिकाओं को प्रदर्शित की गई। साथ ही 10 दिसंबर तक होने वाली गतिविधियों की चर्चा भी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती सरला भोर, ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रीमती अनिता नगपुरे उपस्थित रही।

# सड़क, बिजली और नेटवर्क की समस्या को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डाबरी के सरपंच व कुछ ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने बताया की उनकी ग्राम पंचायत में नेटवर्क, सड़क और बिजली की बहुत असुविधा है जिस कारण से ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नेटवर्क नहीं होने से वह स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, इसलिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि ग्राम पंचायत में नेटवर्क सुविधा के साथ-साथ सड़कों का निर्माण किया जाए। आपको बता दे की जिले के कई क्षेत्र में आज भी आवागमन, बिजली, पेयजल एवं संचार सुविधा सहित अनेक समस्याएं बनी हुई है। खासकर वनांचल क्षेत्रों में विकास नहीं हो पाया है। आजादी के बाद भी वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे है। आजादी के अनेक वर्ष बाद भी लोगों में यह उम्मीद जगी कि अब मूलभूत सुविधाएं मिलने लगेगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। कई जगहों में कार्य चल रहे है तो कई जगहों में योजना का क्रियान्वयन सिर्फ फाइलों में ही हो रहा है। जिसे नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं का अभी भी इंतेजार ही करना पड़ रहा है ताजा मामला ग्राम पंचायत डाबरी का हैं बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डाबरी के सरपंच और कुछ ग्रामीणों द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचकर 25 नवंबर को पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने बताया कि बीते तीन महीने से ग्राम में नेटवर्क से संबंधित समस्या बनी हुई है जिस कारण से आज भी ग्राम में ना ही ग्राम पंचायत के काम हो पा रहे हैं और ना ही स्वास्थ्य अंतर्गत एंबुलेंस आदि की वह सुविधा नहीं ले पा रहे हैं इस कारण से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि ग्राम पहुंच सड़क भी काफी खस्ता हाल है एवं ग्राम में बिजली भी कभी-कभी लंबे समय तक गुल रहती है इसलिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ग्राम में नेटवर्क सुविधा को दुरुस्त करने हेतु एक ज्ञापन दिया है और मांग की है कि ग्राम में जल्द से जल्द सड़क बिजली और नेटवर्क की सुविधा दी जाए एवं मोबाइल टावर लगवाएं जाए ताकि ग्रामीणों को नेटवर्क सुविधा से निजात मिल सके।



### नेटवर्क नहीं होने की वजह से पंचायत में नहीं हो पा रहे हैं काम - चुन्नीलाल उइके

डाबरी ग्राम पंचायत के सरपंच चुन्नीलाल उइके द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत डाबरी में बहुत अधिक दूरसंचार की समस्या है नेटवर्क नहीं होने की वजह से किसी भी विभाग के कार्य ग्राम पंचायत में नहीं हो पा रहे हैं, ना ही महिला एवं बाल विकास संबंधित आंगनबाड़ी के कार्य, पुलिस थाना, राजस्व एवं अन्य जितने भी संचार से संबंधित कार्य हैं वह आज भी ग्राम में नहीं हो पा रहे हैं इसलिए ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ग्राम में सड़के काफी अधिक खस्ताहाल हो चुकी है एवं गांव में यदि किसी की तबीयत बिगड़ जाए या ग्राम में एंबुलेंस आदि को बुलवाना है तो उन्हें कई किलोमीटर जाकर या फिर किसी उचें स्थान पर चढ़कर फोन लगाना पड़ता है तब ही एंबुलेंस आदि इमरजेंसी सेवाओं को वह बुला पाते हैं इसलिए वह चाहते हैं कि प्रशासन इस विषय पर संज्ञान ले और ग्राम में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# शासकीय महाविद्यालय लामता में हुआ जिला स्तरीय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

लामता (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय महाविद्यालय लामता में आज दिनांक 25/11/2024 को जिला स्तरीय पुरुष खो खो प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा जी ,क्रीड़ा प्रभारी डॉ दिलेश्वरी टेंभरे, डॉ चंद्रशेखर कट रे, श्रीमती चित्रमाला भीमते, क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश यादव की उपस्थिति में सरस्वती जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर मैदान की पूजा के उपरांत सभी टीमों से परिचय लेते हुए खेल प्रारंभ हुआ,जिसमें बालाघाट जिले के विभिन्न महाविद्यालय में कटंगी बेहर, परसवाड़ा,पीजी कॉलेज बालाघाट ,लालबर्रा, मलाजखंड एवं लामता महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया,जिसमें भैया महाविद्यालय विजेता एवं लामता महाविद्यालय उपविजेता हुई,इस अवसर पर डॉ.ऋषिकेश पटले, अधीर घोड़ीस्वर, नवीन कोरट ,डॉक्टर वीणा मिश्रा ,संजय मिश्रा डॉ विवेक खरगाल,उपस्थित थे, अनिल भगड़कर,मंच संचालन विजेंद्र तरुण एवं डॉ ढालसिंह गौतम द्वारा किया गया टेबल जज राहुल पटले ,राज देशमुख द्वारा किया गया, इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉक्टर महेश सर, डॉक्टर अशोक, श्रीमती राजेश्वरी , सुश्री नेहा ,डॉ निधि ,डॉ विभूति मेम,श्रीमती तुलसी मेम,डॉ कृष्णा सिंह,डॉ यवेन्द्र सर, यशवंत ,डॉ राजेश नाथ, डॉ वंदना, निरंजन, भैरो ,डॉ अर्चना ,डॉ राजीव , झामियां जी, एवं समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग सराहनीय रहा।



# 29 को विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सावंगी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष श्री मां गंगा माई मेला दिनांक 26 से 30 नवम्बर तक चंदन नदी के तट पर गंगा माई घाट में लगेगा. जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे. इसी श्रृंखला में दिनांक 29 नवंबर को विराट हास्य कवि सम्मेलन रात्रि 8 बजे से शुरू होगा. जिसमें देश के लोकप्रिय कवि काव्य पाठ करेंगे. सुप्रसिद्ध हास्य कवि दिनेश देहाती तिरोड़ी के संयोजन और मंच संचालन में अंतु झक्कास वारासिवनी हास्य कवि, माधुरी किरण बालाघाट गीत गज़ल, इशारा बुंदेली सावनेर, हास्य कवि, कुशल जैन बालाघाट ओजस्वी कवि, गोविन्द गावठी समतपुरी हास्य व्यंग कवि, गजेन्द्र मधुकर बिरसोला, हास्य कवि, रवि नावानी गोंदिया हास्य कवि काव्य पाठ करेंगे. मेला समिति ने क्षेत्रीय जनता को इस गीत गज़ल हास्य व्यंग के शानदार कार्यक्रम में आनंद लेने की अपील की है।

# प्रदेश की 23000 पंचायत का काम हुआ ठप

## 03 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सचिव, रोजगार सहायकों ने शुरू की हड़ताल

### प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाया दबाव देकर अनावश्यक कार्य कराने का आरोप, जनपद पंचायत के सामने दिया धरना ,नगर में निकाली रैली सौपा ज्ञापन , मांग पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों पर दबाव बनाकर समय बेसमय कार्य कराया जा रहा है। वही अन्य विभागों के अनावश्यक कार्य कराने के चलते सचिव व रोजगार सहायको को शारिरिक व मानसिक परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। जहा भारी दवाब में आकर सचिवों व रोजगार सहायकों की हार्टअटैक आकर मौत हो रही है। ऐसा आरोप लगाते हुए सम्पूर्ण मप्र के पंचायत सचिव और रोजगार सहायको ने 03 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। जहा ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायको के 03 दिवसीय सामुहिक अवकाश पर चले जाने और उनके द्वारा शुरू की गई इस सामूहिक हड़ताल से केवल बालाघाट जिला ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश की 23000 पंचायतो का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। जिसका एक नजारा सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय के सामने भी देखने को मिला। जहां 03 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर समय बे समय काम करने ,रात्रि 8 से 10 बजे बैठक बुलाने, दबाव बनाकर जनगणना, आयुष्मान कार्ड,और राजस्व महा अभियान सहित अन्य विभागों का कार्य करने, अवकाश के दिन भी कार्य लेने और दबाव बनाकर अन्य कार्य भी कराने का आरोप लगाते हुए हड़ताल शुरू कर दी। जहां हड़ताल पर गए इन कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तो वही एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर नगर में रैली निकालकर, रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने अवकाश के दिन उनसे कार्य न लिए जाने समय बे समय बैठक ना बुलाने और दबाव बनाकर अन्य विभागों के कार्य उनसे ना लिए जाने सहित चुनाव के पूर्व महापंचायत बुलाकर सचिव व रोजगार सहायकों को दिए गए आश्वासन को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।जहां उन्होंने इन 03 दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर आगामी समय में संपूर्ण मध्य प्रदेश के पंचायत सचिव व रोजगार सहायको के साथ मिलकर सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन किए जाने की भी चेतावनी दी है।

#### दवाब देकर काम करा रहे अधिकारी- अनिल त्रिवेदी

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत रोजगार सहायक संगठन जिला अध्यक्ष अनिल त्रिवेदी ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी दबाव देकर अनावश्यक काम करा रहे हैं।पंचायत के साथ-साथ हमसे अन्य विभागों का काम भी लिया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन कटवाने के लिए अनावश्यक दबाव दिया जा रहा है दबाव के चलते कई सचिव रोजगार सहायक सदमे में है जो आत्महत्या करने के लिए मजबूर है। इसीलिए रोजगार सहायक और सचिव दोनों संगठनों ने मिलकर तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर आज धरना प्रदर्शन किया है वही अपनी लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया है ।

#### तो संपूर्ण प्रदेश में पंचायतो का कार्य बंद कर किया जाएगा आंदोलन- राजपूत

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि बालाघाट के किरनापुर में हमारे साथी घनश्याम बिसेन का हार्ट अटैक से निधन हो गया। इसके अलावा प्रदेश में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसका पता लगाने पर यह बात सामने आई की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सचिवों और रोजगार सहायकों पर अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य कराया जा रहा है उसी को लेकर आज पूरे प्रदेश में सचिवों और रोजगार सहायकों द्वारा सामूहिक रूप से तीन दिवसीय अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों पर अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य कराया जा रहा है यदि कोई सीएम हेल्पलाइन में फर्जी शिकायत भी कर देता है तो उसे संतुष्टि पूर्वक बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन फर्जी शिकायत करने वाले जब शिकायत वापस नहीं लेते तो हमारे साथियों पर इसका दबाव बनाया जाता है इसके अलावा पंचायत सचिव व रोजगार सहायकों से अवकाश के दिन भी काम लिया जा रहा है। रात्रि 8 से 10 बजे के बीच बैठक बुलाई जा रही है इसके अलावा दबाव पूर्वक जनगणना, आयुष्मान कार्ड, राजस्व महाअभियान जैसे दूसरे विभागों के कार्य भी कराए जा रहे हैं। इसके पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा महापंचायत बुलाकर पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों के लिए कुछ घोषणाएं की गई थी, उसपर अमल नहीं किया जा रहा है वह आदेश लागू नहीं किए गए हैं।इधर दबाव में काम करने के चलते हमारे साथियों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है और वे काल के गाल में समा रहे हैं ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। इसीलिए 03 दिनों का सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। यदि जल्द से जल्द मांग पूरी नहीं की जाती तो संपूर्ण प्रदेश में पंचायत का कार्य बंद कर आंदोलन किया जाएगा।

# पिकअप पलटने से 12 लोग घायल 3 गंभीर

## मनरेगा से 100 दिन रोजगार की गारंटी फिर भी पलायन कर रहे मजदूर

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी से महज 06 किमी. दूर बड़पानी से देवनारा अंतरराज्जीय ग्रामीण सड़क मार्ग पर करीब 40 मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन के पलटने से 12 मजदूरों के घायल होने की जानकारी सामने आई है. जिनमें 03 को महाराष्ट्र की तुमसर तालुका के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. तीनों को अधिक चोट लगने की बात कहीं जा रही है. हादसे के वक्त पिकअप वाहन में बैठी एक प्रत्यक्षदर्शी युवती ने बताया कि वाहन में पठार अंचल के करीब 40 मजदूर सवार थे. सड़क हादसा रविवार की देर शाम करीब 07 बजे के आस-पास उस वक्त हुआ जब सभी मजदूर महाराष्ट्र के जाम क्रांदी से मजदूरी कर अपने घरों की तरफ वापस लौट रहे थे. हालांकि सोमवार की शाम 04 बजे तक महकेपार चौकी में सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी. चौकी प्रभारी सुरेन्द्र उइके से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 12 मजदूरों के घायल होने की जानकारी मिली है लेकिन किसी भी मजदूर के नाम की साफतौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। हादसा पिक-अप वाहन एमएच 40 वाई 7972 के पलटने से हुआ है. प्रत्यक्षदर्शी युवती ने यह भी बताया कि पिकअप वाहन के सामने अचानक से एक बाइक के आने से हादसा हुआ. गौरतलब हो कि इस सड़क हादसे ने मनरेगा योजना की उस गारंटी की भी पोल खोलकर रख दी. जिसमें 100 दिन के रोजगार का दावा किया जाता है. दरअसल, सड़क हादसे के बाद भी सोमवार को बड़ी संख्या में पठार अंचल के दिहाड़ी मजदूरों को महाराष्ट्र की ओर रोजगार के लिए वाहनों से जाते हुए देखा गया. वाहनों में क्षमता से अधिक मजदूर सवार थे. जिन वाहनों से मजदूरों को महाराष्ट्र के महानगरों की तरफ ले जाया जा रहा था वह तमाम वाहन अनफिट दिखाई दे रहे थे लेकिन ग्रामीण अंचलों से धड़ल्ले से सवारियों को महाराष्ट्र की तरफ ढोने पर भी इसके खिलाफ संबंधित विभाग कोई कार्रवाई करता हुआ नजर नहीं आ रहा है। मनरेगा की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक कटंगी जनपद की सभी 81 ग्राम पंचायतों में 31815 जॉब कार्ड धारी है. प्रति कार्ड पर अगर 02 व्यक्तियों को भी मजदूर मान लिया जाए तो करीब 60 हजार से अधिक लोग मजदूरों की श्रेणी में आते है. मगर, इतनी बड़ी मजदूर संख्या को ग्राम पंचायतों में साल भर काम नहीं मिल पाता. जिस कारण अधिकांश लोग रोजगार की तलाश में पलायन करते है. पलायन करने वाले मजदूर भी दो श्रेणियों में बंटे हुए है. जिनमें एक श्रेणी उन मजदूरों की है जो वर्ष में केवल 02 से 03 बार ही अपने घर लौटते है और सहपरिवार मजदूरी के लिए महानगरों की तरफ जाते है. दूसरी श्रेणी में वह मजदूर है जो प्रतिदिन दिहाड़ी मजदूरी के लिए महाराष्ट्र के नगरों में जाते है. इनमें सर्वाधिक संख्या पठार अंचल के मजदूरों की शामिल है. मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद वट्टी ने बताया कि मनरेगा के तहत गांवों में मजदूरों को काम मिलता है. मजदूर पंचायत में आवेदन कर काम की मांग कर सकते है अगर पंचायत काम देने में असमर्थ है तो योजना के अनुसार आवेदक को बेरोजगारी भत्ता दिया जाना है. उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अकुशल श्रमिकों को काम मिल रहा है. मनरेगा में कार्य की कोई कमी नहीं है. अभी 28 हजार से अधिक जॉब कार्ड सक्रिय है जिसमें 52 हजार श्रमिक है. उन्होंने कहा कि खेती का कार्य होने की वजह से अभी मेड़ बंधान और खेत तालाब के कार्य नहीं होने से श्रमिकों को उतनी अधिक संख्या में कार्य नहीं मिल पा रहा था लेकिन अन्य कार्यों में मजदूरों को कार्य मिल रहा है।



#### इनका कहना है

पिकअप वाहन के पलटने से 12 मजदूरों के घायल होने की जानकारी पता चली है. अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

**सुरेन्द्र उइके**
**चौकी प्रभारी महकेपार**

# एक युवक को पत्नी से जल्दी खाना बनाने कहना महंगा पड़ा

## गुसाईं पत्नी ने पति पर फेंकी गरम पसिया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एक युवक को अपनी पत्नी से जल्दी खाना बनाने कहना उस समय महंगा पड़ गया जब गुस्साई पत्नी ने उसके ऊपर गरम पसिया फेक दी। गरम पसिया से इस युवक का चेहरा और सिना झुलस गया। यह घटना बरसा थाने के ग्राम मरारी टोला की है। बिरसा पुलिस ने युवक शिवशंकर पिता छबिलाल मरावी 24 वर्ष मरारी टोला निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसकी पत्नी मोनिका पति शिव शंकर मेरावी 22 वर्ष के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव शंकर मरावी ऑटो रिपेयर की दुकान में मजदूरी करता है। डेढ़ वर्ष पहले शिव शंकर मेरावी और मोनिका स्वामी ने लव मैरिज की थी। जिनकी एक 10 माह की बेटी है। दोनों पति-पत्नी परिवार से अलग रहते हैं। शुक्रवार को सुबह 9ः00 बजे मोनिका मेरावी घर में चूल्हे में चावल बना रही थी। गंजी में चम्मच चला रही थी। तभी शिव शंकर मेरावी ने उसे बोला कि अभी तक खाना नहीं बनाई और थोड़ा सा धक्का दे दिया और धक्का देने से चम्मच सहित गरम पसिया मोनिका के पैर के ऊपर गिर गया था। जिससे वह थोड़ी सी जल गई थी। तभी मोनिका ने गुस्से में आकर गरम चावल की गंजी उठाकर अपने पति शिव शंकर मेरावी के ऊपर फेंक दी। चावल की गरम पसिया शिव शंकर मेरावी के चेहरा और सिने कंधे में गिरने से फफोले आ गए।। शिव शंकर मेरावी के चिल्लाने पर उसकी मां उर्मिला और पिता छबिलाल और बहन आरती दौड़े ।शिव शंकर को उसकी मां उर्मिला ने बिरसा अस्पताल ले जाकर भर्ती की थी। पति के ऊपर गरम पसिया फेंकने के बाद मोनिका मेरावी गांव में ही अपने मायके में चली गई। शिव शंकर मेरावी ने इस घटना की रिपोर्ट दूसरे दिन पुलिस थाना बिरसा में की थी। बिरसा पुलिस ने शिव शंकर मेरावी द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसकी पत्नी मोनिका मरावी के विरुद्ध धारा 118(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक अभिषेक तोमर द्वारा की जा रही है।

# कार में अचानक भड़की आग से एक बालक झुलसा

## नगर के वार्ड नंबर 3 ताजनगर की घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के वार्ड नंबर 3 ताज नगर में खड़ी कार में अचानक आग भड़क गई। जिससे कार के अंदर बैठा एक बालक झुलस गया। आग से झुलसे से बालक अरहान पिता वाहिद अली 14 वर्ष वार्ड नंबर 3 ताज नगर गद्दा मोहल्ला बालाघाट निवासी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां से उसे बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवंबर की शाम 6.30 बजे बालाघाट नगर के वार्ड नंबर 3 ताज नगर गद्दा मोहल्ला में एक सेंट्रो कार खड़ी थी और कार का बोनट खड़ा करके कार की वायरिंग की रिपेयरिंग की जा रही थी। इस दौरान बालक अरहान कार के अंदर बैठा हुआ था और अन्य बच्चे भी वहीं आसपास खेल रहे थे। तभी अचानक कार में आग भड़क गई और देखते-देखते आग ने कार को चपेट में ले लिया। इस दौरान कार के अंदर





बैठा बालक अरहान निकल नहीं पाया। जब उसे कार से बाहर निकले तब तक बालक अरहान हाथ पैर सिना सहित अन्य अंग आग से झुलस गए जिसे तुरंत ही मोटर साइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल में भीड़ लग गई और भारी गहमागहमी का वातावरण निर्मित हो चुका था।बालक अरहान को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। कार में भड़की आग को स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया वही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची तब कार जल चुकी थी। कार में सार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु कोतवाली भिजवा दी है ।

# चंद्र जोत का फल खाने से सगे भाई बहन सहित तीन बच्चे बीमार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मुरझड़ में चंद्रजोत के पेड़ का नशीला फल खाने से सगे दो भाई बहन सहित तीन बच्चे बीमार हो गए। तीनों बच्चे जिनमे आराध्या पिता राजेश लिल्हारे 7 वर्ष,शिवम पिता भदरू लिल्हारे 6 वर्ष,उसकी बहन और सानवी पिता भदरू लिल्हारे 4 वर्ष है जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को दोपहर में तीनों बच्चे अपने गांव के पंचायत के पास खेल रहे थे और खेलते खेलते इन बच्चों ने चन्द्रजोत के पेड़ का नशीला फल फोड़ कर खा लिए। इसके बाद तीनों बच्चे अपने घर पहुंचे और उल्टी करने लगे। जिसके बाद तीनों बच्चों को उनके परिवार वालों ने तुरंत जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से ससुर दामाद घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले समनापुर रोड छोटी कुम्हारी के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से मोटरसाइकिल में सवार ससुर दामांद घायल हो गए। दोनों घायल वैधराम पिता बेनीराम रोकड़े 54 वर्ष ग्राम छोटी कुम्हारी बालाघाट और उसका दामाद संदीप पिता लालचंद पोरगड़े 28 वर्ष ग्राम मदनपुर थाना वारासिवनी निवासी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप पोरगड़े ईट मिस्त्री का काम करता है। 24 नवंबर को संदीप मोटरसाइकिल में अपने ससुराल छोटी कुम्हारी अपने ससुराल आया था। 25 नवंबर को शाम 5.30 बजे संदीप अपने ससुर बैधराम के साथ मोटरसाइकिल में किसी काम से बालाघाट आ रहे थे। बालाघाट आते समय अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और दोनों ससुर दामाद मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट